सुप्रभात
रांची, मंगलवार
10.01.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net पौष, कृष्ण पक्ष, तृतीया, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 178



12 टखने की चोट के बाद कोर्ट में वापसी करेंगी सिंधू

## पारण परेड में बोले सीएम : आपके कंधों पर अमन-चैन शांति का भार

# राज्य को बेहतर बनाने की सभी व्यवस्था देंगे : हेमंत

**आइआरबी-9 के पारण परेड**

- प्रशिक्षु जवानों के आकर्षक मार्च पास्ट की ली सलामी
- सरकार के अभिन्न अंग जवान, अहम जिम्मेदारी निभानी है
- प्रशिक्षण से आत्मबल बढ़ेगा, चुनौतियों से सफलतापूर्वक निपटेंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य को बेहतर दिशा देने के लिए बेहतर व्यवस्था देनी होगी। हमारा प्रयास व्यवस्था को सुदृढ़ करना है, जिससे आपके कर्त्तव्य पथ पर आपको व्यवस्था से किसी प्रकार की परेशानी न हो। उक्त बातें सीएम हेमंत सोरेन ने सोमवार को दोविंदपुर धनबाद के जैप-3 परेड ग्राउंड, आईआरबी-9 के पारण परेड समारोह में कही। इस मौके पर सभी प्रशिक्षु जवान जोश, उमंग, उत्साह और ऊर्जा से लबरेज थे। सीएम ने आकर्षक मार्च पास्ट का निरीक्षण किया और सलामी ली। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित जवानों के कंधे पर राज्य की विधि व्यवस्था को ठीक करने और महिला-उत्पीड़न को समाप्त करने की बड़ी जिम्मेवारी है। आप इसमें इस प्रशिक्षण से सफल रहेंगे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने शहीद स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर अमर जवानों को नमन किया और सरना स्थल में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### शांति और सौहार्द का माहौल कायम रखना है

मुख्यमंत्री ने कहा कि विधि व्यवस्था और अपराध तथा उग्रवाद नियंत्रण के क्षेत्र में आपको अहम जिम्मेदारी निभानी है। ऐसे में आप अपने कर्तव्यों को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएं, ताकि राज्य में अमन -चैन, शांति और सौहार्द का माहौल बना रहे। जिन -जिन प्रशिक्षण केंद्रों में मुझे जाने का मौका मिला है, वहां आधारभूत संरचना और मूलभूत सुविधाएं नहीं होने की जानकारी मिली। ऐसे में सरकार ने इसे पूरी गंभीरता के साथ संज्ञान में लिया है। अगले 2 वर्षों के अंदर सभी पुलिस प्रशिक्षण केंद्रों का व्यापक जीर्णोद्धार किया जाएगा, ताकि बेहतर माहौल में बेहतर तरीके से प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन हो सके।

### सीएम ने कहा कई चुनौतियां आयेंगी, आप सफल बनें

सीएम ने कहा कि आपने प्रशिक्षण में जो हासिल किया है, कर्त्तव्य जीवन में प्रवेश करने के उपरांत उससे अलग और हटकर भी कई चुनौतियां आपके सामने आयेंगी। विशेषकर आप जिस क्षेत्र से जुड़ने जा रहे हैं, वहां चुनौतियों के साथ काफी जोखिम भी है। ऐसे में इन चुनौतियों और जोखिमों से निपटने में आपका बुद्धि विवेक और प्रशिक्षण काफी मायने रखेगा। मुझे उम्मीद है कि आप तमाम चुनौतियों और जोखिमों से सफलतापूर्वक निपटने में कामयाब रहेंगे।

### प्रशिक्षण से आपका आत्मबल बढ़ेगा

सीएम ने कहा कि आपने बुनियादी प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त कर आप कर्त्तव्य पथ पर चलने को तैयार हैं। सरकार के अभिन्न अंग के रूप में आपको अहम जिम्मेदारी निभानी है। ऐसे में आपने जो प्रशिक्षण प्राप्त किया है, वह आपके आत्म बल और जिम्मेदारियों तथा कार्यों के प्रति जवाबदेह बनाते हुए आने वाले समय में चुनौतियों से निपटने में आपको सक्षम बनायेगी।

### सीएम ने किया सम्मानित

सीएम ने कहा कि पुलिस बल के साथ अन्य क्षेत्रों में भी में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। इसे हम महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत पहल के रूप में देखते हैं और यह राज्य और देश के लिए सुखद संदेश है। झारखंड सशस्त्र पुलिस- 3 (जैप) प्रशिक्षण केंद्र में इंडिया रिजर्व बटालियन-9 (आईआरबी), गिरिडीह के 512 आरक्षियों ने 215 दिनों का बुनियादी प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त किया है। इनमें 182 महिला आरक्षी शामिल हैं। सीएम ने समारोह में श्रेष्ठ प्रशिक्षक के रूप में हवलदार प्रणेन्द्र कुमार सिंह, बेस्ट कैडेट (महिला) प्रतिमा सिंह और बेस्ट कैडेट (पुरुष) रामकुमार बेदिया को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। समारोह में कई विधायक, डीजीपी समेत तमाम बड़े अधिकारी मौजूद थे।

# झारखंड में शून्य पहुंचा न्यूनतम तापमान

## जमने लगी बर्फ की चादर, 15 के बाद कुछ राहत संभव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में शीतलहर के प्रकोप के बीच सोमवार को रांची के कांके के साथ-साथ मैक्लुसकीगंज में पारा जीरो डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। इसके कारण सूखे घास पर पड़ रही ओस की बूंदे जमने लगीं। फिलहाल 15 तक राहत की कोई उम्मीद नहीं है। 2019 के बाद 9 जनवरी सोमवार को कांके (बीएयू) में जीरो डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ था। बीएयू के मौसम विभाग के ऑब्जर्वेटरी में यह डाटा रिकॉर्ड हुआ है। डाटा कंपाइल करने वाले बीएयू के ऑब्जर्वर अभय कुमार ने कहा कि 9 जनवरी को सुबह 6 बजकर 49 मिनट पर पारा जीरो डिग्री रिकॉर्ड हुआ। जबकि अधिकतम तापमान 17.5 डिग्री सेल्सियस था। उन्होंने कहा कि सुबह के वक्त ऑब्जर्वेटरी के आसपास मौजूद सूखे घास पर जमे ओस सफेद हो गये थे।

**10 जिले जहां ठंड का प्रकोप जारी रहा**

| जिला | अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|---|
| कांके | 17.5 | 00.0 डिग्री |
| रांची | 27.0 | 09.0 |
| जमशेदपुर | 29.1 | 10.0 |
| डालटनगंज | 26.2 | 5.6 |
| बोकारो | 23.1 | 7.2 |
| चाईबासा | 28.4 | 8.2 |
| देवघर | 22.6 | 7.9 |
| गिरिडीह | 23.6 | 6.8 |
| खूंटी | 26.8 | 4.7 |
| रामगढ़ | 23.9 | 6.4 |
| सिमडेगा | 25.2 | 5.4 |

### मौसम पूर्वानुमान

रांची मौसम केंद्र के मुताबिक रांची में अगले 13 जनवरी तक न्यूनतम तापमान 9 डिग्री से 13 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। सबसे राहत की बात है कि एक तरफ उत्तर भारत में दिन भर धुंध और कोहरे की वजह से अधिकतम और न्यूनतम तापमान के बीच का अंतर कम हो जाता है, इसकी वजह से बहुत ज्यादा ठंड महसूस होती है। लेकिन झारखंड के ज्यादातर इलाकों में सुबह होते ही खिली-खिली धूप निकल आती है। इसकी वजह से न्यूनतम और अधिकतम तापमान का अंतर बढ़ जाता है।



### पांच दिन बढ़ेगा न्यूनतम तापमान

मौसम विज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 15 जनवरी तक न्यूनतम तापमान में ओर भी गिरावट आयेगी। 15 जनवरी के बाद न्यूनतम तापमान में बढ़ोत्तरी होगी। इसके बाद ही राज्यवासियों को ठंड से राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों तक राजधानी में न्यूनतम तापमान में बढ़ोत्तरी होगी। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस रहेगा। जबकि बुधवार को न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रहेगा। इसके बाद गुरुवार को न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वरीय विज्ञानी अभिषेक आनंद के अनुसार 12 तक सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में आसमान साफ रहेगा और मौसम शुष्क बना रहेगा।

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा, धर्मांतरण बड़ा गंभीर मुद्दा, राजनीतिक रंग न दें

- सख्ती से रोकने की याचिका पर लिया स्वतः संज्ञान, एजी से मांगी मदद

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने धर्मांतरण को गंभीर मुद्दा बताते हुए सोमवार को कहा कि इसे राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए। न्यायालय ने छलपूर्ण धर्मांतरण को रोकने के लिए केंद्र और राज्यों को कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश देने का आग्रह करने वाली याचिका पर अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी की मदद मांगी। न्यायमूर्ति एमआर शाह और न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार की पीठ ने वेंकटरमणी से उस मामले में पेश होने के लिए कहा, जिसमें याचिकाकर्ता ने भय, धमकी, उपहार और मौद्रिक लाभ के जरिये धोखाधड़ी के माध्यम से कराये जाने वाले धर्मांतरण पर रोक लगाने का आग्रह किया है। मामले में अगली सुनवाई सात फरवरी को होगी। (शेष 11 पर)

### गोमिया में चंगाई सभा में बवाल, लोभ दे कर धर्मांतरण कराने का लगा आरोप



फाइल फोटो

**बेरमो।** गोमिया प्रखंड के देवीपुर गांव के खेलायचंडी मैदान में चंगाई सभा में बवाल मच गया। रविवार को चंगाई सभा में लोगों को बताया जा रहा था कि इसमें आने से बीमारियां ठीक हो जायेंगी। उसी दौरान विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता पहुंचे और हंगामा कर दिया। उनका कहना था कि मिशनरियां ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर मतांतरण का प्रयास कर रही हैं। इस षड्यंत्र का पुरजोर विरोध किया जायेगा। सूचना पाकर सशस्त्र पुलिस बल के साथ गोमिया थाना प्रभारी राजेश रंजन पहुंचे। किसी प्रकार लोगों को समझाकर शांत किया। ऐसे कार्यक्रम नहीं कराने का निर्देश दिया। दोनों संगठनों का कहना था कि धार्मिक आयोजन की आड़ में बीमारी ठीक करने का झांसा दिया जाता है, ताकि यहां पहुंचे लोग मतांतरण कर लें। उनको लोभ लालच भी दिया जाता है। उनका आरोप है कि मिशनरियों की ओर से शहरी व ग्रामीण इलाकों में हिंदुओं के घर-घर जाकर भी प्रलोभन देकर बहलाया-फुसलाया जा रहा है। उन सबको अपने घर में भी चंगाई सभा कराने के लिए प्रेरित किया जाता है।

### ढुल्लू ने किया सरेंडर, गये जेल



**धनबाद।** वारंटी राजेश गुप्ता को पुलिस हिरासत से जबरन छुड़ा ले जाने के मामले के नामजद आरोपित बाघमारा से भाजपा विधायक ढुलू महतो ने सोमवार को धनबाद न्यायालय में सरेंडर कर दिया। झारखंड हाई कोर्ट ने ढुल्लू महतो की रिवीजन याचिका पर सुनवाई करते हुए उन्हें एक माह के भीतर सरेंडर करने का आदेश दिया था। इसके बाद धनबाद के अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अभिषेक श्रीवास्तव की अदालत ने विधायक को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। धनबाद के अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी शिखा अग्रवाल की अदालत ने नौ अक्टूबर 2019 को विधायक ढुल्लू महतो समेत कांड के नामजद पांच आरोपितों को वारंटी राजेश गुप्ता को पुलिस हिरासत से छुड़ा ले जाने, सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के आरोप में डेढ़ डेढ वर्ष की साधारण कारावास एवं नौ हजार रूपए जुमार्ना देने का आदेश दिया था।

# जोशी मठ आपदा संभावित क्षेत्र घोषित

## निर्माण कार्य पर बैन, 90 परिवार राहत केंद्रों में शिफ्ट

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** उत्तराखंड के जोशीमठ को आपदा संभावित क्षेत्र घोषित कर दिया गया है। इसके साथ ही जोशीमठ और आसपास के इलाकों में निर्माण गतिविधियों पर रोक लगा दी गयी है। वहीं प्रशासन भी लोगों को राहत सामग्री बांटने में जुटा हुआ है और लोगों को सुरक्षित ठिकाने पर भी पहुंचाया जा रहा है। रविवार-सोमवार को भी 60 से अधिक घरों-मकानों में दरार पड़ गयी है। जोशीमठ में एनडीआरएफ की एक और



एसडीआरएफ की चार टीमें मौजूद हैं। इसके साथ ही सीमा प्रबंधन सचिव, एनडीएमए के सदस्य सोमवार को उत्तराखंड पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। वहीं इस मुद्दे पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई होनेवाली है। चमोली के डीएम हिमांशु खुराना ने बताया कि जोशीमठ को आपदा संभावित क्षेत्र घोषित कर दिया गया है। जल शक्ति मंत्रालय की एक टीम सहित केंद्र सरकार की दो टीमें यहां पहुंच गयी हैं। जोशीमठ और आसपास के इलाकों में निर्माण गतिविधियों पर रोक लगा दी गयी है। प्रभावित लोगों को राहत शिविरों में रखा जा रहा है। उनके बीच सूखा राशन के किट बांटे जा रहे हैं। (शेष 11 पर)

## केंद्र ने टीवी चैनलों को जारी की एडवाइजरी

**एजेंसी**

### बिना एडिटिंग हिंसक वीडियो दिखाने पर चिंता, लगायी फटकार

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सोमवार को सभी टेलीविजन चैनलों को फटकार लगाते हुए उनके लिए एडवाइजरी जारी की। मंत्रालय ने कहा कि देखने में आता है कि ज्यादातर मामलों में वीडियो सोशल मीडिया से लिये जा रहे हैं। हिंसक वीडिओ को भी संपादकीय और संशोधनों (एडिटिंग) के बिना ही प्रसारित किये जा रहे हैं। मंत्रालय ने महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के खिलाफ हिंसा सहित दुर्घटनाओं, मौतों और हिंसा की ऐसी घटनाओं की रिपोर्टिंग के खिलाफ एक एडवाइजरी जारी की है, जो प्रसारण के तौर-तरीकों से समझौता करते हैं। मंत्रालय ने कहा है कि टेलीविजन चैनलों ने लोगों के शवों और चारों ओर खून के छींटे, घायल व्यक्तियों के चित्र/वीडियो दिखा रहे हैं। इसके साथ ही महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित लोगों को बेरहमी से पीटते हुए वीडियो भी दिखाये, जिसमें पीड़ित रो रहे हैं, बच्चे को पीटा जा रहा है।

मंत्रालय ने कहा कि ऐसे वीडियो और छवियों पर सावधानी बरतने की जगह इनको लंबे शॉट्स के रूप में दिखाया गया और भयानक बना दिया गया। घटनाओं की रिपोर्टिंग का तरीका दर्शकों के लिए बेहद परेशान करने वाला है। एडवाइजरी में विभिन्न श्रोताओं पर इस तरह की रिपोर्टिंग के प्रभाव पर प्रकाश डाला है।

# भूख से मरने के कगार पर पाकिस्तान, चीन भी नहीं दे रहा भीख

## आइएमएफ ने भी मुंह मोड़ा, सऊदी अरब से नहीं मिल रही मदद

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** कैश संकट का सामना करते पाकिस्तान को जल्द से जल्द मदद चाहिए। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ जहां चीनी समकक्ष ली केकियांग से मदद की मांग कर रहे हैं तो वहीं आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर इस समय सऊदी अरब में रक्षा मंत्री से मुलाकात करने में बिजी हैं। मगर राजकोषीय अनुशासनहीनता में पाकिस्तान का रेकॉर्ड और देश अस्थिर राजनीति की वजह से हर कोई हाथ खींचने में लगा है। देश की सरकारें विदेशी मदद हासिल करने में पूरी तरह से असफल



साबित हुई हैं। दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष की तरफ से भी पाकिस्तान को निराशा हाथ लगी है। इससे उसकी मुश्किलें और बढ़ती जा रही हैं। उसे कोई भी मदद मिलती नजर नहीं आ रही है। आने वाले दिनों में क्या होगा कोई नहीं जानता। आने वाले कुछ दिन पाकिस्तान के लिए काफी नाजुक होने वाले हैं। (शेष 11 पर)

### ट्रैक रेकॉर्ड से नाखुश आइएमएफ

सबसे बड़ी मुसीबत है पाकिस्तान का ट्रैक रेकॉर्ड और आईएमएफ इससे खुश नहीं है। आईएमएफ की तरफ से कर्ज की नयी किश्तों को रोक दिया गया है। संगठन की मानें तो देश अपने उन वादों को पूरा नहीं कर सका है जो कर्ज लेने के लिए उसकी तरफ से किये गये थे। संगठन को पाकिस्तान से ऊर्जा की बढ़ती कीमतों से लेकर नए टैक्स और एक्सचेंज रेट पर नियंत्रण का वादा चाहिए था। लेकिन पाकिस्तान इसमें नाकाम रहा है।

### आटा-गेहूं पहुंच से बाहर

पाकिस्तान में महंगाई कमर तोड़ रही है। महंगाई दर 24 .5 फीसदी पर पहुंच गयी है। शहरों में प्याज की कीमत में 415 फीसदी और गांवों में 464 फीसदी तक इजाफा हुआ है। चाय की कीमत पिछले एक साल की तुलना में 64 फीसदी तक पहुंच गई है। गेहूं अब आम लोगों की पहुंच से बाहर हो गया है। एक साल में जहां गेहूं की कीमत में 57 फीसदी की बढ़त हुई है तो वहीं आटा 41 फीसदी तक महंगा हो चुका है। देश के पास सिर्फ तीन हफ्तों के निर्यात पर पेमेंट का पैसा बचा है।

# विदेशी धरती पर प्रवासी भारत के ब्रांड एंबेसडर : पीएम मोदी

**एजेंसी**

**प्रवासी भारतीय सम्मेलन**

**इंदौर।** पीएम मोदी ने प्रवासी भारतीयों को विदेशी धरती पर भारत का 'ब्रांड एंबेसडर' बताया। कहा कि देश की यात्रा में उनका महत्वपूर्ण स्थान है, क्योंकि यह अगले 25 सालों के 'अमृत काल' में प्रवेश करता है। मोदी सोमवार को यहां 17वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन (पीबीडी) सम्मेलन के उद्घाटन में प्रवासी भारतीयों को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले प्रदेश के मुखिया शिवराज ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 'आजादी के अमृतकाल' में राज्य में अमृत बरस रहा है। समारोह में गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली, सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी, एमपी के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, सीएम शिवराज सिंह चौहान, विदेश मंत्री एस जयशंकर समेत कई अन्य गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीय उपस्थित थे। सम्मेलन का समापन समारोह मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। पीएम ने कहा, प्रदेश में मां नर्मदा का जल, यहां के जंगल, आदिवासी परंपरा, यहां का आध्यात्म, ऐसा कितना कुछ है जो यात्रा को अविस्मरणीय बनाएगा। उन्होंने सम्मेलन में आये प्रवासी भारतीयों से इंदौर से सटे उज्जैन स्थित श्री महाकाल लोक और भगवान महाकालेश्वर के दर्शन का भी अनुरोध किया।

## न्यूज डायरी

### श्रीलंका वनडे सीरीज में नहीं खेलेंगे बुमराह

**मुंबई।** शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार से शुरू होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला में नहीं खेलेंगे। बीसीसीआइ ने इसकी पुष्टि की। सचिव शाह ने कहा कि बुमराह को गेंदबाजी करने के लिये तैयार होने के वास्ते कुछ और समय की जरूरत है। यह निर्णय एहतियात के तौर पर लिया गया है।

### नक्सलियों का बम प्लानर लालू गिरफ्तार

**चतरा।** पुलिस ने दुर्दांत नक्सली लालू यादव को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी गिरफ्तारी से भाकपा माओवादियों को तगड़ा झटका लगा है। लालू यादव माओवादियों का बम प्लानर था, जो 8 सालों से फरार था। यह कार्रवाई चतरा एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गयी।

### सैन्यकर्मी ने अपने ही किरायेदार को मारी गोली

**रांची।** रांची के हवाई अड्डा थाना क्षेत्र के खोखमा टोली में सेना के जवान ने अपने ही किरायेदार को रविवार देर रात गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। किरायेदार हरिलाल यादव (बबलू) काम की वजह से अक्सर देर रात घर लौटता था। इस बात को लेकर उसकी अपने मकान मालिक के साथ अक्सर बहस हो जाती थी। बबलू को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### ट्रक चालक को मारी गोली, हालत गंभीर

**रांची।** रांची के तुपुदाना ओपी क्षेत्र स्थित रिंग रोड पर लूटपाट के दौरान बाइक सवार अपराधियों ने एक ट्रक चालक को गोली मार दी। घटना सोमवार अहले सुबह की है। गंभीर हालत में ट्रक चालक रिम्स में भर्ती कराया गया है। ट्रक चालक की पहचान राजस्थान निवासी राजू सिंह के रूप में हुई है। वह राजस्थान से एक कंटेनर में माल लोड कर तुपुदाना के इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक फैक्टरी रांची आया था। वह तुपुदाना ओपी क्षेत्र के रिंग रोड के पास एक ढाबे में खाना खाने के बाद सोया हुआ था। राजू के साथ दो लोग साथ थे। इसी दौरान बाइक सवार तीन अपराधी सड़क के किनारे खड़े कंटेनर के पास पहुंचे। अपराधी हथियार के बल पर राजू सिंह के साथ लूटपाट करने लगे। लूटपाट का विरोध करने पर एक अपराधी ने राजू के ऊपर गोली चला दी।

### कोयला खदान के पास 4 फीट तक धंसी सड़क

**धनबाद।** इसीएल मुगमा क्षेत्र की कापासारा आउटसोर्सिंग परियोजना के निकट रविवार की दोपहर करीब दो बजे बंगाल-बिहार धौड़ा जाने वाली सड़क तेज आवाज के साथ चार फीट नीचे जमीन में धंस गयी। इसके साथ ही लगभग 30 मीटर की दायरे में जमीन में दरारें पड़ गयी। इसकी जद में बंद पड़ी फैक्ट्री की दीवार और लगभग 8 मिट्टी के घर क्षतिग्रस्त हो गये। सूचना पाकर सुरक्षाकर्मी पहुंचे और रास्ते से होकर आने जाने वाले लोगों पर रोक लगा दी।

### सवारी गाड़ी पलटने से एक छात्रा की मौत

**गिरिडीह ।** धनवार थाना क्षेत्र के बुधवाडीह में सोमवार को सवारी गाड़ी पलटने से छह वर्षीय छात्रा रिया कुमारी की मौत मौके पर हो गयी। छात्रा के पिता रवि रजक समेत परिजन घटनास्थल पहुंचे। जानकारी के अनुशार टाटा मैजिक गाड़ी से छात्रा रिया कुमारी किसी काम को लेकर अपने गांव से स्कूल जा रही थी। इसी दौरान अचनाक वाहन गया। इस हादसे में मौके पर ही रिया की मौत हो गयी।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 52,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

19 मंत्रालयों के 42 अधिनियमों में सुधार के लिए सुझाव देगी संसदीय समिति

# ब्रिटिश जमाने में बने कानूनों में बदलाव लाने की हो रही तैयारी

**अधिनियमों में संशोधन के लिए बनी संयुक्त समिति की बैठक नई दिल्ली में संपन्न**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्र सरकार के 19 मंत्रालयों के 42 अधिनियमों में संशोधन के लिए बनी संयुक्त संसदीय समिति की बैठक नई दिल्ली में सोमवार को को हुई। इसमें अनावश्यक कानूनों, प्रक्रियाओं को हटाने या उसके सरलीकरण, गौण अपराधों का गैर अपराधीकरण करने, विभिन्न नियमों के अनुपालन का बोझ कम करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि ऐसे अधिनियम जिससे आम जनता को बेवजह परेशानी होती है, उसे समाप्त करने के लिए या उसमें सुधार करने के लिए इस समिति का गठन किया गया है। अब तक देश में नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद ऐसे अनुपालन में कमी की स्थिति का भी एक अध्ययन किया गया है। इसमें केंद्र सरकार ने 4685 अनुपालनों को चिन्हित किया है, जिससे जनता को समस्या होती है। इनमें 2765 अनुपालनों को कम कर दिया गया है, जबकि 648 अनुपालन को समीक्षा के अधीन रखा गया है। यह भी निर्णय लिया गया है कि 1282 अनुपालन जिस स्थिति में है, वैसे ही रखे जाएंगे। कुल मिलाकर अनावश्यक 7% प्रावधानों को समाप्त किया गया है। इसके साथ ही गैर अपराधीकरण की श्रेणी में 9% अनुपालनों को रखा गया है। 49% अनुपालनों का डिजिटलीकरण कर लिया गया है और 35% अनुपालन को सरल किया गया है। कुल 19387 अनुपालन का डिजिटलीकरण हुआ है। वहीं 13775 रनों का सरलीकरण किया गया है।

बैठक में रांची सांसद संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद ही कहा है कि देश की जनता अनावश्यक कानूनों के बोझ तले नहीं दबे, निश्चिंत होकर अपने रोजमर्रा की जिंदगी में काम कर सके, कानून जनता के लिए बोझ नहीं बने, इस सोच के साथ अब भारत आगे बढ़ेगा। आजादी के 75 वर्षों के बाद भी कई ऐसे ब्रिटिश जमाने के कानून हैं, जिस के बोझ तले जनता दबी हुई है। इसका सरलीकरण अब आवश्यक है। सांसद संजय सेठ ने पर्यावरण, मोटर वाहन, आईटी एक्ट, किसान कल्याण से संबंधित कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। श्री सेठ ने बताया कि यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि कोई ग्रामीण गलती से वन क्षेत्र में अपने मवेशी चराने चला जाता है और इसके लिए उसे 6 माह तक कारावास की सजा भुगतनी पड़ती है। इसके अलावा ट्रेनों में भीख मांगने जैसे मामले में भी 1 वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। बिना भुगतान के डाक से सामान भेजने के लिए भी 2 वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। यह सब ऐसे कानून हैं, जिससे आम जनता बहुत बुरी तरह प्रभावित होती है। निश्चित रूप से ऐसे कानूनों में सुधार की जरूरत है। ऐसे कई कानूनों को समाप्त करने की जरूरत है। अंग्रेजों ने अपनी शासन व्यवस्था चलाने के लिए भारतीयों पर कानून का बोझ डालने के लिए जानबूझकर ऐसे कई नियम बनाए, जिसे अब समाप्त करने या उसमें सुधार जरूरी है।

वर्ष 2022-23 में अबतक 9 करोड़ मानव दिवस का हुआ सृजन

# मनरेगा में तीन वर्ष में महिला श्रमिकों की भागीदारी बढ़ी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मनरेगा में विगत तीन वर्ष में महिला श्रमिकों की संख्या के बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसका सबसे अधिक लाभ एकल, परित्यक्त एवं निराश्रित महिलाओं को प्राप्त हो रहा है। वर्ष 2019-2020 में महिला श्रमिकों का प्रतिशत 41.31 था, जबकि 2020-21 में 42.56, 2021-22 में 45.58 एवं 2022-23 में अबतक 47.1 महिलाओं को प्रतिदिन कार्य का आवंटन किया गया है।

**अबतक 9 करोड़ मानव दिवस का सृजन** : ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मनरेगा के तहत वित्त वर्ष 2022-23 में अब तक 9 करोड़ मानव दिवस का सृजन किया जा चुका है। वहीं 2019-20 में यह संख्या 7 करोड़ थी। वहीं संक्रमण काल में राज्य सरकार ने गांव के लोगों की आजीविका सुरक्षित रखने के लिए वर्ष 2020-21 में 1150 और वर्ष 2021-22 में 1105 लाख मानव दिवस सृजन किया ताकि, लोगों का जीवन और जीविका दोनों सुरक्षित रह सके।

**कार्य पूर्ण करने में भी बढ़त :** झारखंड मनरेगा के जरिये न सिर्फ, मानव दिवस में इजाफा हुआ है बल्कि, विगत तीन वर्ष में निर्माण कार्य को पूर्ण करने में भी बढ़त दर्ज की गई है। 2019-20 में 3,53,275 कार्य पूरे हुए थे जबकि, 2020-21 में 4,96,723, 2021-22 में 5,38,759 एवं 2022-23 में अबतक 5,27,368 निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

> मनरेगा में जीवन और जीविका दोनों को ध्यान में रखकर कार्य किया जा रहा है। सीएम के निर्देश पर ग्रामीणों के अनुरूप कार्य का सृजन हो रहा है। महिलाओं की भागीदारी भी बढ़ी है। सरकार का प्रयास है कि अधिक मानव दिवस का सृजन है।
>
> **राजेश्वरी बी, मनरेगा आयुक्त।**

झामुमो विधायक ने शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो को लिखा पत्र

# पहली से 7वीं तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षा की तिथि में बदलाव करे शिक्षा विभाग : मोहंती

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती ने शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने राज्य के सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2022- 23 में कक्षा एक से सात तक होने वाली अर्द्धवार्षिक परीक्षा की तिथि बदलने की मांग की है। झारखंड शिक्षा परियोजना ने 16 से 18 जनवरी तक अर्द्धवार्षिक परीक्षा लेने का फैसला किया है. विधायक ने परीक्षा तिथि में बदलाव के पीछे मकर संक्रांति (टुसू पर्व) को आधार बनाया है।

**टुसू पर्व से हर झारखंडी का भावनात्मक लगाव**

पत्र में समीर मोहंती ने लिखा कि पूरे झारखंड प्रदेश के मुख्य त्योहारों में से एक मकर संक्रांति (टुसू पर्व) से हर झारखंडी का भावनात्मक लगाव है। कहने को तो पर्व 14 या 15 जनवरी को है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में यह पर्व पूरे हफ्ते मनाया जाता है। झारखंडी भाषा में अगर कहें तो 16 जनवरी को आईखान यात्रा कहा जाता है, जो इस पर्व का एक महत्वपूर्ण दिन है। इसे ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। विधायक ने लिखा कि 16 तारीख को अवकाश की घोषणा करने के स्थान पर परीक्षा की तिथि तय कर देना झारखंडी संस्कृति को ठेस पहुंचाना है। शिक्षा मंत्री से झामुमो विधायक ने कहा है कि झारखंडी संस्कृति को देखते हुए 16 जनवरी की निर्धारित परीक्षा की तिथि में तत्काल परिवर्तन करने की दिशा में विभाग को निर्देश दें।

अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ को वित्त मंत्री का आश्वासन

# शिक्षकों के वेतन निर्धारण की विसंगति को जल्द दूर करेगी सरकार : डॉ रामेश्वर उरांव

**उत्क्रमित वेतन निर्धारण सहित अन्य मांगों को लेकर मंत्री से संघ की हुई वार्ता**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** शिक्षकों के वेतन निर्धारिण की विसंगति जल्द दूर होगी। यह आश्वासन वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के शिष्टमंडल को दिया। प्रोजेक्ट भवन में वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव से संघ का शिष्टमंडल मिला। संघ ने वित्त मंत्री से शिक्षकों के लिए सुनिश्चित वृति उन्नयन योजना लागू (एमएसीपी) करने, छठे वेतनमान में उत्क्रमित वेतन निर्धारण की विसंगति को दूर करने, अंतर जिला स्थानांतरण नियमावली को सरल बनाने और शिक्षकों को गैर शिक्षकीय कार्यों के दवाब मुक्त करने की मांग को लेकर वार्ता की। संघ के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने बताया कि लगभग 45 मिनट वार्ता चली। संघ की ओर से वित मंत्री को अवगत कराया गया कि उक्त चार सूत्री मांगों को लेकर राज्य भर के शिक्षक विगत दो महीने से आंदोलनरत हैं।

मांगों के पक्ष में तथ्यों से अवगत होने के बाद मंत्री डॉ उरांव ने कहा कि जनवरी, 2006 से शिक्षकों के उत्क्रमित वेतनमान में वेतन निर्धारण में विसंगति को दूर करना वित विभाग का ही काम है। इस विषय पर जल्द ही समाधान निकालने की कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में तत्काल ही उनके द्वारा वित सचिव से इसपर सविस्तार मंतव्य देने का निर्देश दिया गया। वित मंत्री के अनुसार जब शिक्षकों के वेतन निर्धारण में न्यूनतम आरंभिक वेतन का समाधान संघ द्वारा उपस्थापित तथ्यों को ध्यान में रखते हुए कि ?या जायेगा। मंत्री डॉ उरांव ने कहा कि शिक्षकों को उनके सेवाकाल में समय पर प्रोन्नति अवश्य दी जानी चाहिए। इसके लिए सुनिश्चित वृति उन्नयन योजना का लाभ शिक्षकों को मिलना चाहिए। अपने गृह जिले से दूर पदस्थापित शिक्षकों के लिए अंतरजिला स्थानांतरण के प्रावधानों में संशोधन की जरूरत को देखते हुए इस विषय पर शिक्षा मंत्री से बात करने का आश्वासन दिया। शिक्षकों को लिपिकीय और गैर शैक्षणिक कार्य बोझ दिए जाने पर वित मंत्री ने गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह सरकार का दायित्व है कि स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में शिक्षकों को शिक्षण कार्य का माहौल दिया जाना चाहिए। शिक्षा मंत्री से इस संबध में बात करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में संघ के अनूप कुमार केसरी, राममूर्ति ठाकुर, मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद, संतोष कुमार, अजय कुमार सिंह, सलीम सहाय तिग्गा, मणि उरांव, राकेश कुमार, अजय ज्ञानी और संजय कुमार सिंह शामिल थे।

# टीबी रोग से निबटने के लिए 17 जिलों को ₹4.28 करोड़ जारी

**झारखंड समेत पूरे भारत को 2025 तक टीबी मुक्त बनाने की है योजना**

**इस पैसे से हेल्थ वर्कर्स के बकाया पेमेंट करने का भी निर्देश**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड समेत पूरे भारत को 2025 तक टीबी मुक्त बनाने की योजना है। इसके लिए केंद्र सरकार से लेकर राज्य सरकार भी अभियान चलाकर मरीजों को ढूंढ रही है। उनके इलाज से लेकर पोषण का भी ध्यान रखा जा रहा है। इस बीच स्वास्थ्य विभाग झारखंड ने टीबी से निबटने को 4.28 करोड़ रुपए का आवंटन 17 जिलों के लिए किया है। इससे जरूरी सामग्री की खरीदारी की जाएगी। वहीं इससे जिलों में हेल्थ वर्कर्स को बकाया पेमेंट का भुगतान किया जाएगा।

**राज्य में टीबी के 34,241 मरीज** : पिछले दिनों राजधानी में टीबी मुक्त भारत अभियान को लेकर कार्यक्रम में राज्यपाल रमेश बैस ने कहा था कि टीबी का उन्मूलन करना कठिन नहीं है। इसके लिए लोगों के बीच प्रतिबद्धता, जागरूकता और मरीजों को नियमित रूप से दवाइयां लेने की जरूरत है। वहीं मंत्री बन्ना गुप्ता ने बताया था कि राज्य में टीबी के 34,241 मरीजों का इलाज चल रहा है। इसे खत्म करने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षा में शामिल होनेवाले विद्यार्थियों को होगा लाभ

# विद्यार्थियों की काउंसेलिंग के लिए सीबीएसई ने जारी किया टोल फ्री नंबर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा से पहले विद्यार्थियों की काउंसलिंग के लिए टोल फ्री नंबर जारी किया है। कोविड के बाद पहली बार सीबीएसई की दसवीं और बारहवीं की वार्षिक परीक्षाएं नियमित फिजिकल मोड में आयोजित की जाएंगी। विद्यार्थी करीब दो साल बाद लिखित परीक्षा में शामिल होंगे। उनकी आसानी और बदले हुए परीक्षा पैटर्न से बोर्ड ने पहले ही अवगत करा दिया है। मॉडल पेपर, परीक्षा पैटर्न, मार्क्स डिस्ट्रीब्यूशन जानकारी सीबीएसई ने अपनी वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी है। छात्रों को मनोवैज्ञानिक सहायता और समस्याओं के समाधान के लिए काउंसलिंग की सुविधा पहले फरवरी में शुरू होती थी। लेकिन इस बार यह जनवरी में ही शुरू हुई है।

**छह दिनों तक चलेगी काउंसेलिंग**

सीबीएसई द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि छात्रों के लिए काउंसलिंग नौ जनवरी से शुरू होकर 15 जनवरी तक चलेगी। इसको लेकर सीबीएसई ने 1800-11-8004 टोल फ्री नंबर जारी किया है। छात्र और उनके अभिभावक इस नंबर पर जब चाहें कॉल कर सकेंगे। इसके जरिए तनावमुक्त तैयारी की जानकारी पा सकेंगे। सीबीएसई ने छात्रों की काउंसेलिंग के लिए 84 मनोवैज्ञानिकों की टीम बनाई है।

**टेली काउंसलिंग एक स्वैच्छिक और निःशुल्क सेवा** : सीबीएसई के द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि टेली काउंसलिंग एक स्वैच्छिक और निःशुल्क सेवा है, जो बोर्ड द्वारा सोमवार से शनिवार तक सुबह 09:30 बजे से शाम 05:30 बजे तक प्रदान की जा रही है। इस वर्ष परामर्श सेवा में योगदान देने वाले 84 प्रधानाचार्य और परामर्शदाता भारत और अन्य देशों से यह सुविधा प्रदान कर रहे हैं।

# स्पीकर ने राज्यपाल को भेंट की नये साल की डायरी-कैलेंडर



**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने सोमवार को राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात की। स्पीकर ने राज्यपाल को नव वर्ष की बधाई दी। राज्यपाल ने भी उन्हें बधाई दी। इस मौके पर स्पीकर ने राज्यपाल को विधानसभा से प्रकाशित नव वर्ष की डायरी और कैलेंडर भेंट किया। इस दौरान दोनों के बीच कई मसलों पर बातचीत भी हुई।

# झारखंड जदयू प्रभारी अशोक चौधरी 16 जनवरी को रांची में

**राज्य के राजनीतिक हालात और महागठबंधन में संगठन की भूमिका पर होगी मंत्रणा**

**रांची।** झारखंड जदयू प्रभारी की कमान संभालने के बाद अशोक चौधरी पहली बार 16 जनवरी को रांची आयेंगे। वे संगठन की मजबूती को लेकर पार्टी के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। पुरानी विधानसभा के सभागार में राज्य के राजनीतिक हालात पर चर्चा करेंगे। वहीं महागठबंधन में संगठन की भूमिका को लेकर नेताओं के साथ मंत्रणा भी करेंगे। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो करेंगे। बैठक की शुरूआत दिन के 11 बजे से होगी।

**संगठन की मजबूती के लिए तैयार की जायेगी रूपरेखा** : झारखंड जदयू के महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी श्रवण कुमार ने कहा कि बैठक में जदयू के सभी जिलों के अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी, प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, कार्यसमिति के सदस्य एवं प्रमुख नेता शिरकत करेंगे। बैठक में नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी का अभिनंदन एवं संगठन की मजबूती के लिए आगे के कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया जायेगा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–28/2022–23,PR संख्या–286405 Building (22-23) D द्वारा प्रकाशित निविदा जिसकी परिमाण विपत्र बिक्री की तिथिः– 10.01.2023 तथा निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने की तिथिः–11.01.2023 निर्धारित थी, उपायुक्त का कार्यालय (जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट) हजारीबाग के ज्ञापांक – 17/DMFT, दिनांक 09.01.2023 के आलोक में निविदा रदद् की जाती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 287107 Building(22-23)#D


# सीएम से मिले देवघर डीसी नये साल की बधाई दी



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री के आवासीय कार्यालय में देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री मिले। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर दोनों ने एक-दूसरे को नववर्ष की हार्दिक बधाई दीं।


**जिला अभियन्ता, जिला परिषद, लोहरदगा**
**(अभियंत्रण कोषांग)**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 22/2022–23**

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियन्ता, जिला परिषद, लोहरदगा
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : दिनांक 17.01.2023 को 01.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 18.01.2023 को 04.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 18.01.2023 को 04.30 बजे अपराह्न में
5. परिमाण विपत्र बिक्री की स्थान : जिला अभियन्ता का कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा।
6. निविदा प्राप्त करने / खोलने का स्थान : जिला अभियन्ता का कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा।
7. योजना मद : SCA मद
8. कार्य का विवरण

| क्र0/ ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लोहरदगा | अनु0ज0जा0 कस्तुरबा बालिक इन्टरमिडियट छात्रावास संख्या – 03 का मरम्मति कार्य | 2494400.00 | 5000.00 | 50000.00 | 03 (तीन) माह |

योजनाओं की विस्तृत विवरणी, निविदा की शर्तें जिला परिषद, लोहरदगा के सूचनापट्ट पर देखी जा सकती है।

2. जिला परिषद लोहरदगा में श्रेणी IV में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे। संवेदकों को UCAN में निबंधन अनिवार्य होगा।

3. परिमान विपत्र हेतु बैंक ड्रॉफ्ट DDC-Cum-CEO, Zila Parishad, Lohardaga के पदनाम से देय होगा, जो बैंक ऑफ इण्डिया के कोर्ट एरिया लोहरदगा शाखा (बैंक कोड–4968) में भुगतेय होगा।

जिला अभियन्ता
जिला परिषद, लोहरदगा

PR 287046 Lohardaga (22-23)_D


निलंबन की अनुशंसा के बाद भी बागी कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश नेतृत्व के खिलाफ हल्लाबोल कार्यक्रम जारी रखा

# बागी कांग्रेस नेताओं ने कहा- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की भाजपा नेता से होती है बात, जांच हो सीडीआर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति द्वारा निलंबन/निष्कासन की अनुशंसा किये जाने के बाद भी बागी कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश नेतृत्व के खिलाफ हल्लाबोल कार्यक्रम को जारी रखा है। जिन चार नेताओं पर अनुशासन की गाज गिरी है वैसे नेताओं ने सोमवार को राज्य अतिथिशाला में संवाददाता सम्मेलन कर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर को अक्षम करार दिया। नेताओं ने कहा कि आज भी उनकी बात भाजपा नेता और पूर्व में प्रदेश प्रभारी रहे आरपीएन सिंह से होती है। उनके कॉल डिटेल से दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

बागी कांग्रेस नेता आलोक दुबे ने कहा कि जो लोग सोनिया गांधी के विदेशी मूल के होने के सवाल पर पार्टी छोड़कर चले गए थे, वह आज मुझे अनुशासन का पाठ न पढ़ाएं। उन्होंने कहा कि 32 वर्षों की हमारी तपस्या में कांग्रेस के प्रति योगदान रहा है। हमारे नस-नस में कांग्रेस है और हम सभी जल्द पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, केसी वेणुगोपाल, अविनाश पांडे से मिलकर अपनी बात रखेंगे और उनसे कहेंगे कि प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की भाजपा नेता से बातचीत होती है। उनकी सीडीआर निकालकर जांच की जाए तो सब साफ हो जाएगा।



उन्होंने कहा कि उनके नेता राहुल गांधी कहते हैं कि डरो मत! ऐसे में हम डरने वाले नहीं है। 2024 के विधानसभा और लोकसभा चुनाव में हम भाजपा को परास्त करें, इसके लिए जरूरी है कि अयोग्य प्रदेश अध्यक्ष को हटाकर किसी आदिवासी नेता को प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाए।

आलोक दुबे ने कहा कि राजेश ठाकुर के पास संगठन चलाने का अनुभव नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस ने जब जिला कमिटी की सूची बनाई तो उसमें एक भी मुस्लिम नहीं था। यह कोई छोटी गलती नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस को बचाना है तो बिना आदिवासी चेहरे का बिना संभव नहीं। उन्होंने कहा कि हम सब किसी कार्रवाई से नहीं डरने वाले हैं। जिसे जो कार्रवाई करना है करे लेकिन पार्टी को टूटने नहीं देंगे।

बागी कांग्रेस नेता राजेश गुप्ता ने कहा कि जिस जिला में कांग्रेस के अध्यक्ष के चुनाव में शामिल नहीं हुए, उसे सम्मानित किया गया। हमने शुरू से एनएसयूआई से लेकर अब तक पार्टी को दिया है। हम संगठन को टूटता नहीं देख सकते। पिछले चुनाव में आदिवासी नेता के नेतृत्व में हमने सबसे मजबूती के साथ चुनाव लड़ा और सीट जीती, लेकिन वर्तमान अध्यक्ष इससे हट कर काम कर रहे हैं। जो वर्षों तक कांग्रेस में बिना किसी लोभ के काम किया, वह आज बेगाना हो गया। जिसने काम नहीं किया, वह पार्टी के शीर्ष पर बैठने का हकदार हो गया। यह नहीं चलेगा।

बागी कांग्रेस नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि अनुशासन समिति के द्वारा हम चार लोगों को निष्कासित करने की अनुशंसा की गई है। इससे पहले भी 24 दिसंबर को ऐसा ही किया गया था। प्रदेश कांग्रेस की ओर से जो जिला अध्यक्ष कमिटी की घोषणा की गयी थी, उसमें महिला अल्पसंख्यक को दूर रखा गया था। इस मामले का विरोध राज्य भर में हुआ था। कई जगहों पर पुतला भी दहन किया गया था। बवाल बढ़ता देख तीन बार सूची में बदलाव किया गया। उन्होंने कहा कि 19 दिसंबर को हमलोगों ने एक बैठक कर प्रदेश अध्यक्ष किसी आदिवासी को बनाने की मांग की थी। जब हम जनता के बीच 2019 में गए थे तो उस दौरान झारखंड में कांग्रेस मजबूती के साथ उभरी थी। लेकिन वर्तमान अध्यक्ष उसे तार तार करने में लगे हैं। इस मामले को लेकर वह केंद्रीय नेतृत्व से मिलेंगे।

अनुशासनहीनता की जद में आये प्रदेश सचिव साधुशरण गोप ने कहा कि वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ उनका हल्लाबोल इसलिए है क्योंकि उन्होंने राज्य में अक्सर पार्टी को कमजोर करने का काम किया है। जिसने जिलाध्यक्ष के लिए इंटरव्यू नहीं दिया और चुनाव में 700-800 वोट आया, उसे बिना इंटरव्यू के जिलाध्यक्ष बना दिया। खुद 1100 वोट लेकर प्रदेश अध्यक्ष बनें हुए हैं और हमारे जैसे 11 हजार वोट वाले नेता को कांग्रेस से बाहर कर रहे हैं। साधुशरण गोप ने कहा कि राजेश ठाकुर को प्रदेश अध्यक्ष से हटाने तक वह मुखर रहेंगे, कोई उन्हें दल से निकाल सकता है, कांग्रेसी विचारधारा से नहीं।

**सिरमटोली से राजेंद्र चौक के बीच एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण कार्य**

# 20 जनवरी तक खतियान मूल्यांकन कार्य होगा पूरा

**दर्जनों प्रोजेक्ट की समीक्षा कर डीसी ने दिये निर्देश**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में सिरमटोली चौक से राजेंद्र चौक के बीच बन रहे एलिवेटेड कॉरिडोर पथ निर्माण के काम में और तेजी लायी जायेगी। रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को समाहरणालय रांची कार्यालय कक्ष में भू-अर्जन संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक के दौरान इसके लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया।

बैठक में डीसी ने सिरमटोली चौक से राजेन्द्र चौक तक एलिवेटेड कॉरिडोर पथ निर्माण परियोजना (कुल रकबा 2.302 एकड़) की समीक्षा की। इस दौरान संबंधित अधिकारी ने कहा कि 20 जनवरी 2023 तक पंचाट एवं मूल्यांकन खतियान तैयार कर लिया जायेगा। धारा-37 की नोटिस निर्गत कर दी जायेगी। योगदा सत्संग से शांति नगर (कोकर से कांटाटोली, कुल रकबा 143.255 डिसमिल) फ्लाई ओवर भी समीक्षा हुई जिसमें डीसी ने कार्य में प्रगति लाने को कहा। जो रैयत हैं, उन्हें भुगतान के लिए प्रतिवेदन जल्द तैयार हो। नेवरी विकास विद्यालय से नामकुम रेल ओवर ब्रिज तक भाया (कांटाटोली रोड फोर लेन) परियोजना (कुल रकबा-0.118 एकड़) के बारे में संबंधित अधिकारी ने बताया कि जल्द ही कार्य प्रगति पर बढ़ेगा।

**इन प्रोजेक्टों पर भी आयेगी तेजी**

उपायुक्त ने एयरपोर्ट से कुटियातु मोड़ तक पथ निर्माण (कुल रकबा-3.132 एकड़), बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से कुटियातु मोड़ पथ (रिंग रोड कोचेबोंग तक) परियोजना में तेजी लाने को कहा। वहीं राँची रिंग रोड (सेक्शन सेवेन) से झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, राँची तक पहुँच पथ परियोजना (रकबा-6.88 एकड़), अरगोड़ा से कटहल मोड़ भाया पुंदाग (लं. 5.300 कि.मी.) पथ चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य परियोजना, हटिया रांची से गुजरते हुए लोधमा पिस्का के बीच लिंक लाइन की समीक्षा भी की। इसमें आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

वहीं एनएच-23 गुमला पलमा चौड़ीकरण परियोजना, राँची से रारगाँव सड़क चौड़ीकरण फोर लेन, भारतमाला रोड ओरमांझी-गोला, एलिवेटेड कॉरिडोर राजभवन से पिस्का मोड़, कांटाटोली फ्लाई ओवर की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को इसमें प्रगति लाने को कहा। अधिकारियों को पुरानी व्यवस्था को बदलते हुए नई व्यवस्था से कार्य करने को कहा। अंचल अधिकारियों को वंशावली की जाँच अच्छे से करने के निर्देश दिया ताकि डुप्लेकेसी समाप्त हो। जमीन दर का मूल्यांकन सही से करने को कहा गया ताकि भूमि का मुआवजा सही समय पर हो सके और निर्माण कार्य बाधित ना हो। अनुमंडल अधिकारी बुंडू को भूमि अर्जन का कार्य जल्दी करने का निर्देश दिया गया, जहाँ भूमि अर्जन में परेशानी हो, वहाँ मजिस्ट्रेट की तैनाती का आदेश डीसी ने दिया।

**सिल्ली में रांची जिला ग्रामीण की ओर से भारत जोड़ो यात्रा का सफल आयोजन**

# केशव महतो कमलेश के बाद डॉ राकेश किरण महतो का जलवा देखेगा सिल्ली : राजेश ठाकुर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/सिल्ली।** रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के तत्वावधान में सोमवार को सिल्ली प्रखंड में सिल्लीडीह से झारखंड मोड़ तक सफलतापूर्वक भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक राजेश कच्छप शामिल हुए।




इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा जिस तरह सिल्ली केशव कमलेश महतो का जलवा देखा था, अब डॉक्टर राकेश किरण महतो का जलवा देख रहे हैं। राहुल गांधी जो सपना देखा था, उसको हम सब मिलकर पूरा करेंगे। राहुल गांधी के परिवार ने जो बलिदान दिया है, हम कैसे भूल जाएं और हम कैसे भूल सकते हैं कांग्रेस पार्टी महंगाई और नफरत से आजादी दिलाएगी। राहुल गांधी कहते हैं कि नफरत की शहर में मैं मोहब्बत खोजने निकला हूं। कांग्रेस पार्टी ने वो काम किया है जिसे आज मोदी सरकार बेचने का काम कर रही है।

भारत जोड़ो यात्रा के प्रदेश संयोजक सुबोध कांत ने कहा कि मोदी जी बोले थे 2014 में सब के खाते में 15 लाख रुपए आएगा, सभी को रोजगार देंगे लेकिन ऐसा नहीं हो सका। मुगलों ने 200 साल राज किया लेकिन वह हमारा कुछ भी नहीं कर पाए लेकिन मोदी ने त्राहिमाम करा कर रखा है।

कांग्रेस विधायक दल के नेता व मंत्री आलमगीर आलम ने कहा केंद्र की सरकार जनता की बातों को जब नहीं सुनती है और नहीं मानती है तो हमें सड़क पर उतरना पड़ता है। 2024 में भारतीय जनता पार्टी ने कहा था कि मैं आऊंगा तो महंगाई कम कर दूंगा, बेरोजगारों को रोजगार दूंगा, लेकिन ना ही महंगाई कम हुई ना ही रोजगार मिला लोगों को कांग्रेस पार्टी हमेशा से अनेकता में एकता में विश्वास रखती है। विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि बीजेपी हमेशा से हिंदू मुसलमानों नाम लेकर लड़ाने का काम किया है, जहर घोलने वालों को कांग्रेस पार्टी नहीं छोड़ेगी। 2024 में हम सब मिलकर राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करेंगे।

रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने कहा कि देश में नफरत, महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। समाज और परिवार टूट रहा है तथा संविधान को कुचला जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सीबीआई, इडी और अनेक सरकारी तंत्रों का उपयोग कर राज्य के कल्याणकारी सरकार को परेशान कर रही है।

### कार्यक्रम में ये लोग थे शामिल

कार्यक्रम में जगदीश साहू, प्रभात कुमार, निरंजन पासवान, महिला नेत्री सुंदरी तिर्की, रांची जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष मेरी तिर्की, केदार पासवान, भारत जोड़ो यात्रा तैयारी समिति संजोयक नागेश्वर महतो, कार्तिक चन्द्र महतो, नागेंद्र नाथ गोस्वामी, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार महतो, सोनाहातु प्रखंड अध्यक्ष अजगुद महतो, राहे प्रखंड अध्यक्ष तारकेश्वर मुंडा, शिवचरण महतो, दुर्गा चरण महतो,प्रकाश मुंडा, ऐनुल हक, मो. सईद, त्रिजीवन महतो, सोनाहातु प्रमुख विक्टोरिया देवी, उप प्रमुख संगीता देवी, सिल्ली प्रखंड महिला कांग्रेस अध्यक्ष रेणुका देवी, उपाध्यक्ष तलेशावेरी देवी, उर्मिला देवी युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकास रजक, अजय कुमार महतो, महावीर महतो, मनीराम दास, मंजूर अली, भागीरत महतो, लालू कोइरी, सदानंद सोनार, बहादुर महतो, मोतिलाल बेदिया, जयनंदन महतो, शेख मूसा, कादिर मोमिन, शाहबुद्दीन अंसारी, सफीरूदीन अंसारी आदि भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए।

# अधिवक्ताओं का कार्य बहिष्कार जारी, न्यायिक कार्य प्रभावित

**आंदोलन आज भी जारी रहेगा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कोर्ट फीस संशोधन विधेयक वापसी समेत अन्य मांगों को लेकर 6 जनवरी से अधिवक्ताओं का कार्य बहिष्कार सोमवार को भी जारी रहा। अधिवक्ताओं की मंगलवार को भी आंदोलन जारी रहेगा। सिविल कोर्ट में और झारखंड हाईकोर्ट में अधिवक्ताओं की उपस्थिति सोमवार को 6 और 7 जनवरी को हुए कार्य बहिष्कार के दिन से भी काफी कम रही। अधिवक्ता हाई कोर्ट पहुंचे जरूर लेकिन वे अपने केस की पैरवी के लिए कोर्ट रूम नहीं गए, अपने टेबल पर ही बैठे रहे। हाईकोर्ट परिसर में अधिवक्ता आपसी चर्चा में व्यस्त रहें, इसके केंद्र में सिर्फ स्टेट बार कौंसिल द्वारा कोर्ट फीस वापसी का मुद्दा रहा।

हाई कोर्ट स्थित एडवोकेट हॉल एवं एडवोकेट चेंबर में बहुत कम अधिवक्ता दिखे। हालांकि सरकारी अधिवक्ता बीते 2 कार्य दिवसों की तरह आज भी न्यायिक कार्यों में शामिल हैं। रविवार को हुई स्टेट बार कौंसिल और जिला बार संघ की बैठक की चर्चा आज हाई कोर्ट परिसर में होती रही। अधिवक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि वह काउंसिल के निर्णय के साथ है। कहा कि सरकार को लिखित रूप में मुख्यमंत्री द्वारा अधिवक्ताओं के हित में की गई घोषणाओं को स्टेट बार के समक्ष रखना चाहिए। काउंसिल के निर्णय के खिलाफ कई अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य में शामिल होने एवं मुख्यमंत्री संवाद कार्यक्रम में शामिल होने वाले पर कार्रवाई होगी या नहीं इसपर हाई कोर्ट परिसर में चर्चा होती रही। बता दें कि काउंसिल एवं जिला बार एसोसिएशन की रविवार की बैठक में 10 जनवरी तक कार्य बहिष्कार जारी रखने का निर्णय लिया गया है। न्यायिक कार्य में हिस्सा लेने वाले अधिवक्ताओं पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की बात कही है।

# झारखंड के लोग अपने उत्पादों को विदेशी बाजार तक पहुंचा सकेंगे : महुआ माजी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई), भारत सरकार द्वारा एक्सपोर्ट प्रमोशन पर दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन सोमवार को होटल होली-डे होम में किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य मंत्रालय द्वारा एमएसएमई इकाईयों को निर्यात संवर्द्धन, नए बाजार सृजन, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार में नवीनतम चलन, निर्यात की प्रक्रिया, निर्यात को लेकर डोक्यूमेंटशन की जानकारी देना और जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित राज्यसभा सदस्य डॉ महुआ माजी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए समय की मांग है। इससे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिला उद्यमियों को व्यापार जगत में आ रहे बदलाव की अद्यतन जानकारी प्राप्त हो सकेगी। वे अपने उत्पादों को निर्यात के माध्यम से विदेशी बाजारों तक पहुंचा कर अपने उद्यमों का बेहतर विकास कर सकेंगे। झारखंड उद्योग निदेशक जितेंद्र कुमार सिंह ने सभी उद्यमियों को झारखंड सरकार द्वारा उपलब्ध योजनाओं के तहत उनके उद्यम के विकास के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।



### 100 से ज्यादा प्रतिभागी उद्यमी शामिल हुए

आईईडीएस के संयुक्त निदेशक इंद्रजीत यादव ने सभी प्रतिभागी उद्यमियों से विशेषज्ञों के निर्यात की प्रक्रिया एवं दस्तावेजीकरण संबंधित अनुभव का लाभ लेने की अपील की, ताकि वह अपने उत्पादों का निर्यात विदेशों में कर सकें एवं अपने उद्यमों का विकास सुनिश्चित कर सकें। सहायक निदेशक सुरेंद्र शर्मा ने अपना अनुभव एवं कौशल सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमियों के साथ साझा किया। इस संगोष्ठी में राज्य के उद्योग संघों, चेंबर्स एवं रांची जिले एवं आसपास के जिलों के लगभग 100 से ज्यादा प्रतिभागी उद्यमियों ने उन विशेषज्ञ अधिकारियों से सीधे वातार्लाप करके अपनी शंकाओं का समाधान किया तथा निर्यात संवर्द्धन एवं जेम (जीईएम) से संबंधित जानकारी प्राप्त की।

**खबर एक नजर में**

### मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से मिला रांची महानगर दुगार्पूजा समिति का डेलिगेशन



**रांची।** रांची महानगर दुगार्पूजा समिति का प्रतिनिधि मंडल समिति के अध्यक्ष रामधन बर्मन के नेतृत्व में सोमवार को मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने श्री सिंह से मिलकर 2022 के सभी पर्वो को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए धन्यवाद किया एवं नव वर्ष 2023 की बधाई दी एवं आगामी होली एवं रामनवमी पर्व को लेकर उनसे बातचीत की एवं प्रशासन से सहयोग की अपेक्षा की। प्रतिनिधि मंडल में राजीव रंजन मिश्रा, राहुल सिन्हा चंकी, राज किशोर, अमित सिंह और ओम सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

### कांग्रेस पॉलिटिकल अफेयर्स कमिटी की बैठक रामगढ़ में कल

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी की नवगठित पॉलिटिकल अफेयर्स कमिटी की महत्वपूर्ण बैठक 11 जनवरी का पूर्वाह्न 11 बजे जिमखाना क्लब, रामगढ़ में होगी। बैठक में राज्य की वर्तमान राजनीति हालात, नियोजन नीति, 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण, सरना धर्म कोर्ड, 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति, दलित उत्पीड़न के मामले, महिला सशक्तिकरण, भीड़-हिंसा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में से झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे उपस्थित रहेंगे। प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि 12 जनवरी 2023 को पूर्वाह्न 10 बजे से कटहल मोड़ स्थित ललगुटुवा, रांची में झारखंड प्रदेश के नवगठित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी समिति की बैठक भी आहूत की गई है।

**डीसी को कार्रवाई कर शिकायतकर्ता को सूचित करने का निर्देश**

# बाल आयोग ने आदिवासी लड़कियों को नौकरी दिलाने के नाम पर पोस्टर मामले में लिया संज्ञान

**पोस्टर में मासिक सैलरी 13000 से 16000, रहना खाना मुक्त का उल्लेख**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आदिवासी लड़कियों को नौकरी दिलाने के लिए खुलेआम पोस्टर लगाने मामले में राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग ने संज्ञान लिया है। इसे लेकर रांची डीसी को कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। बाल कार्यकर्ता बैजनाथ कुमार की शिकायत पर बाल संरक्षण आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग ने कहा है कि रांची में दिल्ली की एक ब्रुम्स नाम की कंपनी की ओर से शहर के विभिन्न चौक-चौराहों,रेलवे स्टेशन,बस स्टॉप पर पोस्टर लगाया गया है। कंपनी ने पोस्टर में लिखा है कि दिल्ली में नौकरी के लिए संपर्क करें। पोस्टर में मासिक सैलरी 13000 से 16000 इसके अलावा रहना खाना मुक्त होने का भी उल्लेख किया गया है। लेकिन कंपनी की वेबसाइट और पोस्टर में कंपनी का रजिस्ट्रेशन और लीगल जानकारी नहीं दी गई है। कंपनी लोगो में मेड माफिया लिखा हुआ है। कंपनी की पोस्टर में कोई उम्र सीमा का उल्लेख नहीं है। इस पर बाल संरक्षण आयोग ने संज्ञान लेते हुए रांची डीसी को कार्रवाई का निर्देश दिया है। साथ ही शिकायतकर्ता को सूचित करने का भी निर्देश दिया है।

### चान्हो प्रखंड के लुंडरी गांव के राशन डीलर का लाइसेंस रद्द

**रांची।** चान्हो प्रखंड के लुंडरी गांव के राशन डीलर मोतीलाल साहू का लाइसेंस जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने रद्द कर दिया है। चान्हो प्रखंड के 25 राशन कार्डधारियों ने मोतीलाल साहू के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी थी। मोतीलाल पर अनियमिततओं के अलावा कई आरोप लगाये गये हैं। डीलर के खिलाफ कम राशन देने, माप तौल में गड़बड़ी और गलत व्यवहार करने की शिकायत की थी। टीम ने जांच की और शिकायत को सही पाया जिसके बाद लाइसेंस को रद्द कर दिया।

# इंडियन साइंस कांग्रेस में हिस्सा लेकर लौटे झारखंडी वैज्ञानिक, सम्मानित हुए

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नागपुर में आयोजित 108वीं इंडियन साइंस कांग्रेस का समापन हो गया। इसमें झारखंड के 31 वैज्ञानिकों ने हिस्सा लिया, जिसमें कोल्हान से 10, रांची से 8, हजारीबाग से 5, देवघर से एक, हजारीबाग से 5 और धनबाद से 2 वैज्ञानिक शामिल हैं। देवघर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ एमजी तिवारी ने आमंत्रित व्याख्यान दिया। उन्होंने मणिपुर में अवस्थित लोकतक झील के पर्यावरणीय विशेषता और संरक्षण पर प्रकाश डाला। वहीं कार्तिक उरांव कॉलेज गुमला के वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ प्रसन्नजीत मुखर्जी ने पर्यावरण विज्ञान सेक्शन में अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। उनके शोध पत्र का विषय था- डेवलपमेंट एंड एनवायरमेंटल कंफलिक्ट। उन्होंने विकास के साथ पर्यावरणीय क्षति से उत्पन्न विवादों के निपटारे के लिए उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय में दायर पीआइएल के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



इस मौके पर डॉ एमजी तिवारी और डॉ प्रसन्नजीत मुखर्जी को शॉल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। दुर्गावती विश्वविद्यालय के वरिष्ठ आचार्य प्रो सरदुल सिंह संधु को 2023-24 के 109वें सत्र के लिए भारतीय विज्ञान कांग्रेस एसोसिएशन के पर्यावरण विज्ञान के अनुभागीय अध्यक्ष के रूप में चुना गया है।

**सुरक्षा प्रहरियों पर लाखों खर्च करने के बाद भी बाजार समिति की दुकानें असुरक्षित**

# पंडरा बाजार समिति में नहीं थम रहा है चोरों का आतंक, गवर्नर, सीएम और सीएस से शिकायत

**व्यापारियों ने सुरक्षा गार्डों पर लगाया बे'बर्दी'ड्यूटी करने का आरोप**

**निजी सुरक्षाकर्मियों के हवाले राज्य की बाजार समितियों की सुरक्षा**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य की बाजार समितियों की सुरक्षा निजी सुरक्षाकर्मियों के हाथों सौंप दी गयी है। मार्केटिंग बोर्ड समेत राज्य की बाजार समितियों में सुरक्षा उपलब्ध कराने को लेकर हर महीने एसाईलम सिक्यूरिटी एजेंसी को करीब 10 रुपये का भुगतान किया जाता है। परंतु सुरक्षा के नाम पर यह कंपनी सफेद हाथी बन गयी है। व्यापारियों का आरोप है कि कंपनी के सिक्यूरिटी गार्ड्स अगर ड्यूटी में रहते भी हैं तो बिना वर्दी के। उनके शरीर पर बर्दी क बजाये साधारण कपड़े होते हैं। इस कारण पता ही नहीं चलता है कि वह सुरक्षा गार्ड है या आम आदमी? रात में बाजार समितियों में इनके द्वारा भ्रमण भी नहीं किया जाता है। यही कारण है कि पंडरा कृषि उत्पादन बाजार समिति में भी आये दिन चोरी की घटनाएं हो रही है। बोर्ड में शिकायत करने के बाद भी संबंधित कंपनी को तीन माह के लिए एक्सटेंशन दे दिया गया है। व्यापारियों ने इसकी लिखित शिकायत राज्य के गवर्नर, मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव से भी की है।



**दुकान संख्या 21 में चोरी, चोर को दुकानदार ने किया पुलिस के हबाले :** कृषि उत्पादन बाजार समिति पंडरा के मुख्य बाजार की दुकान संख्या 21 में रविवार की रात राधेश्याम महेश कुमार की दुकान में दो चोरों ने चोरी को अंजाम दिया। इस दौरान किसी तरह एक चोर को गिरफ्तार कर थाना को सुपुर्द किया गया है। पुलिस के स्तर पर आगे की छानबीन जारी है। हालांकि इस दौरान सुरक्षा गार्ड नदारद थे। संतोष सिंह ने बताया कि आए दिन इस प्रकार की घटना कृषि उत्पादन बाजार समिति मुख्य बाजार एवं टर्मिनल मार्केट में हो रही है। रात्रि प्रहरी द्वारा किसी भी प्रकार की सुरक्षा व्यापारी बंधुओं को नहीं दिया जा रहा है। रात में गार्ड नादारद रहते हैं। उन्होंने बाजार समिति के सचिव से अविलंब रात्रि गार्ड को दिन में शिफ्ट करते हुए दिन के गार्ड को रात्रि में शिफ्ट करवाने की मांग की है। सचिव उत्तम कुमार ने उन्हें आस्वस्त किया है कि गार्ड्स का शिफ्ट चेंज कर दिया जायेगा।

**व्यापारियों ने मांगें होम गार्ड्स के जवान :** बाजार समितियों का कहना है एक गार्ड्स पर हर महीने करीबन साढ़े 10 हजार रुपये का भुगतान किया जाता है। अगर इसी पैसे से होम गार्ड्स की सेवा ली जाये तो वह बर्दी में भी रहेंगे और चोरों को बाजार समिति से रोकने में सफल हो सकेंगे। उनका कहना है कि निजी सुरक्षा गार्ड्स डर के मारे भी रात को यार्ड में नहीं घूमते हैं।


**समरी लाल जाति प्रमाण पत्र निरस्त मामला**

# सुरेश बैठा की ओर से बहस जारी, आज भी होगी सुनवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य जाति छानबीन समिति के द्वारा कांके विधायक समरीलाल का जाति प्रमाण पत्र खारिज किए जाने के मामले में सुनवाई सोमवार को हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट में हुई। मामले में प्रतिवादी सुरेश बैठा की ओर से कहा गया कि राज्य जाति छानबीन समिति की जांच सही है। इसलिए समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र को खारिज किया जाना उचित है। समरी लाल राजस्थान के निवास मूल निवासी हैं। सुरेश बैठा की ओर से मंगलवार को फिर सुनवाई होगी। सुरेश बैठा की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा ने पैरवी की।

वहीं प्रार्थी समरी लाल की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल सिन्हा एवं कुमार हर्ष ने पैरवी की। पिछली सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से कहा गया था कि समरी लाल के 1950 के पहले झारखंड में रहने का कोई दस्तावेज और अभिलेख नहीं है।



**क्या है मामला :** बता दें कि समरी लाल की ओर से उनके जाति प्रमाण पत्र निरस्त किए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए रिट याचिका दायर की गई है। इसमें कहा गया है कि वे झारखंड के मूल निवासी हैं। लोकल इंक्वायरी के तहत उन्हें जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया गया है। जो जाति प्रमाण पत्र वेरिफिकेशन और इंक्वायरी के तहत निर्गत की जाती है उसपर सवाल नहीं उठाया जा सकता, ऐसा सुप्रीम कोर्ट के कई आदेशों में कहा गया है। जाति प्रमाण पत्र रद्द करने का अधिकार जाति छानबीन समिति को नहीं है।

### विकास भारती का शिल्पी मेला आज से, अन्नपूर्णा देवी करेंगी उद्घाटन

**रांची।** विकास भारती बिशुनपुर अपने 40 वर्ष के उपलक्ष में 10 से 12 जनवरी तक आरोग्य भवन परिसर में शिल्पी मेला का आयोजन कर रहा है। शिल्पी मेला में विकास भारती के विभिन्न परियोजनाओं के 40 स्टाल एवं एक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। शिल्पी मेला का उद्घाटन केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी करेंगी। मेले का समापन 12 जनवरी को होगा। इस मौके पर मुख्य राज्यपाल झारखंड श्री रमेश बैस होंगे। अंतिम दिन 12 जनवरी की सुबह 9 बजे स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस पर विवेकानंद जी की प्रतिमा के समक्ष पूजा की जाएगी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राम कृष्ण मिशन के सचिव स्वामी भावेश भावेशनंद महाराज होंगे। यह तीन दिवसीय कार्यक्रम 11:00 बजे से 6:00 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम के दौरान उद्यमी संवाद एवं जनजातीय सांस्कृतिक संवाद के लिए खादी ग्राम उद्योग, सिडबी एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र ने रहने की सहमति दी है।

# गायब होते स्मारक

**सं**स्कृति मंत्रालय ने हाल ही में संसद की एक समिति को बताया कि पूरे देश में पुरातत्व विभाग (एएसआई) द्वारा संरक्षित 3,693 ऐतिहासिक स्मारकों में से 50 गायब हो गए हैं. सवाल लाजमी है कि स्मारक गायब कैसे हो सकते हैं? आखिर क्या मतलब है स्मारकों के गायब होने का? मंत्रालय के मुताबिक इन 50 स्मारकों में से 14 शहरीकरण की भेंट चढ़ गए, 12 जलाशयों/बांधों के नीचे डूब गए और 24 का पता नहीं लग पा रहा है। मंत्रालय का कहना है कि इस विषय पर पिछले 10 सालों में दरअसल कुछ सुधार हुआ है। 2013 में सीएजी ने एक रिपोर्ट दी थी जिसके मुताबिक उस समय देश में 92 स्मारक लापता थे। उसके बाद इन स्मारकों का पता लगाने की कई कोशिशें की गईं जिनकी वजह से कुछ का पता लगाया जा सका। इन 92 स्मारकों में से 42 का पता लगा लिया गया है और बाकी 50 अलग अलग कारणों से खो गए। इन 50 में से जिन 24 स्मारकों का बिल्कुल पता नहीं चल पा रहा है उनमें राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के बीचोबीच स्थित बाराखंबा कब्रिस्तान और 'इंचला वाली गुमटी' भी शामिल हैं। इनमें कुछ प्राचीन मंदिर, शैल शिलालेख और पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में एक किले के खंडहर भी शामिल हैं। लेकिन मंत्रालय ने 2013 के बाद यह मालूम करने के लिए कोई भी कदम नहीं उठाया है कि जो कुल 3,693 स्मारकें एएसआई द्वारा संरक्षित हैं वो सभी सुरक्षित हैं या नहीं। सभी संरक्षित स्मारकों की निगरानी के लिए करीब 7,000 सुरक्षाकर्मियों की जरूरत है, लेकिन बजट की कमी की वजह से विभाग सिर्फ 2,578 सुरक्षाकर्मी तैनात कर पाया।

ये सुरक्षाकर्मी भी कुल 3,693 स्मारकों में से सिर्फ 248 (6.7 प्रतिशत) पर तैनात हैं। अगर स्मारकों पर पर्याप्त सुरक्षा नहीं होगी तो उनका संरक्षण कैसे हो पाएगा।

# सड़क पर सभा-रैली नहीं

**आं**ध्र प्रदेश सरकार ने जन सुरक्षा का हवाला देते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग समेत विभिन्न सड़कों पर जन सभाएं तथा रैलियां आयोजित करने पर रोक लगा दी है। दरअसल पिछले सप्ताह कंदुकुरु में राज्य की मुख्य विपक्षी दल तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) की एक रैली में भगदड़ मचने से आठ लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद गुंटूर में एक तारीख को तेदेपा के संक्रांति उपहार कार्यक्रम में फिर से भगदड़ मच गई और फिर तीन लोगों की जान चली गई। इस तरह की दुर्घटनाएं और इनमें निर्दोष लोगों की मौत, दोनों ही दुखद और चिंतनीय राज्य के एक पूर्व मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद होनी चाहिए। भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इसका उपाय करने के लिए जगनमोहन रेड्डी की सरकार ने इस सोमवार को पुलिस कानून, 1861 के प्रावधानों के तहत निषेधाज्ञा जारी कर दी है। आदेश में कहा गया है कि सार्वजनिक सड़कों पर जनसभा करने का अधिकार पुलिस कानून, 1861 की धारा 30 के तहत नियमन का विषय है। सरकारी आदेश में संबंधित जिला प्रशासन और पुलिस तंत्र से 'ऐसे स्थानों की पहचान करने के लिए कहा है जो जन सभाओं के लिए सार्वजनिक सड़कों से दूर हों, ताकि यातायात, लोगों की आवाजाही, आपात सेवाओं, आवश्यक सामान की आवाजाही आदि बाधित न हो। देश में लोकतंत्र के लिए घटते स्थान पर चिंता करने का अब एक और कारण बढ़ गया है। दो साल पहले नीति आयोग के अमिताभ कांत ने भारत में टू मच डेमोक्रेसी यानी जरूरत से अधिक लोकतंत्र का फिकरा कसा था। भगदड़ केवल जनसभाओं में नहीं मचती, धार्मिक स्थलों, मेलों या अन्य सार्वजनिक कार्यक्रमों में भी भगदड़ की दुर्घटनाएं हुई हैं। लेकिन सरकार ऐसी जगहों पर होने वाली उमड़ने वाली भीड़ को न रोक सकती है, न इन्हें गैरकानूनी करार दे सकती है।

# 2023 में महिलाओं को मिलेंगी अधिक नौकरी




**एक** मशहूर बिजनेस अखबार ने कुछ दिनों पहले यह खबर प्रकाशित कर दी कि भारत के प्राइवेट सेक्टर में नए साल 2023 में महिलाओं की भर्तियों में तेजी आएगी। जब अधिकतर अखबारों तथा खबरिया चैनलों में निराशाजनक खबरों की भरमार रहने लगी है, तब किसी भी इंसान को उपर्युक्त खबर को पढ़कर सुकून तो मिलना ही चाहिए। इसमें कोई शक नहीं है कि किसी भी देश और समाज की पहचान इस बात से ही होती है कि वहां पर महिलाएं आर्थिक रूप से कितनी स्वावलंबी हैं। वे स्वावलंबी तो तब ही होंगी जब उन्हें सही ढंग से शिक्षित किया जाएगा और उन्हें रोजगार में पर्याप्त अवसर मिलेंगे। अपने पुरुष साथियों के बराबर दायित्व तथा वेतन भी मिलेगा। बेशक, जिन कंपनियों में महिला मुलाजिम होती हैं वहां पर माहौल सकारात्मक तो रहता ही है। इसलिए किसी दफ्तर का समावेशी होना बहुत जरूरी है।

दरअसल लार्सन एंड टूब्रो (एलएंडटी), आईटीसी, सिप्ला, प्रॉक्टर एंड गैंबल, एचडीएफसी बैंक आदि ने घोषणा भी कर दी है कि वे 2023 में महिला पेशेवरों को नौकरी देते वक्त कई तरह की सुविधाएं भी देंगे। उदाहरण के रूप में यदि किसी महिला कर्मी के पति या परिवार का किसी अन्य शहर में ट्रांसफर हो जाता है तो उसे भी वहां पर ट्रांसफर कर दिया जाएगा। मातृत्व अवकाश की समय सीमा भी बढ़ाई जा सकती है।

आमतौर पर दफ्तर से घर आने के बाद हमारे यहां अब भी पतिदेव तो टीवी देखने में ही समय बिताने लगते हैं। पर कार्यशील महिला को यह छूट नहीं है। उसे रसोई भी देखनी होती और अपने बच्चों को पढ़ाना भी होता है। उसे ही बच्चों के स्कूल में पेरेंट्स टीचर्स मीटिंग में भी हाजिरी देनी होती है। इस लिहाज से प्राइवेट सेक्टर उन्हें कुछ अतिरिक्त सुविधाएं देकर बहुत उपकार करेगा।

बेशक, अब महिलाएं भारतीय कार्यबल का एक अभिन्न अंग बनाती हैं। फैक्ट्री ऐक्ट (कारखाना अधिनियम) 1948, सेक्शन (खंड) 66(1)(बी), के अनुसार किसी भी महिला को किसी भी कारखाने में 6 बजे सुबह से लेकर शाम 7 बजे के बीच के समय के अलावा काम करने की अनुमति नहीं है। इस कानून का सख्ती से पालन होना चाहिए। इसका उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई हो। इसी तरह से बीड़ी और सिगार वर्कर (रोजगार की शर्तें) ऐक्ट 1966, सेक्शन (धारा) 25 के अनुसार किसी भी महिला को 6 बजे सुबह से लेकर शाम 7 बजे के बीच के समय के अलावा औद्योगिक परिसर में काम करने की अनुमति नहीं है।



-आर.के. सिन्हा

> अब भी हमारे यहां कई प्रतिभाशाली महिलाएं मां बनने के बाद नौकरी छोड़ देती हैं। मां बनने के बाद दो-तीन साल का समय काफी मुश्किल भरे होते हैं। कैसे अपने बच्चे को घर पर छोड़ने के विचार से उनकी हिम्मत टूट जाती है। इस स्थिति को देखते हुए अब कंपनियों ने दफ्तर में ही क्रेच सुविधा देनी चालू कर दी है। अगर हो सके तो कंपनियों को अपनी महिला कर्मियों को वर्क फ्रॉम होम की सुविधा देते हुए उदारता का परिचय भी देना चाहिए।

इस बीच, भारत के आईटी सेक्टर में महिला पेशेवरों की तादाद लगातार बढ़ती जा रही है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इंफोसिस, विप्रो, टैक महिंद्रा और माइंडट्री जैसी भारत की चोटी की आईटी कंपनियों में 31 दिसंबर, 2021 तक 10 कर्मचारियों में कम से कम 3 महिलाएं यानी कुल कार्यबल का 3० प्रतिशत थीं। भारत की प्रमुख आईटी सेवा कंपनी टीसीएस में महिला कर्मचारियों की संख्या लगातार औसतन 40 प्रतिशत के आसपास चल रही है। वहीं इन्फोसिस में महिला कर्मचारियों की संख्या भी 40 प्रतिशत है।

अब भी हमारे यहां कई प्रतिभाशाली महिलाएं मां बनने के बाद नौकरी छोड़ देती हैं। मां बनने के बाद दो-तीन साल का समय काफी मुश्किल भरे होते हैं। कैसे अपने बच्चे को घर पर छोड़ने के विचार से उनकी हिम्मत टूट जाती है। इस स्थिति को देखते हुए अब कंपनियों ने दफ्तर में ही क्रेच सुविधा देनी चालू कर दी है। अगर हो सके तो कंपनियों को अपनी महिला कर्मियों को वर्क फ्रॉम होम की सुविधा देते हुए उदारता का परिचय भी देना चाहिए। हां, कंपनियां अपनी वर्क फ्रॉम होम सुविधा का लाभ लेने वाली महिलाओं को हफ्ते-दस दिनों में एक बार दफ्तर रिव्यू के लिए बुला ही सकते हैं। यह सत्य है कि महिला कर्मी अपने दफ्तर के दायित्वों के प्रति ज्यादा ईमानदार और निष्ठावान रहती हैं।

इस बीच, सरकार को उन कंपनियों के धूर्त प्रबंधन पर एक्शन लेना चाहिए जो अपनी महिला कर्मियों को मेटर्निटी बेनिफिट देने तक में कोताही बरतते हैं। मेटर्निटी बेनिफिट ऐक्ट 1961, बच्चे के जन्म से पहले और बाद में निश्चित प्रतिष्ठानों में निश्चित अवधि के लिए महिला श्रम को नियंत्रित करता है और मातृत्व लाभ प्रदान करता है। इसके साथ ही भवन एवं अन्य कंस्ट्रक्शन (रोजगार और सेवा की शर्तों का विनियमन) अधिनियम, 1996 महिला लाभार्थी को मातृत्व लाभ के लिए वेलफेयर फंड (कल्याण निधि) प्रदान करता है।

ये सच है कि कार्यशील औरतें अपने काम के साथ पूरा न्याय करती हैं। जीवन का कोई क्षेत्र नहीं बचा जहां अब ये न हों। ये सरकारी और निजी क्षेत्र की कंपनियों में भी शिखर पदों पर पहुंच रही हैं। सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों जैसे हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) तथा ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) में महिलाएं सब पदों पर हैं। इनका शिखर तक पहुंचना इस बात की गवाही है कि अब महिला पेशेवरों को सरकारी उपक्रमों के सबसे अहम पदों पर भी काम करने के अवसर मिलने लगे हैं। पर अब भी बॉम्बे शेयर बाजार में सूचीबद्ध कंपनियों के बोर्ड में सिर्फ 18 फीसद महिलाएं हैं। यह संख्या तो बढ़ाई ही जानी चाहिए। 18 % को 28-30% तक ले जाने में तो कोई समस्या नहीं होनी चाहिये। मान कर चलिए जब इन कंपनियों में सीईओ तथा डायरेक्टर के पदों पर महिलाओं की संख्या बढ़ेगी तो इसका असर दूर तक होगा। उसी स्थिति में और उसी अनुपात में महिलाओं की भर्तियां भी बढ़ेगी।

दुर्गा, सीता और गांधारी की पूजा करने वाले भारत में आधी दुनिया को उसका हक तो देना ही होगा। ये जितनी जल्दी दे दिया जाए उतना ही अच्छा होगा। सारे देश को ठोस कोशिशें करनी होंगी ताकि बच्चियां स्कूल जाएं और खूब पढ़ें। पूर्ण शिक्षित होने के बाद उन्हें उपयुक्त रोजगार मिले। तमाम दफ्तरों में महिलाएं काम करती हुई मिलती हैं। उनके विश्वास से लबरेज चेहरों को देखकर समझ में आ जाता है कि वह अब अपने हिस्से का आसमान छूने लगी हैं।

(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

खास बात

## हिंदी के शब्दों की हत्या न करें

(विश्व हिन्दी दिवस पर विशेष)

**डॉ. वंदना सेन**

सही मायनों में हिन्दी भारत का गौरव गान है। जिसे हम जितना आचरण में लाएंगे, उतना ही हम सांस्कृतिक रूप से समृद्ध होते जाएंगे। यह सर्वकालिक सत्य है कि कोई भी देश अपनी भाषा में ही अपने मूल स्वत्व को प्रकट कर सकता है। निज भाषा देश की उन्नति का मूल होता है। निज भाषा को नकारना अपनी संस्कृति को विस्मरण करना है। जिसे अपनी भाषा पर गौरव का बोध नहीं होता, वह निश्चित ही अपनी जड़ों से कट जाता है और जो जड़ों से कट गया उसका अंत हो जाता है। भारत का परिवेश निःसंदेह हिन्दी से भी जुड़ा है। इसलिए यह कहा जा सकता है कि हिन्दी भारत का प्राण है, हिन्दी भारत का स्वाभिमान है, हिन्दी भारत का गौरवगान है।

आज हम जाने अनजाने में जिस प्रकार से भाषा के साथ मजाक कर रहे हैं, वह अभी हमें समझ में नहीं आ रहा होगा, लेकिन भविष्य के लिए यह अत्यंत दुखदायी होने वाला है। वर्तमान में प्रायः देखा जा रहा है कि हिन्दी की बोलचाल में अंग्रेजी और उर्दू शब्दों का समावेश बेखटके हो रहा है। इसे हम अपने स्वभाव का हिस्सा मान चुके हैं, लेकिन हम विचार करें कि क्या यह हिन्दी के शब्दों की हत्या नहीं है? हम विचार करें कि जब भारत में अंग्रेजी नहीं थी, तब हमारा देश किस स्थिति में था। हम अत्यंत समृद्ध थे, इतने समृद्ध कि विश्व के कई देश भारत की इस समृद्धि से जलन रखते थे। इसी कारण विश्व के कई देशों ने भारत की इस समृद्धि को नष्ट करने का तब तक षड्यंत्र किया, जब तक वे सफल नहीं हो गए। हमें एक बात ध्यान रखना होगा कि हम अंग्रेजी को केवल एक भाषा के तौर पर स्वीकार करें। भारत के लिए अंग्रेजी केवल एक भाषा ही है। जब हम हिन्दी को मातृभाषा का दर्जा देते हैं तो यह भाव हमारे स्वभाव में प्रकट होना चाहिये। हिन्दी हमारा स्वत्व है। इसलिए कहा जा सकता है कि हिन्दी हृदय की भाषा है।भाषाओं के मामले में भारत को विश्व का सबसे बड़ा देश निरूपित किया जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। भारत दक्षिण के राज्यों में अपनी एक भाषा है, जिसे हम विविधता के रूप में प्रचारित करते हैं।

# केवट की व्यग्रता

विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी सरस्वती**

**केवट** निषादराज गुह से अपने स्वभाव के अनुसार सब कुछ जानना चाहता है। खासकर जब श्रीराम बक्सर गये थे किस प्रकार अहिल्या का उद्धार किये थे और जनकपुर गये थे ये सारी कहानी निषादराज केवट को सुना चुके थे और वह बहुत प्रभावित था। जैसे ही निषादराज गुह गंगा घाट पर पहुंचे उन्होंने केवट से कहा लो तुम श्रीराम के विषय में पूछते थे कभी इधर आयेंगे या नहीं मुझें कभी भेंट होगी कि नहीं। देखो ऐसा संयोग है कि ये अकेले नहीं भाई और पत्नी के साथ तुम्हारे घाट पर आ गये हैं, और इनको पार जाना है। तुम्ही को इनको गंगा पार उतारना है। केवट ने कहा वश ये आ गये एकदम पार उतार देंगे। कोई दिक्कत नहीं होगी। थोड़ा सा इनको ये करना है कि पैर धोवाना है। नहीं तो इनके पाव में जो धूल है वो मेरी नाव को नारी बना देगी। क्योंकि मुझे मालूम है इन्होंने पत्थर को नारी बना दिया था। यद्यपि की केवट सही कहानी जानता था कि पत्थर को नारी नहीं बनाया गया था। अहिल्या गौतम ऋषि की परित्यक्त थी और वह पत्थरवत हो गयी थी। वह तप कर रही थी। श्रीराम ने उसका उद्धार किया था लेकिन बात बनाने के लिये केवट घुमाकर बोला कि आप पत्थर को नारी बनाते हैं, मेरी नाव बड़ी कोमल है यह तुरंत नारी बन जायेगी। इसलिये आप चरण की धूरी धोवाइये। श्रीराम बात को समझ रहे थे, सीता भी समझ रही थी लेकिन लक्ष्मण को लग रहा था कि केवटअवज्ञा कर रहा है। लक्ष्मण जी ने कहा कि क्यों नहीं वह एक बात पर तैयार हो रहा है और यह क्या समझता है? श्री राम की अवज्ञा करेगा।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

कौन है जो दूसरों को दुःख अपना दे सकेगा,
कौन है जो दूसरों से दुःख उसका ले सकेगा उस नयन से बह सकी कब इस नयन की अश्रु -धारा
क्या करूँ संवेदना लेकर तुम्हारी क्या करूँ , क्या करूँ। पिताजी की पंक्तियां

**– अमिताभ बच्चन**

## आपके ट्वीट

भारत के छोटे व्यापारों का योगदान
40% रोजगार
27% जीडीपी
45% निर्यात
सरकार की गलत नीतियों ने बिजेंद्र जैसे करोड़ों के व्यापारों की रीढ़ तोड़ दी है।

**– राहुल गांधी**





झारखंड वासियों को जैन तीर्थस्थल सम्मेलन पर गर्व होना चाहिए। यह पर्यटन क्षेत्र नही धार्मिक क्षेत्र है। मानना भी चाहिए, मनवाना भी चाहिए।

**–महेशा पोद्दार**

# लोकल फोर वोकल की पीएम मोदी की घोषणा में दम है

**कुमार गौरव**

सामयिक

भारत में बने उत्पाद खरीदने और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के अभियान 'वोकल फॉर लोकल' को सफल बनाने का आग्रह किया। कोविड-19 के बचाव में एक अरब टीकों के लगने से देशभर में विश्वास का माहौल बना है। त्योहारी सीजन की वजह से भी आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। विशेषज्ञ और एजेंसियां अर्थव्यवस्था को लेकर उत्साहित हैं। दूसरी तरफ मांग में तेजी और वैश्विक मुद्रास्फीति के कारण भारत में कीमतें बढ़ने का अंदेशा है। खनिज तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उछाल, खाद्य तेलों की महंगाई, धातुओं की कमी और कोयले की सप्लाई में दिक्कतों के कारण अर्थव्यवस्था में अड़ंगे पैदा होंगे। उत्सवों-पर्वों के अलावा अर्थव्यवस्था की सेहत और पारंपरिक कारोबार के नए खातों का समय होता है। महामारी के कारण बिगड़ी आर्थिक गतिविधियां पटरी पर वापस आ रही हैं। साथ ही सरकार और कारोबार की परीक्षा का यह समय है। कोविड-19 के बचाव में एक अरब टीकों के लगने से देशभर में विश्वास का माहौल बना है। त्योहारी सीजन की वजह से भी आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। विशेषज्ञ और एजेंसियां अर्थव्यवस्था को लेकर उत्साहित हैं।

दूसरी तरफ मांग में तेजी और वैश्विक मुद्रास्फीति के कारण भारत में कीमतें बढ़ने का अंदेशा है। खनिज तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उछाल, खाद्य तेलों की महंगाई, धातुओं की कमी और कोयले की सप्लाई में दिक्कतों के कारण अर्थव्यवस्था में अड़ंगे पैदा होंगे। भारत इस वित्त वर्ष में 9.5 फीसदी और अगले वित्त वर्ष में 8.5 फीसदी की संवृद्धि दर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

मूडीज ने भारत की साख को बेहतर करते हुए नकारात्मक से स्थिर श्रेणी में कर दिया। उसका कहना है कि एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में पुनरुद्धार जारी है और चालू वित्त वर्ष में संवृद्धि दर महामारी से पहले के मुकाबले बेहतर होगी। एक जमाने में विदेशों में बने सामान में लोगों की दिलचस्पी होती थी, लेकिन आज मेक इन इंडिया की ताकत बढ़ रही है। पिछले साल दिवाली के समय लोगों के दिलो-दिमाग में तनाव था, लेकिन अब टीकाकरण अभियान की वजह से भरोसा है। उन्होंने कहा, मेरे देश में बने टीके मुझे सुरक्षा दे सकते हैं तो देश में बनाए गए सामान भी मेरी दिवाली को और भव्य बना सकते हैं। इस साल मार्च के बाद से निर्यात में भी वृद्धि हुई है। वैश्विक व्यापार में सुधार के कारण इंजीनियरिंग माल, कपड़ों, रासायनिक उत्पादों के निर्यात में वृद्धि हुई है।

माल और सेवा के संयुक्त निर्यात में सितंबर में पिछले साल की इसी अवधि में हुए निर्यात के मुकाबले 22 फीसदी की वृद्धि हुई। निर्यात ने महामारी शुरू होने से पहले के आंकड़े को पार कर लिया है। राजकोषीय घाटा अप्रैल-सितंबर अवधि के दौरान घटकर बजट अनुमान का 35 प्रतिशत रह गया है, जो पिछले साल की इसी अवधि में बजट अनुमान का 115 प्रतिशत था। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा चार साल के निम्नतम स्तर 5.26 लाख करोड़ रुपये रह सकता है। दूसरी तरफ कुल व्यय बजट अनुमान से ज्यादा हो सकता है। उत्साह का मुख्य कारण है सितंबर में राजस्व में हुई 50 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि। अग्रिम कर और अप्रत्यक्ष कर में तेज बढ़ोतरी हुई है। महालेखा नियंत्रक के आंकड़ों से पता चलता है कि सरकार को सितंबर तक 10.8 लाख करोड़ रुपये (2021-22 की कुल प्राप्तियों के बजट अनुमान की तुलना में 27.3 प्रतिशत) मिले हैं। इसमें 9.2 लाख करोड़ रुपये कर राजस्व, 1.6 लाख करोड़ रुपये गैर कर राजस्व और 18,118 करोड़ रुपये गैर ऋण पूंजीगत प्राप्तियां हैं।

कार्टून वर्ल्ड

तालिबान का फरमान



साभार : कार्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडिटर

### तेज विकास

**देश** के केंद्र में स्थित होने के कारण मध्यप्रदेश की सीमा देश के पांच राज्यों से लगती है और यह देश की तकरीबन 50 प्रतिशत आबादी को प्रवेश देता है। यह देश के किसी भी उपभोक्ता बाजार से अधिकतम 15 घंटे की दूरी पर स्थित है। भोपाल, इन्दौर, ग्वालियर, जबलपुर, खजुराहो में कुल 5 कॉमर्शियल हवाई अड्डे हैं। 35 से अधिक रेल जंक्शन है।

**– विवेक सिन्हा, बरही**

### सतर्क रहें

**दुनिया** में चीन सहित कई स्थानों पर कोरोना बढ़ रहा है। यदि इस महामारी के प्रति लापरवाही बरतते हैं तो तीसरी लहर का खतरा काफी हद तक बढ़ सकता है। आम जनता का भी यह फर्ज बनता है कि सरकार द्वारा दिये गये दिशा-निर्देश का सख्ती से पालन करे। वरना इसके परिणाम खतरनाक साबित हो सकते हैं। इस दिशा में सरकार को सोचने की आवश्यकता है।

**–संदीप कुमार वत्स, रांची**

# ईसा पूर्व 300 वर्ष पूर्व से राजाओं शान में होती थी आतिशबाजी

**अंकित सिंह**

पर्व-त्योहार

**नव वर्ष** 2023 और क्रिसमस पर जमकर अतिशबाजी की गयी। आतिशबाजी अब हर खुशी के मौके पर किया जाता है। बारूद के फामूर्ले का आविष्कार रोजर बेकन नाम के एक यूरोपीय रसायनविद ने किया था। 13वीं और 15वीं शताब्दी में चीन से निकलकर पटाखे अब यूरोप और अरब के साथ-साथ दुनिया में फैल रहे थे।

बच्चों में पटाखा चलाने को लेकर गजब की उत्सुकता देखी जाती है। आखिर पटाखा चलाने की परंपरा कहां से शुरू हुई? इसका इतिहास क्या है? आज हम आपको इसी के बारे में बता रहे हैं।

आतिशबाजी 2200 साल पहले चीन में हुई थी। बताया जाता है कि शुरूआत में बांस की छड़ो को पटाखे के रूप में इस्तेमाल किया जाता था जिन्हें आग में डालने के बाद गांठ के फटने की आवाज निकलती थी। इसके बाद से चीन में एक परंपरा शुरू हो गई जिसमें आग में बांस डालकर फटने की आवाज को शुभ माना जाता था।

हालांकि बाद में चीनी सैनिकों ने इससे जुड़ा एक नया अविष्कार कर लिया। चीन के कुछ इलाकों में पहाड़ से पीले रंग की मिट्टी को लेकर बगीचे में डाली गई जहां पहले से ही कोयले के टुकड़े पड़े हुए थे। धूप निकलने के बाद वहां जोर का धमाका हुआ और आसपास के पेड़ राख हो गए। उसके बाद से इन सैनिकों ने बांस की नली में उन बारूदों को भरना शुरू किया जिसके बाद उनसे आवाज होने लगी।

**दुनिया में कैसे फैला**

चीन से धीरे-धीरे यूरोपीय देशों में पहुंच गया। बारूद के फामूर्ले का आविष्कार रोजर बेकन नाम के एक यूरोपीय रसायनविद ने किया था। 13वीं और 15वीं शताब्दी में चीन से निकलकर पटाखे अब यूरोप और अरब के साथ-साथ दुनिया में फैल रहे थे। यूरोप के शासकों ने जश्न के समय प्रजा को खुश करने के लिए खूब आतिशबाजी कराने की शुरूआत की। इसके बाद पटाखा धीरे-धीरे अमेरिका भी पहुंच गया जहां स्वतंत्रता से पहले खूब आतिशबाजी हुई थी।

**भारत में इतिहास**

भारत में पटाखों का इतिहास भी काफी पुराना है। 300 ईसा पूर्व में रचे गए कौटिल्य के अर्थशास्त्र में भी पटाखों का भी जिक्र है। लेकिन पटाखों को शुरू में बारूद की ही श्रेणी में रखा गया था। 1526 में मुगल सेना के आने के साथ ही देश में पटाखों का खूब इस्तेमाल हुआ जिसका डर भारतीय सैनिकों में भी देखा गया।

माना जाता है कि अगर उस वक्त पटाखों की परंपरा रही होती तो शायद सिपाही इससे इतना नहीं डरते। हालांकि एक इतिहासकार ने यह भी दावा किया है कि 1443 में रामनवमी त्योहार के दिन इस बाजी हुई थी। इसके अलावा एक पुर्तगाली यात्री के हवाले से यह भी लिखा गया है कि 1518 में गुजरात के एक ब्राह्मण परिवार के शादी में जोरदार तरीके से आतिशबाजी की गई थी। हालांकि उस समय आतिशबाजी की परंपरा सामान्य तौर पर नहीं थी।

लेकिन 17वीं और 18वीं शताब्दी में दिल्ली और आगरा में आतिशबाजी की परंपरा बढ़ी। उस समय आतिशबाजी राजा महाराजाओं की शान की पहचान होने लगी। त्योहारों, शादियों और जश्न के समय खूब आतिशबाजी होती थी। हालांकि आतिशबाजी सबसे ज्यादा शादियों में होती थी। फिर दिवाली में।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## भेलवारा पंचायत में मुखिया लक्ष्मी देवी की अध्यक्षता में कृषक गोष्ठी



**बिष्णुगढ़।** प्रखंड के भेलवारा पंचायत में मुखिया लक्ष्मी देवी की अध्यक्षता में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक एग्रीकल्चर एक्सटेंशन रिफॉर्म्स योजना अंतर्गत रवि फसल से संबंधित बातों की जानकारी किसानों को दी गई। गोष्ठी के आयोजन में कृषि विभाग के आगंतुकों द्वारा ग्रामीण किसानों को कृषि ऋण माफी, मिट्टी जांच, खेतों में सिंचाई प्रबंधन, नमूना संग्रह, किसान क्रेडिट कार्ड, आईपीएम,बीज उपचार, रवि फसल से अच्छादन और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। वही वैज्ञानिक विधि द्वारा कैसे फसलो का पैदावार बढ़ाया जाए, फसलों में कीट व्याधि से बचाव व नियंत्रण की भी जानकारी दी गई। गोष्ठी में किसानों के फसल व इससे जुड़ी बातें के संबंध बताया गया। आयोजन में कृषि यंत्रीकरण उपकरण संबंधित विषयों पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम में प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभय कुमार पौधा संरक्षण पर्यवेक्षक, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक व कृषक मित्र सविता देवी कृषक मित्र पार्वती देवी गंगाधर महतोके अलावे भारी संख्या में गांव के कृषक उपस्थित हुए।

## 11 जनवरी को मनाया जाएगा गुरुजी का जन्मदिन: किशोर राणा

**बड़कागांव।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष दिसुम गुरु शिबू सोरेन का 79 वा जन्मदिन आगामी 11 जनवरी को बड़े धूमधाम से सोनी धर्मशाला में मनाया जाएगा। आगे उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सैकड़ों कार्यकर्ता के द्वारा केक काटकर दिसुम गुरु का जन्मदिन मनाया जाएगा। जिसको लेकर उन्होंने 11:00 बजे सभी कार्यकताओं से सोनी धर्मशाला पहुंचने का अपील किया है।

## अभिभावक बच्चों को निरंतर स्कूल भेजें: सरिता देवी



**बरही।** प्रखंड के केदारुत पंचायत के प्राथमिक विद्यालय अमरुतवा में मुखिया सरिता देवी ने स्कूली बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया। इस अवसर पर बच्चों व ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए मुखिया सरिता देवी ने कहा कि सरकार बच्चों को शिक्षा देने के लिए कई योजनाएं चला रही हैं। बच्चों को प्रतिदिन स्कूल में ही मध्यान भोजन मिलता है। किताबों के साथ पोशाक, स्कूल किट आदि दिए जा रहे हैं। ताकि बच्चे शिक्षा से निरंतर जुड़े रहे। अभिभावकों की भी जिम्मेदारी बनती है कि बच्चों को स्कूल भेजे।मौके पर प्रधानाध्यापक अमित कुमार भारती, शोहवा देवी, वीणा भारती, सहायक शिक्षक दसरथ यादव, फूलमती देवी, सकुन्ती देवी, गुड़िया देवी, यशोदा देवी, रूबी देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## सीएन कॉलेज में शोक सभा का आयोजन

**कुजू।** छोटानागपुर कालेज रामानगर, रामगढ़ में सोमवार को शोक सभा आयोजित कर कॉलेज के सेवानिवृत्त पुस्तकालयाध्यक्ष गुंजेश्वरी पाठक की आत्मा की शांति के लिए शोक व्यक्त किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य सहित शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारियों ने शोकसभा में 2 मिनट का मौन धारण कर कर आयोजन किया गया। दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर कालेज प्राचार्य कैलाशपति पांडेय ने दिवंगत स्व.पाठक के सेवाकाल व उनके द्वारा समर्पण भाव से किए गए कार्यों का जिक्र किया। साथ हीं कालेज के विकास में उनके योगदान की सराहना की। वहीं कालेज के शासी निकाय सचिव राजू चतुर्वेदी ने स्व. पाठक के सेवाकाल की सराहना की। शोकसभा में शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी शामिल हुए।

# पेट्रोल छिड़क कर महिला को जिंदा जला कर मारने का प्रयास

खबर मन्त्र संवाददाता



**चरही।** शनिवार को चरही थाना क्षेत्र के उंटमरवा निवासी परमजीत सिंह की 23 वर्षीय पत्नी तिलकी देवी को पेट्रोल छिड़ककर जलाकर मार देने का प्रयास किया गया। इसके पूर्व महिला के साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की गयी थी। जब-तक शोर मचा पाती इसके पहले ही मुंह पर टेप चिपका दिया गया था। उस पर पट्रोल डालकर आग लगा दी गई। भुक्तभोगी महिला ने अपने मुंह से टेप को हटाकर शोर मचाने के कारण पडोसी महिला के घर पहुंचते इससे पहले अपराधी भाग निकले। झुलसी हुई महिला को तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया गया। जहां से डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स भेज दिया गया। वहां पर महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है। कांड को अंजाम देने वाले सभी अपराध कर्मी फरार हो गए हैं। चरही थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि सोमवार को पुलिस निरीक्षक महेंद्र सिंह दलबल के साथ मामले की जांच करने के लिए भुक्तभोगी महिला के घर पहुंचे। पति के समक्ष घर को खुलवाकर जांच-पड़ताल किया। आगे बताया कि महिला के पति परमजीत ने पत्नी के द्वारा दिये गए बयान को दोहरा रहा है। घर के अंदर जले हुए सभी सामग्रियों को बरामद कर लिया गया है। मामले की गहन जांच की जा रही है। दोषी पाए गए लोगों को बकसा नहीं जाएगा। भुक्तभोगी के घर में ताला लगा हुआ है। जबकि प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि महिला 80 प्रतिशत जल चुकी है।

## चोरी के टुलू पंप के साथ सोहेल गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**भदानीनगर (रामगढ़)।** भदानीनगर पुलिस ने चोरी के टुलू पंप के साथ महुआ टोला निवासी सोहेल अंसारी को गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी देते हुए ओपी प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल ने बताया कि 8 जनवरी को भदानीनगर सुद्दी निवासी सुरेश महतो का उसके खेत से रात्रि में टुलू पंप चोरी हो गया था। इस बावत सुरेश ने भदानीनगर ओपी में लिखित आवेदन दी थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक को टुलू पंप के साथ धर-दबोचा। सोहेल पर धारा 379 व 411 के तहत मामला दर्ज कर सोमवार को जेल भेज दिया गया।

## एक ही घर से निकला दंपती का शव

### एक ही चिता में सति हो गए दोनों दम्पति चीत्कार से गूंज उठा गांव, दूसरे दिन भी रहा मातम, बड़े बेटे ने दिया मुखाग्नि।

खबर मन्त्र संवाददाता

**टाटीझरिया।** क्या ईश्वर की माया है कहि धूप तो कही छाया है। टाटीझरिया प्रखंड और इचाक थाना क्षेत्र के झरपो गांव मे रविवार की सुबह एक सनसनी खेज का मामला ग्रामीणों द्वारा प्रकाश में आया। 65 वर्षीय बिशुन महतो 60 वर्ष गोलवा देवी दोनों दंपती कोयला की चूल्हा जला कर बन्द कमरे में सोने के दौरान कोयला से निकले विषैले गैस से दम घुटने के कारण मृत्यु हुई थी। दंपती अपने पीछे दो बेटे विकास प्रसाद और बजरंगी प्रसाद है जो अपने परिवार साथ बाहर रहते है दो बेटी दामाद, नाती, नतनी, पोता- पोती समेत भरा पूरा परिवार को छोड़ गये। सोमवार को बुजुर्ग दंपति का शव आमने सामने चिता पर लेटाकर झरपो श्मशान घाट मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार किया गया। बड़े बेटे विकास प्रसाद ने मुखाग्नि दिया परिजनों में रो रोकर बुरा हाल है। प्रखंड क्षेत्र में हृदय विदारक घटना को लेकर चौक चौराहे में चर्चा का विषय बना है की ऐसा घटना झरपो में वर्षो बाद दुबारा देखने को मिला बिष्णु महतो हाथ पैर मोच आने पर हर कोई का इलाज करता था।

## ट्रैक्टर मालिकों का बढ़ता जा रहा आक्रोश



**दारू।** प्रखंड क्षेत्र में बालू की किल्लत होने से ट्रैक्टर मालिक, चालक व मजदूर परिवारों के साथ आमजन के भी गुस्सा लगातार बढ़ता जा रहा है। सोमवार को अपने तय कार्यक्रम के अनुसार ट्रैक्टर मालिक चालक व मजदूरों का परिवार सहित सभी लोगों ने इरगा पंचायत भवन के पास एकत्र होकर जिला प्रशाशन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान जिला प्रशासन होश में आओ, बालू घाटो की नीलामी जल्द करो, ट्रैक्टर मालिको का शोषण करना बंद करो बंद करो का नारा लगाते रहे। ट्रैक्टर संघ के लोगों के द्वारा अपना ट्रैक्टर कार्यक्रम स्थल तक लेकर आये थे और ट्रैक्टर के साथ प्रदर्शन किया। इस बारे में ट्रेक्टर संघ के लोगों ने बताया कि अंचलाधिकारी नीतू कुमारी ने दो माह पूर्व प्रखंड के तीन बालू घाटो की नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ होने की बात कही थी साथ ही यह आश्वाशन दिया था कि जल्द ही नीलामी प्रक्रिया को पूरा कर बालू घाटो से बालू निकालने का कार्य सुचारू रूप से शुरू होगा। बालू की आपूर्ति नही होने के कारण आम जनता को प्रधानमंत्री आवास, घर, चारदीवारी आदि निर्माण कार्य करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां के जनप्रतिनिधि और आम जनता ने भी अंचलाधकारी से बालू घाटो की जल्द बंदोबस्ती की मांग की है। प्रदर्शन करने वालो में भोला साव, विजय मोहन, बलदेव साव, इंदु साव, सिकंदर पासवान, प्रदीप मोहन, बीरेंद्र यादव सहित अन्य दर्जनों लोग शामिल थे।

# हक-अधिकार के लिए ग्रामीण एकजुट रहें: मनोज महतो

### भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बलकुदरा शाखा की बैठक संपन्न, जन समस्या व रोजगार पर हुई चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में उपस्थित भाकपा के लोग

**बासल (रामगढ़)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बलकुदरा शाखा की बैठक सोमवार को बलकुदरा में हुई। इसकी अध्यक्षता शाखा सचिव संतोष मुंडा व संचालन सुरेश यादव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पतरातू अंचल सचिव कमरेड मनोज कुमार महतो उपस्थित थें। बैठक में बलकुदरा खुली खदान में हो रहे कार्य को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। कहा गया कि बलकुदरा अंतर्गत टोलो में ग्रामीणों के मकानों में हैवी ब्लास्टिंग के कारण दरारें पड़ रही है। खेतों में सुखाड़ एवं कुंआ का जलस्तर नीचे जा रहा है। साथ ही प्रदूषण का स्तर भी निरंतर बढ़ता जा रहा है। जिसके कारण यहां के ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में कंपनी द्वारा ग्रामीणों को रोजगार से जोड़ने आदि मुद्दों पर भी चर्चा की गई। कहा गया कि उक्त मुद्दे पर व विभिन्न मांगों को ले भुरकुंडा पीओ व और पीएलआर कंपनी प्रबंधन को मांग-पत्र सौंपा जायेगा। मौके पर कमरेड मनोज कुमार महतो ने कहा कि बलकुदरा पंचायत के ग्रामीणों की समस्याओं का हर हाल में समाधान होगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के हक-अधिकार के लिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी हर लड़ाई लड़ने को तैयार है। उन्होंने हक-अधिकार के लिए ग्रामीणों से एकजुट रहने की अपील की। मौके पर मनोज कुमार महतो, संतोष मुंडा, मनोज मुंडा, सुरेश यादव, देवा मुंडा, छोटू मुंडा, सिकंदर तांबा, बाबू मुंडा, रवि मुंडा, मनोज मुंडा, रवि मुंडा, पवन मुंडा, सनी मुंडा, देवराज मुंडा, संदीप मुंडा, अरुण मुंडा, राजेंद्र मुंडा, विजेंद्र मुंडा, संजय उरांव, सुमित मुंडा, अजीत मुंडा, संदीप मुंडा, यशराज मुंडा आदि मौजूद थें।

## एक नजर में

## जनजागरण केंद्र की समाज मे है अहम भूमिका : विजय यादव



**बरही।** उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बुंडू में जनजागरण केंद्र हजारीबाग के सौजन्य से प्रोजेक्ट छलांग के तहत खेल सामग्री फुटबॉल, टेनिस, बॉल, कोन, ड्रोन पम्प, मिशील स्टॉप वॉच बच्चों को उपलब्ध कराया। खेल सामग्री वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मुखिया संघ के अध्यक्ष सह मलकोको मुखिया विजय यादव, पंसस प्रतिनिधि रोहित कुमार यादव, जनजागरण केंद्र हजारीबाग की फील्ड कॉर्डिनेटर आरती कुमारी मौजूद थे। मौके पर मुनिलाल राम, सहायक अध्यापक नरेश कुमार यादव, बाबूलाल यादव, प्रदीप कुमार यादव, मनोज कुमार, सुरेश कुमार, जागेश्वर ठाकुर मौजूद रहे।

## कपड़ा बैंक संचालन समिति की भुरकुंडा में हुई बैठक, कई मुद्दों पर हुई चर्चा




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा थाना के समीप सोमवार को कपड़ा बैंक संचालन समिति की बैठक हुई। बैठक के दौरान कपड़ा बैंक को पुनः चालू करने को ले विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय हुआ की भुरकुंडा थाना चौक स्थित गोपाल होटल के समक्ष पिछले वर्ष सफलता से जरूरतमंदो की सेवा में चलने वाले कपड़ा बैंक को वर्तमान में कड़ाके की ठंड को देखते 11 जनवरी बुधवार से इसे पुनः चालू किया जायेगा। मौके पर समाजसेवी अनामिका श्रीवास्तव, सुंदर नगर पंचायत के मुखिया ब्यास पांडेय, भुरकुंडा मुखिया अजय पासवान, जवाहर नगर के पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी, कपड़ा बैंक कोर कमिटी के सदस्य भुवनेश्वर मेहता, आजसू पार्टी के प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, सदस्य पंकज कुमार व अंगद राय, संत सिंह, शैलेंद्र कुमार, आकाश कुमार, सुरेंद्र ठाकुर, रेणुका देवी आदि मौजूद थें।

## आदर्श+2 उच्च विद्यालय कारुखाप का 27 वां स्थापना दिवस समारोह मना



**चरही।** चुरचू प्रखंड के तहत स्थापित आदर्श+2 उच्च विद्यालय कारुखाप का 27 वां स्थापना दिवस समारोह सह वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसके मुख्य अतिथि प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक,विशिष्ट अतिथि जिप वासुदेव करमालीऔर सम्मानित अतिथि पूर्व जिला परिषद सह पूर्व मुखिया परमेश्वर महतो थे। विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा कई तरह के रंगा-रंग और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया। उपरोक्त अतिथियों ने कहा कि विद्यालय सुदूरवर्ती गावं में होने के भी 27 वर्षों से शिक्षा का अलख जगाता आ रहा है। विद्यालय के बच्चों की रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। यह विद्यालय बेहतर पढाई के लिए जाना जाता है। मौके पर हेन्देगढा पंसस मालती देवी, हेन्देगढा मुखिया गिरिजा कुमारी, इन्दरा पंचायत मुखिया राधिका देवी,जरबा मुखिया सुनीता देवी, हेंदेगढा के उप मुखिया दशरथ महतो,आदर्श उच्च विद्यालय कारुखाप के सचिव जगदीश महतो, पूर्व अध्यक्ष रामटहल महतो, वार्ड सदस्य सुशीला देवी, सोनिया देवी, पारसनाथ कुमार महतो, अनिल दास, सहायक शिक्षक प्रेमनाथ महतो सहित कई शिक्षक छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## मुखिया राजेन्द्र प्रसाद व महिला नेत्री ममता देवी ने बच्चों के बीच किया पोशाक वितरण



**बरही।** अंतर्गत कोरियाडीह में राजकीय प्राथमिक विद्यालय में कक्षा एक एवं द्वितीय में नामांकित छात्रों के बीच दो जोड़ी पोशाक, स्वेटर एवं जुता का वितरण किया गया। पोशाक वितरण कार्यक्रम में मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, महिला नेत्री ममता देवी, प्रधानाध्यापिका मीणा कुमारी, पंसस संतोषी कुमारी, उपमुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष सोनिया देवी, सीआरपी अरुण प्रसाद मेहता शामिल हुए। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि सभी बच्चे नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थिति दर्ज कर शिक्षा प्राप्त करना चाहिए।सरकार द्वारा पोशाक वितरण सभी बच्चों को समरसता का भाव उत्पन्न करने की विचार निहित है। इसके लिए सभी बच्चों को सरकार द्वारा पोशाक उपलब्ध कराया जाना सार्थक कदम है एवं पोशाक मिलने से बच्चो में खुशी देखने को मिला। मौके पर वार्ड सदस्य गुड़िया देवी, अर्चना कुमारी, बसंती देवी, बालेश्वर प्रसाद, शिक्षक दीनानाथ प्रसाद, मधुबाला कुमारी, ग्रामीण बिनोद कुशवाहा, पिंकी कुमारी, गुड़िया देवी, रीना देवी, रानी देवी, दीना देवी, रामजी प्रसाद, ललिता देवी, चिंता देवी के अलावे दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ का वनभोज सह मिलन समारोह



**हजारीबाग।** झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ का वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन रविवार को कनहरी पहाड़ की वादियों में संपन्न हुआ। डीईओ सहित लगभग 500 शिक्षकों ने वनभोज का आनंद लिया। वनभोज में कई प्रखंड के बीईईओ भी शामिल हुए। वनभोज कार्यक्रम में जामताड़ा जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक कुमार भी उपस्थित थे। बता दें कि वे पूर्व में हजारीबाग में शिक्षक के रूप में सेवा दे चुके हैं। वनभोज में शिक्षकों की रूची के अनुसार शाकाहारी, मांसाहारी, फलाहारी व्यंजनों की व्यवस्था की गई थी। इस दौरान सस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस आयोजन में संगठन के अध्यक्ष मो अतिकुज्जमा, कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार, उपाध्यक्ष प्रभाकर कुमार, जितेन्द्र सिंह, नवीन कुमार, तारकेश्वर सिंह जिला महासचिव कुमार सत्यपाल, संयुक्त सचिव विष्णु कुमार, प्रवक्ता नरेन्द्र कुमार, रणधीर कुमार, मिडिया प्रभारी राजीव झा, संगठन मंत्री अमित कुमार, कार्यालय सचिव ललित नारायण तिवारी, रोहिताश्व नायक, कोषाध्यक्ष राजेश्वर राम सहित जिला कार्यकारिणी से सुनील सिंह व अन्य मौजूद थें।

# उत्पादन जरूरी है लेकिन सुरक्षा सर्वोपरि है: आफताब अहमद

खबर मन्त्र संवाददाता



मंचासीन अतिथि

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित ऑफिसर्स क्लब में सोमवार को त्रिपक्षीय खान सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सीसीएल सुरक्षा बोर्ड सदस्य विकास कुमार व संचालन स्टॉफ ऑफिसर सेफ्टी राजेश ने किया। बैठक में मुख्य रूप से डीएमएस माईनिंग आफताब अहमद, डीडीएमएस माईनिंग पीआर ठाकुर, पी हनुमंत राव व मो. अजास, डीडीएमएस इलेक्ट्रिकल विनीत चौरसिया, डीडीएमएस मैकेनिकल रविन्द्र बोनथा बरका-सयाल जीएम अजय सिंह मौजूद थें। बैठक में मजदूरों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही सड़क, स्वास्थ्य, एम्बुलेंस की व्यवस्था करने, डॉक्टरों की बहाली सहित सुरक्षा मापदंडों के पालन पर बल दिया गया। मौके पर डीएमएस माईनिंग आफताब अहमद ने कहा कि उत्पादन जरूरी है लेकिन सुरक्षा सर्वोपरि है। वहीं जीएम ने कहा कि इस त्रिपक्षीय वार्ता में सुरक्षा सदस्यों द्वारा रखे गए सभी बिंदुओं पर प्रबंधन सकारात्मक पहल करते हुए उत्पादन करेगी। सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं होगा। मौके पर जीएम माईनिंग विनोद कुमार, स्टॉफ ऑफिसर पर्सनल एके मलिक, जीएम एसएंडआर आरके सिन्हा, आईएसओ प्रतिनिधि सीबी प्रसाद, एसओ पीएंडपी सुबोध कुमार, एसओ ईएंडउम अमरेंद्र कुमार, एसओ सिविल आर बैसाख, एरिया मेडिकल ऑफिसर डॉ.एचके सिंह, क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक देवव्रत गुप्ता, एसओ एक्सवोशन केआर भवन, एसओ माईनिंग एके मेहता, एसओ एमएम संजय कुमार, बिरसा पीओ डी शिवादास, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी एनके सिंह, एटीओ विजय कुमार सिंह, प्रवीण कुमार सहारे, रितिक दास गुप्ता आदि मौजूद थें।

## स्वस्थ्य कोयलांचल जिम भुरकुंडा में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित स्वस्थ्य कोयलांचल जिम के दो खिलाड़ी दीप सिंह व दीपक केशरी ने अरगडा में आयोजित रामगढ़ जिला ओपन बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों की सफलता पर स्वस्थ्य कोयलांचल जिम में सोमवार को सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। मौके पर सत्यनारायण ठाकुर ने बताया कि 8 जनवरी को अरगडा में आयोजित रामगढ़ जिला ओपन बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में पूरे झारखंड से दर्जनों खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता के 50-55 किग्रा कटेगरी में गिद्दी निवासी दीप सिंह ने पांचवा स्थान व पटेलनगर भुरकुंडा निवासी दीपक केशरी ने 60-65 किग्रा कटेगरी में तीसरा स्थान प्राप्त कर अपने जिम व क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि इस सफलता के लिए इन दोनो छात्रों को मुख्य अतिथि गिरीडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, आईबीबीएफ के झारखंड अध्यक्ष आरएस पांडा ने मेडल और आईबीबीएफ का सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया है। दीप व दीपक की सफलता पर सत्यनारायण ठाकुर, अंशु कुमार, राहुल, जितेंद्र, विकास, राजा, लक्की, विश्वजीत, रवि यादव, सागर, रवि सहित अन्य लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## कृषि ऋण माफी योजना के लिए 9 से 21 जनवरी तक चलेगा विशेष अभियान: प्रखंड कृषि पदाधिकारी

**दारू।** झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के तहत वैसे ऋण धारक जिन्होंने अबतक पचास हजार रुपैये के ऋण माफी योजना का लाभ नही उठाया है 9 जनवरी से 21 जनवरी तक चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत इसका लाभ उठा सकते है। इस बारे में प्रखंड कृषि पदाधिकारी गंगा सागर और सहायक तकनीकी प्रबंधक प्रदीप कुमार महतो ने बताया कि प्रखंड में 250 ऋण धारकों ने इसका लाभ अबतक नही उठाया है। ऐसे लोगों को विशेष जागरूकता रथ निकालकर जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। इस योजना में वैसे केसीसी ऋण धारक जिनका ऋण 31 मार्च 2020 तक एनपीए नही हुआ है इसका लाभ उठा सकते है। ऋण माफी योजना के तहत अबतक लाभ नही उठाने वाले लोगो को नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में जाकर एक रुपैया का ई टोकन कटवाना होगा तभी इसका लाभ उठाया जा सकता है।

## भाकपा माले का पटना में राष्ट्रीय महाधिवेशन 15 से 20 फरवरी तक : डॉ.आशीष कुमार

### किसानों, मजदूरों, छात्र-नौजवानों सहित महिलाओं से भी इस महाधिवेशन में भाग लेने की अपील

खबर मन्त्र संवाददाता

**भदानीनगर (रामगढ़)।** भाकपा माले के वामपंथी युवा नेता सह अल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ट्रेड यूनियन के बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव ड. आशीष कुमार ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि आगामी 15 से 20 फरवरी तक पटना में भाकपा माले का राष्ट्रीय महाधिवेशन होगी। इसमें देशभर से प्रतिनिधि शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि महाधिवेशन से पूर्व 15 फरवरी को बिहार के पटना गांधी मैदान में आयोजित रैली में झारखंड, बिहार सहित देशभर से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। रैली के बाद महाधिवेशन की शुरूआत होगी जो 20 फरवरी तक चलेगी। महाधिवेशन की सफलता को ले पार्टी के महासचिव कॉमरेड दीपांकर भट्टाचार्य ने देश के किसानों, मजदूरों, छात्र-नौजवानों सहित महिलाओं से भी इस महाधिवेशन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। श्री कुमार ने बताया कि यह महाधिवेशन कई मायनों में ऐतिहासिक होगा।

# साहू भवन में नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन

इस प्रकार के आयोजन से एकता और भाईचारगी बढ़ती है : चंद्रप्रकाश चौधरी

ऐसे आयोजन देश के भविष्य के लिए काफी बेहतर सिद्ध होंगे : आदित्य साहू



मंचासीन अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** साहू भवन में 8 जनवरी की रात नंदकिशोर गुप्ता उर्फ नंदू गुप्ता की अध्यक्षता में नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न समाज के प्रमुख समाज सेवी शामिल हुए और कार्यक्रम को वृहद रूप प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन विजय जायसवाल एवं शिव शंकर साहू द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन अमित कुमार सिन्हा ने किया। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद आदित्य साहू एवं गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी उपस्थित थे। मौके पर सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने नववर्ष मिलन समारोह में शामिल सभी समाज की अगुवाई करने वाले अध्यक्ष एवं समाज सेवियों को धन्यवाद एवं नववर्ष की शुभकामनाएं दी। कहा कि ऐसे आयोजन से लोगों के बीच मेलजोल बढ़ता है।वहीं, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने सभी समाज के अध्यक्ष एवं कार्यकताओं नववर्ष की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस तरह का आयोजन देश के भविष्य के लिए काफी बेहतर सिद्ध होगा। क्योंकि ऐसे आयोजनों से लोगों के बीच एकता और सौहार्द बढ़ती है।

समारोह में आजसू पार्टी के वरीय कार्यकर्ता बृजेश साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साहू , विमल बुधिया, दिलीप दांगी दीनदयाल कुमार उपस्थित हुए।

झारखंड सेवा समिति द्वारा आयोजित नववर्ष मिलन समारोह के प्रमुख आयोजन कर्ता अमित कुमार सिन्हा, रंजन फौजी, रवि साहू, मनोज मंडल, सीए अजीत जायसवाल, शिव शंकर साहू, विनोद कुमार, संजय साहू, शिवनंदन प्रसाद, रविंद्र साहू ने आयोजन में अहम योगदान दिया।

प्रशासन से अनाज व घर मुहैया कराने की मांग

# चैनपुर में नहीं थम रहा है हाथियों का आतंक

## दो घर क्षतिग्रस्त, घर से भागे लोग



हाथी के द्वारा क्षतिग्रस्त घर

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के बरवेनगर पंचायत के हराडिपा ग्राम में रविवार की रात्रि लगभग 2 बजे दो हाथियों ने दो घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिनका लोगों का घर तोड़ा गया उनमें सलोमी लोहराइन पति रामचंद्र लोहारा व मन रीता देवी पति स्वर्गीय दसवां लोहरा के नाम शामिल है। हाथी घर क्षतिग्रस्त करने के बाद घर में रखे अनाज को बर्बाद कर दिये। पीड़ित परिवार से बात कर यह पता चला की बीती रात जो घटना हुई उसमें उनकी जान बाल बाल बची। उन्होंने बताया कि रात्रि में वह लोग हाथी को अपने गांव से दूर भेजने के इरादे से थे। गांव में सभी लोग कुछ कुछ देर जागकर पहरा दे रहे थे। जिसमें उनका परिवार भी शामिल था। उसके बाद जब वह लोग अपने घर आ गए और सोने के लिए अपना बिस्तर लगा कर बिस्तर में गए ही थे की उनके बगल की दीवाल अचानक से गिरने लगी। वह लोग घबरा कर घर से बाहर निकले तो देखा की दो विशालकाय हाथी उनके घर को पूरी तरह से तहस-नहस कर रहे थे। जिसके बाद वह लोग किसी तरह से अपनी जान बचाकर वहां से भाग गए।

## मेटों को ले आउट का दिया गया प्रशिक्षण

**जारी।** डब्लूओ टी.आर के द्वारा मनरेगा योजना का लेआऊट करने का मेटों को दिया जा रहा प्रशिक्षण सोमवार को संपन्न हुआ। समापन के दिन प्रशिक्षक डब्लू.ओ.टी. आर के इंजीनियर मृत्यजंय कुमार महतो ने प्रशिक्षाणार्थियो को खेत में ले जाकर लेआऊट करने की बारीकी से जानकारी दी। मनरेगा के तहत चल रहे विभिन्न विकास योजना यथा टीसीबी, मेढ़बन्दी,तलाब निर्माण का लेआउट एक एक मेटों को फीत देकर नापने के लिए कहा गया। जहां मेटों के द्वारा अपना से लेआऊट भी किया। मौके पर हंसिका कुमारी, माईकल कुजूर, बिनय एक्का, बेर्नाट पौल लकड़ा, रंजीत उराँव, श्रवण भगत, सहित प्रखंड के मेट उपस्थित थे।

# ग्रामीणों ने श्रमदान कर करीब एक किलोमीटर बनायी सड़क

## मुखिया व प्रखंड प्रशासन को कई बार कराया गया अवगत, लेकिन किसी ने नहीं दिया ध्यान

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड मुख्यालय के कॉलेज रोड में जर्जर हो चुके सड़क का वार्ड सदस्य निर्मल भगत के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सोमवार को श्रमदान कर एक किलो मीटर मिट्टी मोरम सड़क का निर्माण किया। ग्रामीण केवल श्रमदान ही नहीं किये बल्कि अर्थदान भी कर सड़क के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस क्रम में ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में मिट्टी की सड़क बह जाने से कई जगह पर बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए थे। कई बार मुखिया व प्रखंड प्रशासन को इस बाबत मौखिक तौर से अवगत कराया गया था। बावजूद इस ओर ना तो अधिकारियों ने ध्यान दिया और न ही जनप्रतिनिधियों ने अंततः सभी ग्रामीण रविवार को बैठक कर सोमवार से सड़क बनाने का निर्णय लिया। जिसमें सभी अपने घरों से आर्थिक रूप से चंदा देकर मोरम गिराया और श्रमदान कर सड़क बनाया ताकि लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना ना करना पड़े। ग्रामीणों ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था के बावजूद भी प्रखंड मुख्यालय के लोगों को एक जर्जर सड़क निर्माण को लेकर परेशान रहना पड़ा। इसके बावजूद भी उनकी बातों को कहीं नहीं सुना गया। जिसे जनप्रतिनिधि और प्रखंड प्रशासन के खिलाफ ग्रामीणों में रोष है। यहां बता दे की पंचायती राज व्यवस्था के तहत 12 वर्ष बीतने के बाद भी उक्त जगह पर सड़क का निर्माण पक्की नहीं कराया गया। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि सिर्फ वोट मांगने के लिए जनप्रतिनिधि घर-घर घूमते हैं। लोगों की समस्या से उन्हें कोई लेना देना नहीं। कई मूलभूत सुविधा का अभाव कॉलेज मुहल्ला में बनी हुई है बावजूद इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार में लगे जनता दरबार में भी आवेदन ग्रामीणों द्वारा लिखित तौर पर दी गई थी। बावजूद इस और कोई भी ध्यान नहीं गया ग्रामीणों ने यह भी कहा कि यहां 200 घर उक्त मुहल्ला में बनी हुई है। सभी लोगों को उक्त सड़क से गुजरना पड़ता है। इस मौके पर श्रमदान करने वाले लोगों में वार्ड सदस्य निर्मल भगत, पंकज भगत, दिल केश्वर उराव, तेज नारायण, महेश उराव, जॉन कुजुर, उदित यादव, पुष्पा देवी, धनिया देवी, नीलकुसुम देवी,सरिता देवी, राधा उराव, सविता देवी, नदिया देवी, निराश देवी, आशा देवी, गुड़िया कुमारी शकुंतला कुजुर, अनीता देवी सहित कई ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।



श्रमदान कर सड़क का निर्माण करते ग्रामीण

## 22 फरवरी को पेंशनर समाज गुमला का वार्षिक अधिवेशन करने का निर्णय



बैठक में शामिल सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** जिला पेंशनर समाज की मासिक बैठक हिलारियुस तिर्की की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पेंशनर समाज के वार्षिक अधिवेशन पर चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से आगामी 22 फरवरी को वार्षिक अधिवेशन पालकोट रोड़ स्थित उत्कल पोईंट में किये जाने का निर्णय लिया गया। अधिवेशन में राज्यस्तरीय प्रतिनिधि भी शिरकत करेंगे। समाज की अगली मासिक बैठक में अधिवेशन की तैयारियों को लेकर सदस्यों को जिम्मेवारी सौंपी जायेगी। वरीय सदस्य तेजपाल राम द्वारा बैंक ऑफ इंड़िया की कार्यप्रणाली पर असंतोष जाहिर करते हुए बैंक की शाखाओं द्वारा पेंशनरों को बेवजह परेशान करने की बात कही गयी। उन्होंने बैंक कर्मियों पेंशनभोगियों के हित में तत्परता से कार्य करने की हिदायत दी। बैठक में समाज के कार्यकारी सचिव सह कोषाध्यक्ष महावीर प्रसाद मिश्र द्वारा आय- व्यय का व्यौरा प्रस्तुत करते हुए अधिवेशन निमित्त सभी सदस्यों से सहयोग राशि मासिक बैठक तक जमा कर देने का आग्रह किया गया। गणतंत्र दिवस के मौके पर पेंशनर समाज द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति पूर्वाह्न ग्यारह बजे पेंशनर भवन के समक्ष झंडोत्तोलन किया जायेगा। उक्त अवसर पर सभी सदस्यों के उपस्थित रहने का भी निर्णय लिया गया। आज की बैठक में समाहणालय,गुमला से सेवानिवृत्त प्रधान सहायक मिथलेश कुमार द्वारा समाज की सदस्यता ग्रहण की गयी। उपस्थित सदस्यों द्वारा उनका स्वागत किया गया।

### प्रतियोगिता के परिणाम घोषित

**गुमला।** डीएवी स्कूल गुमला में नववर्ष तथा क्रिसमस पर आयोजित ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। कक्षा तृतीय से पंचम ग्रुप में अंजना साहु और शांभवी शीतल ने प्रथम, दिशा लकड़ा ने द्वितीय तथा अंकिता उराँव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा षष्ठ से अष्टम ग्रुप में इशिका कुमारी ने प्रथम, मौसम श्रेया ने द्वितीय तथा नीति श्री बघेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा नवम से एकादश ग्रुप में तनु कुमारी ने प्रथम,हर्ष कुमार सिंह एवं श्रेयांशी अग्रवाल ने द्वितीय तथा संचिता अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## आदिवासी सरना नवयुवक संघ गुमला की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता




बैठक में शामिल सदस्य

**गुमला।** आदिवासी सरना नवयुवक संघ गुमला की बैठक संघ के अध्यक्ष विनोद मिंज के आवास पर हुई। बैठक की अध्यक्षता सतीश भगत ने की। बैठक में मुख्य रूप से विगत माह आयोजित पिकनीक सह पारिवारिक मिलन समारोह की समीक्षा की गई। साथ ही संघ की 2022 की क्रियाकलापों की समीक्षा भी किया गया । बैठक में वार्षिक आय व्यय प्रस्तुत किया गया। बैठक के दौरान संघ के नाम को लेकर भी व्यापक विचार विमर्श किया गया। वर्ष 2023 के लिए कार्ययोजना का खांका तैयार किया गया। मौके पर संघ के अध्यक्ष विनोद कुमार मिंज,सचिव कमल उरांव, बीडियो सोमा उरांव,के ओर कॉलेज गुमला के सहायक प्राध्यापक डॉ तेतरू उरांव, प्रदुमन भगत, लालू उरांव, सचिव कमल उरांव, मनिजर भगत, राजेंद्र लकड़ा, तेंबा उरांव, बुद्धेश्वर उरांव, बुधवा उरांव, ब्रह्म देव उरांव, जितिया उरांव, जितेश मिंज, रामजीत उरांव, शिवनंदन उरांव, महाद्वीप कच्छप उपस्थित थे।

### एक शाम आंजन धाम के नाम कार्यक्रम का आयोजन

**गुमला।** युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी को हनुमान की जन्मस्थली आंजन धाम गुमला में एक शाम आंजन धाम के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसको लेकर आयोजन समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्योतिविद दिवाकर पाठक व राष्ट्रीय संयोजक संजय सिंह ने सोमवार को प्रेस कान्फ्रेंस किया। ज्योतिविद दिवाकर पाठक ने कहा कि विश्व पटल पर हनुमान की जन्मस्थली को प्रसिद्धि दिलाने के लिए एक प्रयास एक शाम आंजन धाम नामक कार्यक्रम से किया जा रहा है।

# डीडीसी ने पथ निर्माण योजनाओं की समीक्षा की



बैठक करती डीडीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में पथ निर्माण योजनाओं की समीक्षा की गई। सर्वप्रथम ग्रामीण कार्य विभाग, लोहरदगा के योजनाओं की समीक्षा की गई। इसमें तुरियाडीह-हेसाग पथ, बोण्डोवार-दुग्गु पथ, निंदी-केचकी-हेन्हे पक्की पथ, बड़चोरगाई से चंदगो पथ आदि पथों के निर्माण कार्य की समीक्षा की गई।

कार्यपालक अभियंता द्वारा निंदी-केचकी, हेन्हे पथ को इसी माह पूर्ण कर लिये जाने की बात कही गई। मन्हे-कुराग पथ में वन विभाग से एनओसी की प्रक्रिया प्राप्त कर लेने का निर्देश दिया गया। बक्सीडीपा-बदला पथ, मेरम-पुतरार में पुतरार नदी, तुरियाडीह-हेसाग पथ में हेसाग नदी, मेरम-पुतरार पथ में ओनेगढ़ा नदी और पुरतौल-जुरनी-सनई हपाथ पथ में लोकल नाला पर पुल निर्माण कार्य में कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया कि संवेदक को कार्य पूरा करने के लिए नोटिस दें। अगर कार्य नहीं होता है तो संवेदक को काली सूची में डालने के लिए कार्रवाई करें। बैठक में एससीए योजनांतर्गत ओनेगढ़ा से हुसरू डेली पहाड़ हतबल रोड को जनवरी माह में पूर्ण करने का निदेश दिया गया। इसी प्रकार आदिवासी कल्याण अंतर्गत पुंदाग-हुसरू पथ में पुंदाग नदी पर पुल निर्माण जून माह तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

ग्रामीण कार्य विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा की समीक्षा में कस्तूरबा गांधी उच्च विद्यालय सेन्हा में टूटी हुई चहारदिवारी की मरम्मती व पक्की नाली का निर्माण कार्य जनवरी माह में पूर्ण कर लिये जाने का का निदेश दिया गया। रोरद-चान्दगो पथ में आरसीसी पुलिया निर्माण का कार्य जनवरी माह तक और परहेपाट से देवी मंडप के बीच गार्डवाल का निर्माण मार्च माह तक पूर्ण कर लिये जाने का निदेश दिया गया। इसी प्रकार विभिन्न प्रखण्डों के विद्यालयों में रनिंग वाटर योजनाओं की भी समीक्षा की गई। बैठक में एससीए योजना, अनाबद्ध निधि, आइटीडीए योजना मद से क्रियान्वित योजनाएं, पर्यटन की योजनाओं की समीक्षा की गई। कुडू, सेन्हा और कैरो में अल्पसंख्यक समुदाय हेतु कियोस्क निर्माण में संवेदक को नोटिस दिये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में विभाग के द्वारा डीएमएफटी मद से पेयजलापूर्ति की योजनाओं की समीक्षा की गई।

पथ प्रमण्डल, लोहरदगा के द्वारा कैरो-चट्टी कुडू पथ में बिटुमिनस कार्य जल्द पूर्ण किये जाने का निदेश दिया गया। इसी प्रकार भण्डरा-सेन्हा पथ का चौड़ीकरण, शंख-चतरा पथ का आईआरक्यू कार्य, लोहरदगा-किस्को-रिचुघुटा पथ की भी समीक्षा की गई। पथ प्रमण्डल द्वारा किये जाने रहे सेतु निर्माण कार्य की भी समीक्षा की गई। भण्डरा-बक्सीडीपा पथ में कोयल नदी पर बने पुल के लिए पहुंच पथ कार्य जनवरी माह में ही पूर्ण कर लिये जाने का निर्देश दिया गया।राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, रांची द्वारा कुडू-घाघरा पथ के चौड़ीकरण व मजबूतीकरण कार्य की भी समीक्षा की गई। सेन्हा में नाली निर्माण का कार्य पूर्ण करते हुए पथ निर्माण का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, कार्य समाप्ति की स्थिति से भी अवगत कराते हुए प्रतिवेदन देने का निदेश दिया गया। राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, रांची को मिशन अमृत सरोवर अंतर्गत कुल पांच तालाब का निर्माण अगस्त 2023 से पूर्व करा लेने का निर्देश दिया गया। साथ ही, प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया।बैठक में नाबार्ड की योजना से पथ निर्माण, नगर परिषद के पथ, नाली, आरसीसी नाली, पार्क की समीक्षा की गई। बैठक में संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता, नगर पर्षद के कार्यपालक पदाधिकारी, डीडीएम नाबार्ड समेत अन्य उपस्थित थे।

## मात्र तीन माह में आवास निर्माण पूरा कराने वालों लाभुकों को किया गया सम्मानित

**कैरो।** कैरो प्रखण्ड के गुड़ी पंचायत स्थित नगड़ाटोली में सोमवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के कुल 15 लाभुकों को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में समाज के बीच सम्मानित किया गया। ये वैसे लाभुक रहे जिन्होंने मात्र तीन महीने में अपने आवास का निर्माण कार्य अपनी देख-रेख में पूरा कराया। इस मौके पर कैरो प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने कहा कि कोई जरूररी नहीं कि हमेशा आपको समाज के अगुवा ही प्रेरित करें। कभी-कभी एक साधारण सा व्यक्ति भी आपको बहुत कुछ सिखा जाता है। आज कैरो प्रखण्ड के उन गरीब और सामान्य किंतु जिम्मेवार और दृढ़ संकल्प वाले लोगों को पगड़ी पत्तना (फेंटा बंधाई/पगड़ी पोशी) कार्यक्रम के माध्यम से पगड़ी पहना कर सम्मानित किया। इनमें दौलेश मिंज, सोमारी उरांव, अबुल अंसारी, तुलसी महतो, रामोतार उरांव आदि वैसे लोग हैं जिन्होंने अपनी इच्छा शक्ति से प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति के तीन माह के अंदर आवास का निर्माण कर वैसे लोगों को प्रेरित करने का कार्य किया है जो साल डेढ़ साल बीत जाने के बाद भ्ज्ञी आवास निर्माण का कार्य पूरा नहीं करते है। निःसंदेह ये समाज के अगुवा हैं और सम्मान के अधिकारी भी।



कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी व लाभुक

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने कहा कि वैसे लोग जिन्हें आवास की स्वीकृति मिल चुकी है लेकिन घर नहीं बना रहे हैं। उनके लिए केस, मुकदमा का विकल्प है लेकिन हम नहीं चाहते हैं कि लोगों को कोई ऐसी सजा मिले। वैसे लोगों के लिए यह एक सकारात्मक संदेश दिया जा रहा है। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# जिले में पेट्रोल सब्सिडी योजना धरातल पर फेल



पेट्रोल पंप

रोशन कुमार

**लोहरदगा।** झारखंड सरकार द्वारा आम लोगो को महंगाई से राहत देने के लिए पेट्रोल में सब्सिडी देने की योजना जिले में पूरी तरह फेल होती नजर आ रही है। 26 जनवरी 2022 को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बढ़ती पेट्रोल की दाम से आम लोगो को निजात दिलाने को लेकर पेट्रोल सब्सिडी योजना की शुरूआत की थी। शुरूवात में तो लोगो ने इसके प्रति उत्साह भी दिखाया लेकिन धीरे धीरे ये योजना का लाभ कुछ लोगो तक ही सीमित होकर रह गया। इस योजना के माध्यम से सरकार द्वारा राज्य के वैसे तमाम लोग जिनका राशन कार्ड (सभी तरह के कार्ड के लिए)में नाम है ।वैसे लोगों को दो पहिया वाहन में पेट्रोल में 25 रुपए प्रति लीटर सब्सिडी 10 लीटर तक प्रति महीने दी जा रही है जिसका पैसा सीधे लाभार्थियों के बैंक अकाउंट में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से हस्तांतरित कर दी जाती हैं।

योजना की घोषणा के बाद लोगो में भी खुशी देखी गई थी, लेकिन वर्तमान में इस योजना का हाल जिले में बदहाल है ।लोहरदगा जिले में 4 लाख 55 हजार 563 लोगो का नाम राशन कार्ड में दर्ज है जिनमे से वर्तमान में मात्र 280 लोगो को ही इस योजना का लाभ मिल रहा है।

# विद्या मंदिर में शोध गोष्ठी आयोजित




कार्यक्रम में मौजूद अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के सभागार में प्रांत द्वारा प्रायोजित विद्यालय स्तरीय शोध गोष्ठी का आयोजन किया गया। आगत अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । इसके पश्चात अतिथि परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास ने कराया ,साथ ही कार्यक्रम की भूमिका भी रखी। शोध गोष्ठी की प्रस्तावना विद्यालय के आचार्य विष्णु दत्त पांडेय ने प्रस्तुत की। वक्ता के रूप में विद्यालय के अंग्रेजी विषय के वरिष्ठ आचार्य अमर कांत शुक्ला ने शोध गोष्ठी पर अपना विषय रखते हुए कहा कि नित नई खोज से ही विश्व का विकास हो रहा है।

# खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन पर सम्मान समारोह का आयोजन

## पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय स्तर कराटे प्रतियोगिता में भाग लेकर धमाकेदार जीत के साथ लौटे जिला कराटे संघ के खिलाड़ियों का सम्मान समारोह कुडू प्रखंड सभागार में आयोजित किया गया। उक्त समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती रीना कुमारी, कुडु उप प्रमुख एनुल अंसारी उपस्थित हुए। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि इतनी बड़ी सफलता दिल्ली जाकर प्राप्त करना बड़ी बात है। आप सभी को गर्व महसूस हो रहा होगा। जिला भी गौरवान्वित है ।आपने जिस क्षेत्र को चुना है, उसमें अच्छे काम कर रहे हैं। आप इतनी कम उम्र में राष्ट्रीय स्तर के अवार्ड ले रहे हैं। इसका श्रेय आपके कोच को भी जाता है। आपने जिस क्षेत्र को चुना है निःसंदेह आपके अभिभावक भी प्रशंसा के पात्र हैं जिन्होंने लड़कियों को बाहर प्रतियोगिता के लिए भेजा और मेडल लेकर आना गौरव की बात है। शिक्षा एवं नॉलेज के साथ खेल भी समाज में सामाजिक कौशल को बेहतर इंसान बनाता है। कराटे सहित कोई भी खेल खेलने से आत्मविश्वास का स्तर बढ़ता है राष्ट्रीय स्तर का अवार्ड प्राप्त करना प्रशंसनीय है। इसी तरह आगे बढ़कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाएं और जिला राज्य एवं देश का नाम रोशन करें, शुभकामना है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा कराटे का डेमो फाइट, ब्लैक बेल्ट काता, तलवारबाजी आदि प्रदर्शित किया गया जिसकी सराहना की। स्वागत संबोधन प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं खेल परिचय जिला कराटे संघ अध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने किया।



विजेता खिलाड़ियों के साथ डीसी व अन्य

### राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में शानदार रहा प्रदर्शन

जिला कराते संघ द्वारा पूरे जिले से बालिका वर्ग में 26 तथा बालक वर्ग में 08 कुल 34 करातेकार दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीयस्तर की प्रतियोगिता सुपर गोल्ड कराते लीग जो कि 18 दिसंबर से 22 दिसंबर तक हुई थी उसमें अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए 34 कराते खिलाडियों द्वारा पदकों की शानदार बारिश की। 2 सुपर गोल्ड , 2 सुपर सिल्वर, 9 गोल्ड, 9 सिल्वर, 12 ब्राउनज मैडल के साथ शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में पूरे देश से 18 जिलों के 2000 खिलाड़ीयों ने भाग लिया था ।जिले के विजेता खिलाड़ियों में सुपर गोल्ड मेडलिस्ट पल्लवी कुमारी और अभिषेक उराव, सुपर सिल्वर मेडलिस्ट राघव कुमार और लक्ष्मी कुमारी, इन चारों को ओरिजिनल चाँदी का मैडल मिला है जिसका वजन 45 ग्राम है। स्वर्ण पदक विजेता में मुकेश उराव, कुमकुम कुमारी, अलीशा टोप्पो, उर्मिला कुमारी, सोनिका कुमारी, अंजलि कुमारी, प्राची कुमारी, प्रतिमा कुमारी, और सुनेहा कुमारी हैं। रजत पदक विजेता में पूजा कुमारी, अमीषा कुमारी, अंजलि कुमारी, राधा कुमारी, पूनम कुमारी, नितेश उराव, जीवन कुजूर, अलका कुमारी, और सरस्वती कुमारी शामिल हैं। कांस्य पदक विजेता में निखिल प्रेम, रोली कुमारी, लीलावती कुमारी, नैना कुमारी, जूही कुमारी, वर्षा कुमारी, काजल कुमारी, चंद्रमुनी कुमारी, संतोषी कुमारी, आरती कुमारी, मिहिर कुमार त्रिपाठी और राज बाबू महली शामिल हैं। बताया की कुरु प्रखंड से गटका, कराते और साईकिल रेश की टीम ने भी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है,। साइकिल रेश के प्रथम विजेता रामबिलास पासवान को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कुडु मनोरंजन कुमार, अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह, लाल बाल किशोर नाथ शहदेव, खेल विभाग के प्रतिनिधि लखन राम सहित प्रखंड कर्मी, खिलाड़ी एवं अभिभावक गण उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज



## डॉ अविनाश बने वीमेंस विवि के नये रजिस्ट्रार

**जमशेदपुर।** झारखंड के राज्यपाल सह कुलाधिपति रमेश बैस के आदेशानुसार डॉ अविनाश कुमार सिंह को जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी का नया रजिस्ट्रार बनाया गया है। डॉ जावेद अहमद को वित्त अधिकारी का दायित्व दिया गया है। राजभवन के आदेश के आलोक में शनिवार को विवि की कुलपति (प्रो) डॉ अंजिला गुप्ता के निर्देश पर दोनों पदाधिकारियों ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया। इस दौरान पहले कुलसचिव के रूप में सेवा देने वाले डॉ प्रभात कुमार सिंह तथा वित्त अधिचारी रहे डॉ पीके पाणि को विश्वविद्यालय परिवार की ओर से विदाई दी गयी। कुलपति ने अपने संबोधन में दोनों पदाधिकारियों की सेवा को अतुलनीय करार दिया। डा.अविनाश कुमार सिंह और डॉ जावेद अहमद अब तक वीमेंस यूनिवर्सिटी में ही सेवाएं दे रहे थे।

## मारवाड़ी सम्मेलन का मेंबरशिप रिनुअल शुरू

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी सम्मेलन साकची शाखा के साधारण सदस्यों की सदस्यता रिनुअल सत्र 2023-2024 के लिए शुरू कर दिया गया हैं, जो 31 जनवरी तक चलेगा। कोई सदस्य चाहे तो साधारण एवं आजीवन सदस्य की नई सदस्यता भी ले सकते है। यह जानकारी सोमवार को साकची शाखा अध्यक्ष महावीर प्रसाद मोदी एवं महासचिव सुरेश कुमार काँवटिया ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

## लिकड़ी को गोली मारने वाला शाहिद गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** बर्मामाइंस थाना क्षेत्र के कैरेज कालोनी रेलवे साइडिंग में गत 5 जनवरी की रात 930 बजे मो. रेयाज उर्फ लिकड़ी को गोली मारने के मामले में पुलिस ने जांच के दौरान छापेमारी कर आरोपी मो. शाहिद को हथियार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शादिह कैरेज कलोनी मुस्लिम बस्ती का रहने वाला है। सिटी एसपी के विजय शंकर ने सोमवार को बताया कि घटना में और 4-5 लोग भी शामिल थे, जिसकी गिरफ्तारी के लिये पुलिस छापेमारी कर रही है।

## चंद्रशेखर मिश्रा के छोटे बेटे ने दी जान, शोक

**जमशेदपुर।** भाजपा पूर्वी सिंहभूम के पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर मिश्रा के छोटे बेटे टिंकू मिश्रा (34) ने भालुबासा इंदिरानगर आवास पर सोमवार को आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी परिवार के लोगों को सोमवार को तब मिली जब उसके कमरे का दरवाजा सुबह देर तक जब नहीं खुला। इसके बाद परिवार के लोगों ने बाहर से आवाज लगायी। वापस जवाब कुछ भी नहीं मिलने पर अंततः दरवाजा तोड़कर परिवार के लोग भीतर गये तब उसका शव फंदे पर झूल रहा था।

## एनएच-33 पर ट्रेलर ने बाइक रौंदा, एक की मौत

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के एमजीएम थाना क्षेत्र के एनएच 33 पर बालीगुमा मेन रोड पर सोमवार को काम के लिये बाइक से जा रहे दो मजदूरों को एक ट्रेलर ने रौंद दिया. घटना में बाइक सवार फातु माहली (28) की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी, जबकि उसका साथी रवि माहली गंभीर रूप से घायल है। रवि का इलाज टीएमएच में चल रहा है। फातु माहली पटमदा थाना क्षेत्र के हलुदबनी का रहने वाला था।

## जमशेदपुर : कल मनेगी दीना बाबा की जयंती

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के पूर्व विधायक श्रद्धेय दीनानाथ पांडेय की पुण्यतिथि पर लक्ष्मीनगर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय भवन के प्रांगण में दीना बाबा की प्रतिमा स्थली के पास भाजमो युवा मोर्चा कार्यक्रम आयोजित करेगा। प्रात:10 से 12 बजे तक भाजमो जमशेदपुर महानगर के तमाम कार्यकर्ता प्रतिमा स्थल के पास जुटेंगे और दीना बाबा को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। इस अवसर पर क्षेत्र के विधायक सरयू राय की विशेष उपस्थिति रहेगी। इसकी जानकारी भाजमो के महानगर अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव और युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अमित शर्मा ने संयुक्त रुप से दी।

# टाटा मोटर्स ने शुरू की ऐस ईवी की डिलीवरी लास्ट-माइल डिलीवरी में होगा नये युग का आगाज

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** भारत में कमर्शियल व्हींकल बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी टाटा मोटर्स ने आज नये ऐस ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) की डिलीवरी शुरू करके इंट्रा-सिटी कार्गो ट्रांसपोर्ट के लिये परिवहन के स्थायी समाधान प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। ऐस ईवी भारत का सबसे एडवांस्ड, शून्य-उत्सर्जन करने वाला, फोर-व्हील का छोटा कमर्शियल वाहन है। क्रांतिकारी ऐस ईवी का पहला बेड़ा अग्रणी ई-कमर्स, एफएमसीजी और कुरियर कंपनियों तथा उनके लजिस्टिक्स सेवा प्रदाताओं जैसे कि अमेजन, डिल्हीकवरी, डीएचएल (एक्सप्रेस एवं सप्लाई चेन), फेडएक्स, फ्लिपकार्ट, जन्सन एण्डस जन्सन कंज्यूजमर हेल्थ, मूविंग, सेफेक्सप्रेस और ट्रेंट लिमिटेड को दिया गया है। ऐस ईवी के पहले बेड़े को हरी झंडी दिखाते हुए टाटा मोटर्स के कार्यकारी निदेशक गिरीश वाघ ने कहा कि भारत की सड़कों पर ऐस ईवी का आना शून्यं-उत्सर्जन वाले कार्गो परिवहन के सफर में एक बड़ा कदम है। हमारे भागीदारों के साथ मिलकर बनाया गया यह संपूर्ण समाधान अंतर्शहरी वितरण की विभिन्न जरूरतों को प्रभावी तरीके से पूरा करता है और सभी साझीदारों को शानदार मूल्य प्रस्ताव प्रदान करता है। अपने ग्राहकों के भरोसे और समर्थन के लिये हम आभारी हैं। ऐस ईवी को मिली प्रोत्साहक प्रतिक्रिया हमें स्थायी परिवहन के लिये अपने प्रयासों को गति देने और नेट-जीरो से जुड़ी देश की आकांक्षाओं में सहयोग देने के लिये प्रेरित करती है।

# सात दिन धरना देने से नहीं बनी बात अब आमरण-अनशन पर बैठी मुखिया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** उत्तरी करनडीह पंचायत में आवंटित सरकारी जमीन पर पंचायत भवन बनाने एवं उसी जमीन पर धड़ल्ले से चल रहे अवैध निर्माण को बंद करवाने की माँग को लेकर आज मुखिया सीनी सोरेन, पंचायत समिति सदस्य संगीता पात्रो एवं उप मुखिया चांद मनी देवी सातवें दिन के बाद अनिश्चितकालीन आमरण अनशन भूख हड़ताल पर बैठ गई है। इस दौरान जिला परिषद सदस्य पूर्णिमा मलिक एवं कविता परमार ने तीनों पंचायत प्रतिनिधियों को माला पहना कर आमरण अनशन पर बैठाई है। इस मौके पर दोनों पंचायत समिति सदस्यों ने अपना पूर्ण समर्थन और सहयोग देते हुए कहीं की अवैध निर्माण को अविलंब रोक लगाते हुए शेष जमीन पर पंचायत भवन का निर्माण होना चाहिए। जिला परिषद सदस्य कविता परमार ने एडीएम नंदकिशोर लाल से बात कर समस्या का समाधान करने को कही है।



आमरण अ नशन पर बैठी मुखिया सीनी सोरेन व सहयोगी।

**अवैध निर्माण कार्य करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी :- एसडीओ**

जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के विधायक मंगल कालिंदी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल एसडीओ पीयूष सिन्हा से मुलाकात कर 4 सूत्री मांग पत्र सौंपा है। एसडीओ पियुष सिन्हा को अब तक की वस्तु स्थिति से विस्तृत रूप से अवगत करवाया गया। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि महिला मुखिया पिछले 7 दिन से अनिश्चितकालीन धरना पर बैठने के पश्चात आज आमरण अनशन पर बैठ गई है। मगर कोई भी पदाधिकारी इसकी जनहित से संबंधित समस्याओं पर पहल नहीं कर रहे हैं।

# जमशेदपुर को और सुव्यवस्थित सुंदर बनाना हमारा संकल्प है : बन्ना गुप्ता

➲ चैंबर भवन में स्वास्थ्य मंत्री ने व्यापारियों को किया संबोधित

खबर मन्त्र ब्यूरो





व्यापारी समुदाय को संबोधित करते मंत्री बन्ना गुप्ता और कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारीगण।

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चौम्बर ऑफ कमर्स एंड इंडस्ट्री के आमंत्रण पर स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता चैम्बर भवन में गत शनिवार को चैम्बर के सदस्यों को संबोधित किया। मौके पर चैंबर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने माननीय मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व अध्यक्षगणों एवं उपस्थित सदस्यों का का स्वागत करते हुये कहा कि मंत्री व्यवसायियों एवं उद्यमियों की समस्याओं के निराकरण हेतु हमेशा तत्पर रहे हैं। चैंबर को जब भी इनकी जरूरत हुई और समस्याओं से अवगत कराया ये हमेषा इनके निराकरण के लिये तत्पर रहे और राज्य के मुख्यमंत्री तक हमारी आवाज पहुंचाई, विधानसभा में हमारी आवाज बने चाहे वह जमषेदपुर के विधि-व्यवस्था हो, सैरात बाजार के किराया निर्धारण का मुद्दा हो, कृषि बाजार शुल्क का मामला हो इन्होंने आगे बढ़कर हमारा समर्थन किया और इन समस्याओं का निराकरण किया।

मूनका ने कहा कि जुगसलाई रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण मे हो रही देरी को देखते हुये इन्होंने वहां का दौरा किया और जल्द से जल्द से पूरा करने हेतु प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देष दिया और आज ओवरब्रिज तैयार होकर हमारे सामने है।

मंच संचालन करते हुये मानद महासचिव मानव केडिया ने उन्हें मंच पर आमंत्रित किया तथा पदाधिकारियों ने सम्मानित किया।

मंत्री बन्ना गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि वो आज इस मुकाम पर जमशेदपुर वासियों की बदौलत है। उन्हें जो काम करना होता है उसे वो अपनी सीमा से आगे जाकर भी उसे पूरा करवाते हैं। जमशेदपुर बहुत ही अच्छा और खूबसूरत शहर है लेकिन फिर भी इसमें जो कमी है उसे पूरा करते हुये इसे और अच्छा शहर बनायेंगे। एयरपोर्ट, संबंधित मंत्रालय से बात किया जा रहा है। क्योंकि यह अत्यंत आवश्यक है। रेलवे ओवरब्रिज में स्ट्रीट हेतु झारखण्ड सरकार ने राशि निर्गत की है जितनी जल्दी हो सके इसे पूरा करवायेंगे। जुगसलाई एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है जहां पर एक फायर स्टेशन के मुद्दे को भी ध्यान में रखे हैं जिसे जल्द से जल्द पूरा करवाने का प्रयास करेंगे। टाटा पिगमेंट से स्टेशन तक रोड चौड़ीकरण हेतु स्थानीय स्तर प्रषासनिक अधिकारियों से वार्ता कर पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं जिससे यहां जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। स्थानीय लोगों ने आग्रह किया था कि पार्वती घाट के आसपास हाईमास्ट लाईट की व्यवस्था हों, इसके लिये भी वे प्रयासरत हैं और इसकी व्यवस्था जल्द होगी। डोबो ब्रिज में आवाजाही को लेकर हो परेशानी को देखते हुये दोमुहानी से लेकर ब्रिज तक फोरलेन रोड बनाने हेतु प्रयास चल रहा है। जमशेदपुर में सुदृढ़ यातायात व्यवस्था हेतु अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड भी जल्द शहरवासियों को उपलब्ध होगा, ऐसा आश्वासन उन्होंने दिया।

## एक नजर में

### राष्ट्रपति से मिले राजेश शुक्ल, कई विषय पर चर्चा



**जमशेदपुर।** झारखंड स्टेट बार कौंसिल के वाईस चेयरमैन और राज्य के सुप्रसिद्ध वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल ने आज नई दिल्ली में भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की और उन्हें अपनी तरफ से और राज्य के अधिवक्ताओं की तरफ से शुभकामनाएं दी और शॉल भेंटकर उनके प्रति सम्मान जताया। श्री शुक्ल ने राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू को झारखंड सहित देश के अधिवक्ताओं की कठिनाइयों से भी अवगत कराया। साथ ही अन्य सामाजिक और शैक्षणिक विषयों के प्रति भी उनका ध्यान आकृष्ट कराया।

### झारखंड क्षत्रिय महिला संघ का वनभोज संपन्न



**जमशेदपुर।** गत दिनों झारखंड क्षत्रिय महिला संघ ने सिदगोड़ा सूर्य मंदिर में वन भोज किया। लजीज व्यंजन के साथ क्षत्राणियों ने खेलकूद और भरपूर मस्ती और कई प्रतियोगिताएं हुईं। म्यूजिकल चेयर रेस में सरिता आदित्यपुर से प्रथम और निशा सिंह मानगो से द्वितीय रहीं। मोमबत्ती जलाओ प्रतियोगिता में अल्का सिंह, संगीता सिंह और रेणु सिंह विजेता रहीं। अध्यक्ष डॉ कविता परमार, महासचिव मंजू सिंह, उपाध्यक्ष गिनू सिंह और ललिता सिंह ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

### जेएनएसी अधिकारियों ने किया सेल्टर हाउसों का निरीक्षण



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के अंतर्गत चलने वाले शेल्टर होम की सोमवार को नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग से आये स्टेट मिशन मैनेजर अंतदेव कुमार एवं नगर मिशन प्रबंधक सलिल तिर्की ने आश्रय गृह का निरीक्षण किया एवं चलाने हेतु चयनित एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक कर निर्देश दिये। साकची मार्केट, बिस्टुपुर मार्केट, एमजीएम अस्पताल में फुटपाथ पर सोने वाले लोगों को आश्रय गृह की सुविधा एवं लाभ के बारे में बताने एवं उन्हें आश्रय गृह लाने को कहा गया।

### सहारा इंडिया की टीम पूर्व सीएम रघुवर की शरण में



**जमशेदपुर।** सहारा सेबी विवाद को लेकर संकट के दौर से गुजर रहे सहारा इंडिया के जमशेदपुर एवं टाटानगर रीजन के अधीन तमाम कार्यालयों एवं फ्रेंचाइजी प्रमुख ने सोमवार को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास से उनके आवास पर एक शिष्टाचार मुलाकात करते हुए उन्हें नूतन वर्ष की बधाइयां देते हुए वर्तमान में सहारा-सेबी विवाद को लेकर हो रही परेशानियों से अवगत कराया। रघुवर ने सहारा समूह के अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को आशवस्त किया कि उनकी समस्याओं से गृह मंत्री सह को-ऑपरेटिव सोसाइटी के चेयरमैन अमित शाह को अवगत कराते हुए सभी समस्याओं का जल्द से जल्द निष्पादन का आग्रह किया जाएगा। मौके पर टाटानगर के रीजनल मैनेजर राजीव कुमार, जूनियर प्रोग्रामर मनोज मिश्रा, रीजनल सलाहकार दिलीप शर्मा, फ्रेंचाइजी मैनेजर सहित फील्ड के कार्यकर्ता थे।

### मोदी विचार मंच ने हीरा बेन को दी श्रद्धांजलि

**जमशेदपुर।** नरेंद्र मोदी विचार मंच, जमशेदपुर महानगर ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वर्गवासी पूज्यमाता हीराबेन की स्मृति में 03:30 बजे तुलसी भवन, प्रयाग कक्ष, बिस्टुपुर में एक श्रद्धांजलि सभा कर उनकी पुण्यात्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। विगत 30 दिसंबर 2022 को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की माता जी पूज्यनीय हीराबेन दामोदर दास मोदी जी का स्वर्गवास यूएन मेहता हॉस्पिटल, अहमदाबाद में इलाज के दौरान हो गया था। नरेंद्र मोदी विचार मंच के कार्यकर्ताओं ने सर्वप्रथम पूजनीय हीराबेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रधांजलि अर्पित किया तत्पश्चात सभी कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर स्वर्गवासी हीराबेन के पुण्य आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना किया। इस अवसर पर नरेंद्र मोदी विचार मंच झारखंड प्रदेश के संयोजक अश्विनी कुमार झा,भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ड राजीव कुमार, प्रदेश संगठन मंत्री सुजीत वर्मा,सामाजिक कार्यकर्ता राधे श्याम तिवारी, मानवाधिकार आयोग के प्रदेश अध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश कुमार किनु, चिंटू कुमार, राहुल कुमार, राजेश श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

### क्षत्रिय संघ टेल्को इकाई का मिलन समारोह 22 को



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर झारखंड क्षत्रीय संघ टेल्को की बैठक लोयला बीएड कॉलेज के समीप रत्न सिंह के आवास में टेल्को इकाई के ओम प्रकाश की अध्यक्षता में दिनांक 8 जनवरी में बैठक हुई जिसमे सैकड़ों की संख्या में क्षत्रिय उपस्थित रहे। बैठक में क्षत्रिय संघ के महासचिव मंजू सिंह अनूप सिंह सुदेश सिंह शैलेंद्र सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। आगामी कार्यक्रम परिवारिक मिलन समारोह सा पिकनिक का आयोजन 22 तारीख को होने की सहमति बनी है जिसमें टेल्को इकाई की कमेटी की घोषणा की जाएगी। मंजू सिंह और ओमप्रकाश सिंह ने कहा आगामी कार्यक्रम मिलन समारोह में लगभग 6000 से 7000 की संख्या में क्षत्रिय का मिलन समारोह सब पिकनिक का आयोजन करा रहे हैं जिसमें मेरे साथ 8 लोगो का टीम बनाए हैं जिसमें अमित सिंह, पप्पू सिंह, हितेशी सिंह, बिनोद सिंह, अनूप सिंह,रमेश सिंह, टोनी सिंह, प्रहलाद सिंह, संतोष सिंह को साथ में रखकर जिम्मेदारी दी गई। हमलोग को एक प्लेटफार्म में रहकर समाज के हित में कार्य करना है सभी राजपूत समाज को जोडकर चलना है आने वाले समय में बच्चियों की शादी, पढ़ाई- लिखाई में समाज में मदद करेंगे। हमारा एक उद्देश है सभी को एक बराबर ले कर चलना किसी में कोई भेद भाव नहीं हो। अंत में धन्यवाद ज्ञापन अमित सिंह ने किया। कार्यक्रम में हेमंत सिंह, मनोज सिंह, श्रीकांत सिंह, पंकज सिंह, अमित सिंह, बिनोद सिंह, रमेश सिंह, टोनी सिंह,सम्राट सिंह, अरुण सिंह,सुनील सिंह ,रवि सिंह, गौरव सिंह समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

# घाटशिला में तीन दिवसीय फ्लावर शो का हुआ उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो



फ्लावर शो में उपस्थित महिला अतिथि।

**घाटशिला/जमशेदपुर।** झारखंड उदय न्यूज घाटशिला फ्लावर शो कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में पांचवें घाटशिला फ्लावर शो 2023 का उद्घाटन सोमवार को मिस ग्लोब इंटरनेशनल इंडिया की विजेता तानिया सिन्हा ने फीता काटकर किया। मौके पर मिस टिन प्रतियोगिता की विजेता हर्षिका गुप्ता के साथ -साथ स्पोर्ट्स मॉडल विजेता श्रुति अधरजी उपस्थित थीं।

मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तान्या ने कहा कि उनके लिए बहुत हर्ष की बात है कि उनके हाथों आज घाटशिला फ्लावर शो 2023 का उद्घाटन हुआ उन्हें फूलों से काफी लगाव है इसलिए भी उनके लिए यह गौरव का पल है। मौके पर बिरसा फन सिटी के संस्थापक लोकपति सिंह ने कहा की फूलों की भी अपनी ही दुनिया है इस फ्लावर शो से यही एहसास हो रहा है।

# कुख्यात अपराधी चौड़ा राजू उर्फ अब्दुल्ला अंसारी गिरफ्तार

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

**चांडिल।** सोमवार को चांडिल एसडीपीओ संजय कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता कर बताया कि चांडिल थाना के कपाली ओपी क्षेत्र के गौसनगर से कुख्यात अपराधी चौड़ा राजू उर्फ अब्दुल्ला अंसारी को पुलिस की गठित विशेष टीम ने धर दबोचा है। अपराधी चौड़ा राजू सरायकेला जिला के तिरुलडीह थाना क्षेत्र के चौड़ा गांव के रहने वाले है। एसडीपीओ ने बताया कि इस अपराधी के खिलाफ कई अपराधिक इतिहास है जिसमें चोरी, लुट, डकैती, हत्या, रंगदारी, आर्म्स एक्ट जैसे कांड सामिल है। इस अपराधी के खिलाफ पं बंगाल के बाघमुंडी थाना में कांड संख्या 20/2003 कांड संख्या 49/2003 ईंचागढ थाना कांड संख्या 09/2004 तिरुलडीह थाना कांड संख्या 03/2010, 15/2010 दिनांक 22/12/2011 में 17/2011 आर्म्स एक्ट, दिनांक 13/02/2010 में काण्ड संख्या 17/11 एवं गालूडीह थाना काण्ड संख्या 49á13 दर्ज है।



गिरफ्तार अपराधी को प्रेस के सामने प्रस्तुत करते एसडीपीओ।

# जहां भी टुसू मेला लगेगा वहां मूर्ति नहीं, सिर्फ चौड़ाल : मंच

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** वृहद झारखंड कला संस्कृति मंच की डहरे टूसू परब कमेटी ने एक बयान जारी कर कहा है कि रविवार को डहरे टुसू परब में भाग लेने आये सभी माताओं -बहनों को धन्यवाद है। जितने भी लोगों ने प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग किया सभी को धन्यवाद दिया। कमेटी ने आगे बताया कि इस कार्यक्रम में बृहद झारखंड के लाखों लोगों का भागीदारी रहा। कमिटी ने बताया कि कार्यक्रम में कमिटी का नाम मात्र का खर्च हुआ। टुसु का नाम सुनते ही हमलोगों जेहन में अभी मूर्ति आता है लेकिन आदिवासी परम्परा में मूर्ति का कोई स्थान नहीं है। टुसु में मूर्ति अन्य संस्कृति के सम्पर्क में आने के बाद से प्रारम्भ हुआ था.अपने भाषा संसति सभ्यता को फिर से स्थापित करने के लिए डहरे टुसु का आयोजन किया गया था.। इस कार्यक्रम में




रविवार को जमशेदपुर में निकाला गया डहरे टुसू परब जुलूस का दृश्य।

# 11 को एएसजी आई हॉस्पिटल का सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** 11 जनवरी को एएसजी नेत्र चिकित्सालय समूह द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत देश भर में स्थितअपने सभी हॉस्पिटलों के माध्यम से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह 2023 जनजागरूकता अभियान के रूप में मनाया जाएगा। सड़क सुरक्षा सप्ताह एक राष्ट्रीय कार्यक्रम हैद्य जिसका उद्देश्य जनता में यातायात नियमों के बारे में जागरूकता को बढ़ाना है, ताकि सड़क हादसों में कमी लाई जा सके। इस अभियान के तहत आम जनता को जागरूक करने के लिए यातायात नियमों के बारे जानकारी प्रदान कर सड़क हादसों में कमी लाने के सकारात्मक प्रयास किये जाते है। देश भर में पिछले वर्ष लगभग 15 लाख से अधिक लोगो ने सड़क हादसों में अपनी जान गवा दी है। इन तथ्यों के बारे में जानकारी होने पर एएसजी नेत्र चिकित्सालय समूह के संस्थापक डॉ अरुण सिंघवी और डॉ शिल्पी के निर्देशों एवं एएसजी नेत्र चिकित्सालय समूह समाज के प्रति अपने दायित्वों की पूर्ति को लेकर संकल्प लिया गया।

# स्कीन विशेषज्ञ बताने वाले झोला छाप डॉक्टरों से बचें रोगी : विशेषज्ञ

खबर मन्त्र ब्यूरो



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते डा राजीव कुमार ठाकुर व अन्य डॉक्टर।

**जमशेदपुर।** गत शनिवार को जमशेदपुर में आईएडीवीएल झारखण्ड के बैनर तले एक संवाददाता सम्मेलन का आयोजन होटल दयाल इंटरनेशनल में किया गया। संवाददाता सम्मेलन में डॉ राजीव ठाकुर, डॉ राजु कुमार, डॉ एएन झा, डॉ एजे भुरी, डॉ बनश्री मजुमदार, डा निकिता गुप्ता एवं डॉ पल्लवी ने संबोधित किया।

उक्त संवाददाता सम्मेलन में स्कीन (त्वचा) विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी बातों को विस्तार पूर्वक रखते हुए कहा कि जमशेदपुर में आज की तारीख में बिना डिग्री के भी बहुत सारे झोला छाप डक्टर जो अपने आप को स्कीन (त्वचा) विशेषज्ञ डॉक्टर बताकर भोले-भाले मरीजों का ईलाज करते हैं जिससे उक्त बिमारी तो ठीक नहीं होती उल्टे और अधिक बढ़ जाती है और उन्हें ठीक करने में जो सही के त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हैं उन्हें उक्त रोग के बढ़ जाने पर ठीक करने में अधिक समय की बर्बादी, मरीजों का अधिक पैसा का नुकसान के साथ-साथ कई रोग असाध्य भी हो जाते हैं।

उक्त संवाददाता सम्मेलन से जमशेदपुर के डर्माटोलोजिस्ट डॉक्टरों के एशोसिएशन ने अपने सभी रजिस्टर्ड डॉक्टर का नाम और पता बताया और कहा कि यह सभी डॉक्टर आईएडीवीएल जो एक संस्था है जिसमें पोस्ट ग्रेजुएट करने के बाद वहां से मेंबरशिप नंबर मिलती है और यह मेंबरशिप किसी झोला छाप डॉक्टर के पास नहीं होता है। जमशेदपुर के नागरिक चाहें तो वह अपने मोबाईल से ही डॉक्टर की डिग्री को आसानी से चेक कर सकते हैं। स्कीन (त्वचा) विशेषज्ञ डॉक्टर बनने के लिए पहले एमबीबीएस करने के बाद दो साल का डिप्लोमा और 3 साल का डिग्री कोर्स करना पड़ता है। इसके बाद भी सर्टिफिकेशन कोर्स करने के बाद एक जेन्युईन आईएडीवीएल सर्टिफाईड स्कीन डॉक्टर ही प्रैक्टीस करने के लिए अधिकृत हैं। एक एमबीबीएस डॉक्टर चर्म रोग का बिना कोई डिग्री लिये हुए चर्मरोग विशेषज्ञ कहलाने का अधिकृत नहीं है।

स्पीड न्यूज

## पूर्व मंत्री की शव यात्रा में शामिल हुए डॉ ईश्वर



**बिश्रामपुर (पलामू)।** प्रदेश के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री भानु प्रताप शाही के पिता पूर्व मंत्री हेमेंद्र प्रताप देहाती की शव यात्रा में भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी भी शामिल हुए। श्री चंद्रवंशी दाह संस्कार में भी भाग लिये। कहा कि पलामू प्रमंडल ने अंतिम समाजवादी नेता को खो दिया। मौके पर रविंद्र पासवान, पवन गुप्ता, रघुराज पांडेय, पप्पू पांडे, रामलला दुबे आदि थे।

## शबरी जयंती धूमधाम से मनायेगा भुइयां समाज



**नौडीहा बाजार (पलामू)।** अखिल भुइयां समाज कल्याण समिति ने नौडीहा बाजार प्रखंड के सिंघना मे भुइयां समाज की बैठक चराई-2 मुखिया प्रतिमा देवी की अध्यक्षता में हुई। जिसका सफल संचालन नागेंद्र भुइयां ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि मनोज भुइयां थे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी माता सबरी की ऐतिहासिक जयंती मनायी जायेगी। मौके पर राजीव रंजन भुइयां, विनय भुइयां, कमलेश भुइयां, रामचंद्र भुइयां, शिव भुइयां, मुखलाल भुइयां आदि थे।

## किसान पुत्र शक्ति मोर्चा का बीडीओ को ज्ञापन



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के किसान पुत्र शक्ति मोर्चा हुसैनाबाद के बीडीओ को एक ज्ञापन देकर कुकही नदी में अस्थायी रूप से चेक डैम निर्माण कराकर जल संचयन करने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि उत्तर कोयल परियोजना से बिहार पानी जाता हैं। जबकि हुसैनाबाद में प्रति वर्ष किसान अकाल और सुखाड़ से जूझते हैं। मोर्चा ने पत्र की प्रतिलिपि विधायक एवं जिप उतरी तथा क्षेत्र के मुखिया को भी दिया गया हैं। मौके पर अधिवक्ता रंजन मेहता एवं उनके सहयोगी उपस्थित थे।

## शव गांव पहुंचते ही गांव में छाया मातम



**पड़वा पलामू।** रविवार को लातेहार मनिका दोमुहान के पास हुई भीषण सड़क दुर्घटना में मुरमा मुखिया कमला देवी के भतीजा पीयूष गुप्ता (19) की मौत हो गयी। पीयूष अपने दोस्तों के साथ शाम को मेदिनीनगर से लातेहार लौट रहा था। इसी बीच मनिका दोमुहाना के पास ट्रक और कार में भीषण टक्कर हो गई। जिसमें घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मालूम हो कि पीयूष मुरमा के संजय गुप्ता का इकलौता पुत्र था। पीयूष का शव सोमवार को पैतृक गांव मुरमा पहुंचते ही गांव में मातम का माहौल छा गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## कजरू कला को हरा फुलिया चैंपियन




**पांडू पलामू।** क्रिकेट महासंग्राम फुलिया 2023 ने विद्युत उप केंद्र कूटमू के बगल में क्रिकेट टूर्नामेंट कराया। फाइनल मैच में कजरू कला टीम के बीच खेला गया। कजरू कला की टीम ने ने पहले बैटिंग करते हुए कुल 14 ओवर में 124 रन बनाया। इसके जवाब में फुलिया की टीम ने तेरहवें ओवर में 1 विकेट रहते 125 रन बनाकर फाइनल मैच को जीत लिया। इसके पूर्व पहला सेमीफाइनल तीसीबार और फुलिया के बीच हुआ। जिसमें फुलिया की टीम विजई रही। दूसरा सेमीफाइनल मैच कजरू कला और गगन केड़ी की टीम के बीच खेला गया। जिसमें कजरू कला की टीम विजेता रही। मौके पर मुख्य अतिथि पलामू जिला प्रमुख संघ अध्यक्ष गीता देवी, राजद प्रदेश महासचिव पप्पू सिंह, फुलिया मुखिया कलावती देवी, उप मुखिया शैलेश पाल, पंचायत समिति सदस्य गायत्री देवी थे।

## ग्राम सभा में कई योजनाओं का चयन


**उंटारी रोड पलामू।** प्रखंड के जोगा पंचायत के दरुआ गांव स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के समीप विशेष ग्राम सभा की गयी। ग्राम सभा में पंचायत सचिव पंकज कुमार, रोजगार सेवक अवधेश विश्वकर्मा, मुखिया प्रतिनिधि रामकृष्ण पाल शामिल थे। वार्ड सदस्य संजू देवी की अध्यक्षता में हुई ग्राम सभा से कई योजनाएं चुनी गयी। मुखिया प्रतिनिधि रामकृष्ण पाल ने प्राथमिकता के अनुसार एक एक कर काम करने की बात कही। मौके पर पंसस सुनैना देवी, काशीनाथ चौधरी, रामप्यारी पाल, रमेश चौधरी, सीता राम, नीरज चंद्रवंशी, शिवकुमार पाल, रवि चंद्रवंशी, रमौती देवी, सबिता देवी थे।

## विकसित हो रहा है बिश्रामपुर : डॉ लीली



**बिश्रामपुर (पलामू)।** कोशियार रोड में साईं अल्ट्रासाउंड सेंटर खुला। बिश्रामपुर के पहले अल्ट्रासाउंड सेंटर का उद्घाटन चिकित्सा प्रभारी डॉ लीली एस्टला पूर्ति, थाना प्रभारी शशि रंजन, सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय, एएसआई अनंत कुमार सिंह व विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने किया। डॉ लीली ने कहा कि स्वास्थ के क्षेत्र में भी बिश्रामपुर विकसित हो रहा है। यहां अल्ट्रासाउंड सेंटर का खुलना इस बात को साबित भी करता है। थाना प्रभारी शशि रंजन ने कहा कि बिश्रामपुर स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर होता जा रहा है। संचालक डीके पांडेय ने बताया कि सरकारी गाइड लाइन का पालन अत्याधुनिक मशीन व प्रशिक्षित टेक्नीशियन यहां उचित शुल्क के साथ अल्ट्रासाउंड करेंगे। मौके पर मजदूर नेता मनोज शुक्ला, डब्लू चौबे, डॉ पाल, दिनेश दुबे, कामता पांडेय, संजय उपाध्याय सहित कई लोग मौजूद थे।

## अलीपुर को 2-1 से हरा काजीनगर चैंपियन



**नौडीहा बाजार / छतरपुर (पलामू)।** सरईहीह के मैदान पर विगत एक माह से चल रहा जय हिंद फुटबॉल टूर्नामेंट मैंच का समापन हो गया। फाइनल महामुकाबला छतरपुर प्रखंड के अलीपुर बनाम हैदरनगर प्रखंड के काजीनगर टीम के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि नौडीहा बाजार के थाना प्रभारी अमन कुमार और छतरपुर नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के भावी उम्मीदवार अरबिंद गुप्ता ने उद्घाटन किया। फाइनल मैच में अलीपुर को 2-1 से पराजित कर काजीनगर टीम ने शील्ड पर कब्जा जमाया। मैदान पर दोनों टीमों में जोरदार टक्कर रही। लेकिन अंतिम तक कजीनगर ने अलीपुर को दबाव में रखा। मौके पर पूर्व जिप सदस्य सीता राम, पूर्व मुखिया विजय प्रसाद, समिति अध्यक्ष सह मुखिया पति रामबली पासवान, सचिव सह मुखिया पति धनंजय गुप्ता, उपाध्यक्ष पंकज कुमार आदि मौजूद थे।

# मनरेगा में लूट मचानेवालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : डीडीसी

- मनरेगा योजना को लूटने वाले हो जाये सावधान
- होगी प्राथमिकी, राशि का हो सदुपयोग : डीडीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला में मनरेगा योजना काफी सुर्खियों में रहता है। इस योजना के तहत किए जाने वाले विकास योजना को बिचौलिए अपने मनमानी तरीके से कार्य का संपादन कर पैसा निकासी कर लेते हैं। जिसमें लूट मची रहती है। आये दिन इस योजना को लेकर जिला प्रशासन के बीच कई मामले आते रहते हैं।

### सभी कार्यों की होगी स्थलीय जांच, पकड़े गये तो...



शिकायतें आती हैं कि मनरेगा योजना के तहत काम किया नहीं गया और पैसे की निकासी कर ली गई या इस योजना में मशीन से कार्य कराया गया है। जबकि यह योजना सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इसके तहत गरीब मजदूरों को रोजगार देने की गारंटी दी जाती है। इस संबंध में पलामू जिला के नव पदस्थापित आईएएस उप विकास आयुक्त सह मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त रवि आनंद ने कहा कि मनरेगा योजना में लूटने वाले अब सचेत हो जाए। इसमें लूट की छूट नहीं दी जायेगी। पूर्व में इस योजना के तहत जितने भी काम हुए हैं। उसका भी स्थलीय जांच करा कर संबंधित लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। सरकारी राशि का सदुपयोग शत प्रतिशत कराया जायेगा। मनरेगा योजना के तहत पलामू जिला के किसी भी प्रखंड में यदि अनियमितता पाई गई तो संबंधित विभागीय कर्मचारी से लेकर अभिकर्ता पर भी कानूनी कार्रवाई होगी। पलामू में विकास कराने के लिए कई संभावनाएं हैं। जिसे पूरा करने का प्रयास किया जायेगा। ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत मिले ऐसा प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार का जो भी योजना है उस योजना का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे ऐसा पहल किया जायेगा। नगर निगम के सवाल पर उन्होंने कहा कि नगर निगम में अभी बहुत कुछ करना बाकी है। जिसे सरकार के प्राप्त निर्देश के आलोक में किया जायेगा। स्थापना की बैठक कर यह देखा जाएगा कि नगर निगम में कितने कर्मी कार्य कर रहे हैं तथा कितने कर्मी की आवश्यकता है।

# अपराधी और उनके गिरोह पर पुलिस कसेगी शिकंजा : एएसपी ऋषभ गर्ग

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला में एक समय ऐसा था कि उग्रवादी एवं अपराधी एक साथ घटनाओं को अंजाम देते थे। जिससे जिलावासी भयभीत रहते थे। पलामू पुलिस पूर्व में उग्रवादियों पर काफी हद तक सफलता पा चुकी है। लेकिन अपराधिक घटनाओं पर 100% सफलता नहीं मिली है। पलामू जिले में कई आपराधिक गिरोह हैं जो समय-समय पर घटनाओं को अंजाम देते रहते हैं। जिससे लोग भयभीत रहते हैं और पुलिस भी परेशान रहती है।

### भयमुक्त समाज की स्थापना ही पुलिस का उद्देश्य



इस संबंध में नव पदस्थापित एएसपी सह सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग ने कहा कि भयमुक्त समाज का अस्थापना कराना ही पुलिस का उद्देश्य है। लेकिन इसमें जन सहयोग की आवश्यकता पुलिस को होती है। यदि लोग अपनी सक्रियता को दिखाएं और पुलिस को साथ दें तो भयमुक्त समाज की स्थापना कराना कोई बड़ी बात नहीं है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे अपराधी एवं अपराधिक गिरोह के लोगों को चिह्नित कर गिरफ्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपराधी अपने आप में सुधार लाएं वरना पुलिस किसी भी कीमत पर बकसने वाली नहीं है। श्री गर्ग ने आम लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि अपने अपने बच्चों की सक्रियता पर विशेष नजर रखें, और बच्चों का संपर्क कैसे लोगों से है इस पर भी अविभावकों को ध्यान देने की जरूरत है। पलामू जिला में कम उम्र के बच्चे अपराध के जगत में अपना पैर रखकर भविष्य खराब कर रहे हैं। ऐसे में अभिभावकों को सचेत रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शहर के सभी चौक चौराहों पर जो पूर्व में सीसीटीवी कैमरा लगाया गया था। उसे पुनः सक्रिय किया जायेगा और यदि आवश्यकता पड़ी 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरा लगाने का प्रस्ताव वरीय अधिकारियों के समक्ष रखा जायेगा। उन्होंने व्यवसायियों से आग्रह करते हुए कहा कि सभी लोग अपने दुकान प्रतिष्ठान पर सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगाएं, और उसे 24 घंटे चालू रखें ताकि आप अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सकें। यदि कोई भी घटना घटित होती है तो उस सीसीटीवी कैमरा के अधार पर पुलिस को अपराधी को पकड़ने में काफी सहूलियत प्रदान होता है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि साइबर अपराध भी बढ़े हैं।

# ब्राह्मण, क्षत्रिय, शूद्र के अलावे बचे सारे वैश्य हैं : गिरीश संघी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रांची में अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के वार्षिक उत्सव का शुभारंभ वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश संघी ने किया। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन झारखंड प्रदेश अध्यक्ष का ताज झारखंड के जाने-माने उद्योगपति ज्ञान शंकर को पहनाकर अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन का प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया। इसमें रांची के अलावे दुमका, धनबाद, गिरिडीह, बोकारो, पलामू, रामगढ़, हजारीबाग एवं झारखंड के कई जिलों के हजारों लोग जुटे थे।

### सभी उप जातियों को एक किया जायेगा : ज्ञान शंकर



प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद ज्ञान शंकर ने कहा हमारा परिवार शुरू से समाज की सेवा में लगा रहता है। मुझे बड़ी जवाबदेही प्रदेश स्तर पर दी गई है, एक नई टीम बनाकर पुराने लोगों के मार्गदर्शन में समाज के सभी लोगों की सुनने वाली संस्था राज्य स्तर पर खड़ी की जायेगी। इसके लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष के अलावे प्रदेश एवं जिले के कई वरीय वैश्य समाज के पदाधिकारियों का आभार जताया। श्री शंकर ने कहा कि अभी रांची आदिवासी हॉस्टल के सामने वैश्य महासम्मेलन का कार्यालय आज से ही खोल दिया जायेगा और जल्द झारखंड इकाई का एक नया भवन बनेगा। रांची में एक बड़ा महासम्मेलन का जुटान होगा। मौके पर राष्ट्रीय महामंत्री उमेश अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि गुड़गांव के पूर्व विधायक गोपाल एस मौर्य, राज्यसभा सांसद अजय मारू, पूर्व अध्यक्ष बलिराम साहू, मेदिनीनगर निगम की महापौर अरुणा शंकर, रांची नगर निगम के उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय, पूर्व महाधिवक्ता झारखंड अजीत कुमार आदि थे।

मौके पर गिरीश संघी ने उद्घाटन करते हुए कहा कि धर्म शास्त्रों में वर्ण व्यवस्था समाज को मात्र चार वर्णों ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र में विभाजित करती है। हमारा वैश्य समाज बहुत बड़ा है। जो लोग ब्राह्मण, क्षत्रिय, शूद्र वर्ण से नहीं आते वे सारे वैश्य हैं। पूर्व में जो लोग जिस चीज का व्यवसाय करते थे उन्हें उसकी जाति बना दी गयी। जैसे लकड़ी का काम करने वाला बढ़ई, मिट्टी का काम करने वाला कुम्हार, लोहा का काम करने वाला लोहार ऐसे कई जाति मिलेंगे। लेकिन सारे लोग व्यवसाय करने वाले थे, ये सारे वैश्य हैं और हमें सबको लेकर चलना है। उन्होंने झारखंड प्रदेश महामंत्री के तौर पर संजय चौधरी की प्रशंसा कर उन्हें दोबारा प्रदेश महामंत्री बनाया।

# जयंती पर ऑस्ट्रेलियन जामुन का पौधा लगाकर पर्यावरणविद ने किया सुंदरलाल बहुगुणा को याद

- बहुगुणा के साथ टिहरी के चामा, चमोली के चिपको से कर्नाटक के अप्पिको आंदोलन में साथ रहे हैं पर्यावरणविद
- पलामू प्रवास के दौरान पर्यावरणविद कौशल के मेदिनीनगर स्थित आवास पर दो बार आये थे बहुगुणा



बहुगुणा जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हैं कौशल और पूनम।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने चिपको मूवमेंट के प्रणेता सुंदरलाल बहुगुणा के 96 वां जन्मदिन मनाया।

जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए पर्यावरणविद कौशल ने बाईपास रोड केपीजे कंपलेक्स के पीछे स्थित आवास पर्यावरण भवन के ऊपर आकाश बाग में पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ ऑस्ट्रेलियन बारहमासी जामुन का पौधा लगाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि बहुगुणा जी उनके द्वारा निजी खर्च पर चलाएं गए निशुल्क पौधा वितरण सह रोपन के 37 वां और पर्यावरण धर्म व वन राखी मूवमेंट के 27 वां वर्ष पूरा होने के उपरांत पड़वा मोड़ एवं टाउन हॉल में निशुल्क पौधा वितरण और पर्यावरण भवन में पानी पंचायत एवं लावारिस सेवा केंद्र का केंद्रीय कार्यालय का उदघाटन वर्ष 2007 में किया था।

उन्होंने बताया कि बहुगुणा जी पलामू प्रवास के दौरान उनके आकाश बाग में शमी पेड़ के नीचे बैठकर घंटों पूजा करते थे। उसी पेड़ के नीचे श्री कौशल ने बहुगुणा जी की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुये कहा कि उन्हें उनके 1977 में टिहरी के चामा ,चमोली के चिपको मूवमेंट से कर्नाटक के अप्पिको आंदोलन समेत देश - विदेश के दर्जनों प्रमुख कार्यक्रमों में शामिल होने का अवसर मिला था।

## पड़वा : पूर्व मंत्री के निधन पर शोक व्यक्त



**पड़वा पलामू।** पूर्व मंत्री सुधा चौधरी ने पूर्व स्वास्थ्य मंत्री लाल हेमेंद्र प्रताप देहाती के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। पूर्व मंत्री सुधा चौधरी ने कहा कि हेमेंद्र प्रताप देहाती का निधन राज्य के लिए अपूर्णीय क्षति है। वे हमेशा गरीबों के हीतों के लिए संघर्ष करते थे। उनकी पहचान एक पुराने समाजवादी नेता के रूप में रही है।

## कांग्रेस की विचारधारा जनता तक पहुंचायें : अजिताभ



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विस क्षेत्र यूथ कांग्रेस कमेटी ने जगत पुरवा मोड़ पर यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम किया। अध्यक्षता लेस्लीगंज युवा कांग्रेस के अध्यक्ष प्रकाश रंजन शुक्ला ने की। मुख्य अतिथि पांकी विस युवा कांग्रेस अध्यक्ष अजिताभ दुबे ने कहा कि यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम से कांग्रेस पार्टी विधानसभा से लेकर बूथ स्तर तक मजबूत होगा। इसमें इंद्र देव तिवारी, धीरेंद्र तिवारी, हिमांशु मिश्रा, आकाश कुमार, राहुल तिवारी थे।

## जगदीश बने सरस्वती पूजा कमेटी के अध्यक्ष



**मनातू पलामू।** ग्राम पंचायत बंशी खुर्द के बंशा उमवि स्कूल प्रांगण में सरस्वती पूजा को लेकर सरस्वती पूजा कमेटी गठित की गयी। पूजा कमेटी के अध्यक्ष सर्वसम्मति से जगदीश सिंह, सचिव अंतु यादव, उपसचिव शौकत खां, कोषाध्यक्ष बलराम सिंह, उपाध्यक्ष मिट्ठू चंद्रवंशी, संयोजक मुकेश रवि बने। सदस्य अजय सिंह, रामनाथ यादव, शंकर कुमार, बिट्ठू चंद्रवंशी, संतोष यादव, रामू भुइयां, आशीष मेहता, रोहन यादव, बुधन भुइयां, जयश्री सिंह, घुजा भुइयां, जागृत सिंह, नारायण भुइयां उपस्थित थे।

## तुकबेरा पंचायत में की गयी विशेष ग्रामसभा



**नावा बाजार पलामू।** पंचायत सचिवालय तुकबेरा के सभागार में ग्राम सभा तुकबेरा पंचायत मुखिया सह नावा बाजार प्रखंड के मुखिया संघ अध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा की अध्यक्षता में की गयी। जिसमें मनरेगा के 15वें वित्त, पशुपालन, स्वच्छ भारत मिशन आदि विभागों की योजनाओं का चयन सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति में की गयी। मुखिया ने कहा कि वैसी योजनाएं चुननी हैं, जो जनहित में है। योजनाओं से सभी को लाभ मिले इसका ध्यान रखें। इसमें पंचायत सचिव प्रभु राम, रोजगार सेवक गोविंदा पांडेय, जेएसपीएल के वैभवकांत आदि थे।

# एनसीपी के सक्रिय कार्यकर्ता के आकस्मिक निधन पर शोक



खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद प्रखंड एनसीपी के सक्रिय कार्यकर्ता 48 वर्षीय अशोक तिवारी का आकस्मिक निधन हो गया है। वह काफी दिनो से कैंसर से पीड़ित थे। उनके निधन की खबर मिलते ही एनसीपी कार्यकताओं व नेताओं में शोक व्याप्त है। उनके निधन पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने अशोक तिवारी के प्रति गहरी संवेदना जताते हुए उनकी आत्मा की शांति की कामना की। कहा कि अशोक तिवारी का निधन पार्टी के लिए अपूर्णीय क्षति है। अशोक तिवारी से उनका व्यक्तिगत लगाव था। एनसीपी नेता विनय कुमार सिंह ने अशोक तिवारी के निधन को अपूर्णीय क्षति बताया है। शोक सभा में उपस्थित नेताओ व कार्यकर्ताओं ने हुसैनाबाद स्थित पार्टी कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया। शोक सभा में दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति की कामना की। मौके पर एनसीपी नेता मनान खान, योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, राजकुमार ठाकुर, बालिस्टर सिंह, चंदन सिंह आदि थे।

# कन्या विवाह सोसाइटी व पलामू जिला बैडमिंटन एसोसिएशन करायेगा टूर्नामेंट



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी एवं पलामू जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में अंतर स्कूल बैडमिंटन टूर्नामेंट एवं अंतरजातीय सीनियर डबल प्राइजमनी टूर्नामेंट का आयोजन 20 जनवरी से होगा। सोसाइटी के अध्यक्ष विकास माली एवं पलामू जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव मनोज सिंह उर्फ बिल्लू सिंह ने प्रेस वार्ता कर कहा। उन्होंने कहा कि दो वर्ष कोरोना संक्रमण के कारण पलामू जिला में खेल की गतिविधियां थम गई थी।

खिलाड़ी भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन नहीं कर पा रहे थे। जिसे ध्यान में रखते हुए बैडमिंटन टूर्नामेंट कराने का निर्णय लिया गया। इस टूर्नामेंट का आयोजन पलामू क्लब इनडोर स्टेडियम में 20 जनवरी से 23 जनवरी तक कराया जाएगा। इसमें अंतर राज्य स्तर पर सीनियर डबल प्राइज मनी टूर्नामेंट एवं पलामू जिला के सदर प्रखंड अंतर्गत आने वाले सरकारी और गैर सरकारी विद्यालय महाविद्यालय के बच्चे भाग लेंगे।

# थाना प्रभारी से क्षेत्र की जनता को काफी उम्मीद है : गोपाल

- तरहसी चेंबर अध्यक्ष ने किया नये प्रभारी का स्वागत



खबर मन्त्र संवाददाता

**तरहसी पलामू।** तरहसी चेंबर अध्यक्ष गोपाल प्रसाद ने सोमवार को तरहसी थाना के नव पदस्थापित थाना प्रभारी जय प्रकाश पासवान को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया और नववर्ष की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि नये थाना प्रभारी से थ्क्षेत्र की जनता को काफी उम्मीदें हैं। थाना क्षेत्र में भयमुक्त वातावरण बनाने में अहम भूमिका होगी। क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था कायम रखेंगे। थाना प्रभारी जयप्रकाश पासवान ने चेंबर के पदाधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि ईमानदारी पूर्वक कार्य करते हुए क्षेत्र को भयमुक्त बनाना हमारी प्राथमिकता होगी। सभी लोगों को मिलाकर आपसी तालमेल का संबंध स्थापित कर विधि व्यवस्था को बनाए रखूंगा। मौके पर चंद्र देव पासवान, मनोज प्रसाद, अनूप प्रसाद, संजय प्रसाद आदि थे।

## बाइक की चोरी, मामला दर्ज

**पड़वा पलामू।** बाजार परिसर के झोपड़ी में खड़ी बाइक अज्ञात चोरों ने चुरा लिया। जानकारी के अनुसार पड़वा के मनोज मेहता अपनी बाइक (जेएच 03वी 2961) पड़वा बाजार परिसर स्थित सत्येंद्र मेहता की झोपड़ी में सुबह करीब 6:30 बजे खड़ा कर वीपीएम ज्ञान निकेतन स्कूल के बस में काम करने गया। ड्यूटी से शाम में करीब 4:30 बजे आया तो देखा कि बाइक गायब है।

## प्रखंड व संकुल स्तरीय रसोइया के बीच प्रतियोगिता आयोजित

**बिश्रामपुर (पलामू)।** प्रशिक्षण के बाद प्रखंड व संकुल स्तरीय कुकिंग रसोइया प्रतियोगिता हुई, जिसमें 195 रसोईया भाग लिये। सभी ने संकुल स्तर पर अलग-अलग बैठ विद्यालय के मध्याह्न भोजन तैयार किया। साथ ही व्यंजनों को चखते हुए प्रतियोगिता के लिए नामित किया। संकुल स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन दिखाने वाले विजेता रसोईया को एक हजार व उपविजेता को पांच सौ रुपए नगद व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# सभी किसान अपनी फसलों के उत्पादन क्षमता बढ़ायें : बीडीओ

- पिपरा में कृषि कर्मशाला आयोजित
- फसलों में अधिक उपज के लिए अपनायें 3 एम फॉर्मूला : बीटीएम

खबर मन्त्र संवाददाता

**पीपरा /हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड की प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिता केरकेट्टा कहा कि किसान अपनी फसलों में उत्पादन को बढ़ायें। इसके लिए कृषि उपकरण एवं तकनीक का सहारा लें। साथ ही कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि विभाग द्वारा फसलों को लगायें जाने संबंधी सलाह का अनुपालन करते हुए अगेती फसलों को लगायें, ताकि उत्पादन के साथ उत्पादन की अच्छी कीमत प्राप्त हो। प्रखंड विकास पदाधिकारी आज पिपरा प्रखंड में आयोजित



रबी कर्मशाला में किसानों को कृषि संबंधी सलाह दे रहीं थीं। उन्होंने किसानों को रबी कर्मशाला में सीखी बातों को अन्य किसानों को अवगत कराने की बातें कही, ताकि ज्यादा किसानों को इसका फायदा मिले।

# सतबरवा की नेहा ने राष्ट्रीय कबड्डी में गोल्ड जीतकर किया गौरवान्वित

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** पोंची गांव निवासी संजय राम की पुत्री नेहा कुमारी की टीम ने बीते दिनों कोलकाता में आयोजित राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में झारखंड राज्य की टीम में शामिल होकर फाइनल मैच में हरियाणा को पराजित कर झारखंड टीम को गोल्ड मेडल दिलाने में अहम भूमिका निभाई है जिससे सतबरवा के लोग गौरवान्वित महसूस कर रहे है। नेहा कुमारी का जन्म सतबरवा के पोंची गांव में हुई है जो एक गरीब परिवार से आती है।

### हरियाणा, पंजाब और बंगाल को हराया



कोलकाता में दिसंबर 2022 में आयोजित राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में पहला मुकाबला हरियाणा से, दूसरा मुकाबला पंजाब तथा तीसरा मुकाबला पश्चिम बंगाल से हुआ था। तीनों राज्यों के टीम को हराते हुए झारखंड राज्य की टीम फाइनल में पहुंची और फाइनल मैच में हरियाणा को हराकर झारखंड विजय हासिल करते हुए गोल्ड मेडल जितने में कामयाब रही। नेहा की जीत पर मनिका विधायक रामचंद्र सिंह समेत कई लोगों ने सम्मानित करने का कार्य किया है। झारखंड कबड्डी टीम में शामिल नेहा की जीत पर सतबरवा के लोगों में हर्ष है। इस खुशी की घड़ी में कई लोगों ने नेहा को शुभकामनाएं दी है। जिसमें पूर्व सांसद मनोज कुमार, पाटन-छतरपुर के विधायक पुष्पा देवी, डाल्टेनगंज -भंडरिया के विधायक आलोक कुमार चौरसिया, प्रखंड प्रमुख रीमा देवी ,उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव, जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी, पूर्व जिला परिषद सदस्य चिंता देवी, भाजपा नेता अवधेश सिंह चेरो, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, पोंची पंचायत के मुखिया गिरवर प्रसाद राम, पूर्व उपप्रमुख अशोक राम ,विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय पाठक, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष राजकुमार यादव प्रमोद यादव अजय उरांव समेत कई लोगों का नाम शामिल है।

वर्तमान में नेहा बरवाडी के मोरवाई कला गांव में रहकर पढ़ाई करती है। वह उत्क्रमित उच्च विद्यालय मोरवाई कला में दसवीं की छात्रा है। नेहा ने बताया कि कबड्डी में विद्यालय की ओर से दो लड़कियों का चयन लातेहार जिला स्तरीय टीम में हुआ था। गोमो में आयोजित जिला कबड्डी प्रतियोगिता में खेलने का मौका मिला जिसमें मेरी टीम पराजित हो गई थी। लेकिन मेरा प्रदर्शन को देखते हुए चयनकर्ताओं ने कोलकाता में आयोजित राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए झारखंड की टीम में मेरा चयन किया।

# दिवंगत विधायक विदेश सिंह की स्मृति में पांकी में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



उद्घाटन करते प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष व अन्य।

**पांकी पलामू।** स्थानीय सिंचाई विभाग के मैदान में दिवंगत विधायक विदेश सिंह की स्मृति में रविवार को नॉक आउट कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष मनोज सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके पूर्व मौके पर पहुंचे अतिथियों द्वारा विदेश सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। अध्यक्ष एवं अतिथियों ने टूर्नामेंट में पहुंचे सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

टूर्नामेंट का पहला मैच रांची एवं लोहरसी के बीच खेला गया जिसमें लोहरसी की टीम विजयी रही। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि ये टूर्नामेंट पिछले तीन वर्षों से युवा क्रिकेट क्लब पांकी के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इसमें प्रखंड ही नहीं बल्कि जिले के क्रिकेट खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिल रहा है जो बेहद खुशी की बात है। उन्होंने खिलाड़ियों को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से खेलने हेतु प्रेरित किया।

मौके पर टूर्नामेंट केअध्यक्ष अजहर ने बताया कि इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग ले रही है। विजेता टीम को 41,000 हजार रुपये के साथ ट्रॉफी एवं उपविजेता टीम को 21000 रुपए एवं ट्राफी दिया जायेगा। मौके पर पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद, उपप्रमुख अमीत सिंह, हफिजूल अंसारी, युवा समाजसेवी /माड़न मुखिया पति रफीक अंसारी उर्फ गांधी जी, पांकी पश्चिमी मुखिया पति नेहाल अंसारी, समाजसेवी एजाज खान, सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## बिराजपुर के छात्र-छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण

**गोमो।** तोपचांची स्थित पेमिया ऋषिकेश इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय बिराजपुर के छात्र-छात्राओं का औद्योगिक भ्रमण हुआ । जसमें उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र-छात्रों ने भाग लिया । इस दौरान प्रीत के शिक्षकों ने सभी लैब के बारे में विस्कृत जानकारी दी और कैरियर काउंसलिंग भी किया ।कॉलेज के प्रबंधन द्वारा छात्र- छात्राओं को पेन देकर सम्मानित किया गया । उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय ने शिक्षकों ने प्रीत के चेयरमैन श्री मथुरा प्रसाद महतो को बहुत बहुत धन्यवाद दिया कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का संस्था का खोलने के लिए एवं ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को इस तरह सुविधा उपलब्ध कराने के लिए । मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ विवेक कुमार , मैनेजमेंट हेड राजकुमार महतो ,संदीप कुमार महतो , प्रेमचंद महतो ,राजा कुमार ,राजीव रंजन ,विष्णु देव एवं आदि लोग उपस्थित थे।

## रूढिवाद के खिलाफ चलेगा अभियान

**बोकारो/कसमार।** डीवाईएफआई कसमार अंचल कमेटी की बैठक नावाडीह गांव में इमामुल हुसैन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से कसमार अंचल में एक हजार युवाओं को सदस्य बनाने एवं प्रत्येक पंचायत में कमेटी गठन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में पूर्व डीवाईएफआई के जिला अध्यक्ष कामरेड शकुर अंसारी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कहा कि युवाओं को सामाजिक कार्य से जोड़ने के लिए सबको शिक्षा सबको रोजगार के लिए खेल, कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने अभियान चलाया जायेगा। मौके पर जहाना परवीन, श्रीकांत महतो, मो इरफान, सुरज कुमार, साबिर शहंशाह, संतोष महतो, मिष्टीधर महतो, अरुण कुमार मौजूद थे।

## मानवाधिकार संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष बने सीए

**बेरमो।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के सुभाषनगर निवासी सह सीए अविनाश कुमार बने। कहा कि झारखंड राज्य में गरीबए निर्धन एवं पिछड़ी जातियों की आवाज को प्रशासन द्वारा दबाया जाता रहा है। गरीब वर्ग के लोग जब न्याय के लिए थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए जाता है तो उसे पुलिस डांटकर भगा देती है। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संघ गरीबों की आवाज बनकर झारखंड प्रदेश से लेकर दिल्ली तक गरीबों के न्याय की लड़ाई लड़ेगी और उस व्यक्ति को न्याय दिलाया जाएगा।

## साईं स्वर्ण रथ का झरिया में दर्शन को उमड़ी भीड़

**झरिया।** श्री सत्य साईं सेवा समिति द्वारा आज दूसरे दिन साईं स्वर्ण रथ का भ्रमण बनियाहिर, फूसवगला, भागा, जोरापोखर डिगवाडीह , अन्य जगहों पर भ्रमण किया गया। बाबा का रथ का स्वागत सभी स्थानों में भव्य रूप से किया गया। और बाबा का संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। शांति भाईचारे के उद्देश्य से रथ भ्रमण कर रहा है। साईं बाबा कहते हैं कि मानव सेवा ही माधव सेवा है। साईं बाबा का भजन मानस भज ले गुरु चरण दुष्तर भवसागर तर नम। भ्रमण के दौरान भक्तों ने बाबा का भजन गाकर और संदेश जन-जन तक पहुंचाया। कमेटी के भगवती प्रसाद मोदी, सत्यनारायण भोज गढ़िया, मोहित साव, प्रीतम गुप्ता, श्यामसुंदर तुलसियान, बैजनाथ साव, रवि साव मंजू देवी जया देवी रीना देवी सोनी देवी, आदि कमेटी के सदस्यों का सक्रिय सहयोग रहा।

## कसमार में जिप उपाध्यक्ष ने गरीबों को बांटा कंबल

**बोकारो/ कसमार।** कसमार प्रखंड के मुरहुलसुदी , बगदा तथा बरईकला पंचायत सचिवालय के सभागार में जरूरतमंद असहाय ,बेहद गरीब ,लाचार , वृद्ध , विकलांग लोगों के बीच 300 कंबलों का वितरण जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी ने जिला परिषद मद से किया।

# 182 महिला समेत 552 प्रशिक्षु आरक्षियों ने ली निष्ठापूर्वक कर्तव्य निर्वहन की शपथ

### सीएम हेमंत सोरेन ने ली पारण परेड की सलामी

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने प्रशिक्षण में जो हासिल किया हैए कर्त्तव्य जीवन में प्रवेश करने के उपरांत उससे अलग और हटकर भी कई चुनौतियां आपके सामने आएंगी। विशेषकर आप जिस क्षेत्र से जुड़ने जा रहे हैंए वहां चुनौतियों के साथ काफी जोखिम भी है । ऐसे में इन चुनौतियों और जोखिमों से निपटने में आपका बुद्धि विवेक और प्रशिक्षण काफी मायने रखेगा । मुझे उम्मीद है कि आप तमाम चुनौतियों और जोखिमों से सफलतापूर्वक निपटने में कामयाब रहेंगे। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज जैप.3 परेड ग्राउंडए गोविंदपुरए धनबाद में आईआरबी.9 के पारण परेड समारोह में नए जोशए उमंगए उत्साह और ऊर्जा से लबरेज प्रशिक्षु आरक्षियों को संबोधित करते हुए ये बातें कही। इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षु जवानों के आकर्षक मार्च पास्ट का निरीक्षण किया और सलामी ली। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने शहीद स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर अमर जवानों को नमन किया और सरना स्थल में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर विधायक टुंडी मथुरा प्रसाद महतोए पुलिस महानिदेशक नीरज सिन्हाए मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबेए एडीजीपी प्रशांत सिंहए उपायुक्त धनबादए श्री संदीप सिंहए डीआईजी जैपए सुनील भास्करए वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार ए पुलिस अधीक्षक गिरिडीह अमित रेणुए पुलिस अधीक्षक धनबाद आर रमेशनए समादेष्टा जैप.3 प्रियदर्शी आलोक और अन्य पुलिस पदाधिकारीए आईआरबी.9 के प्रशिक्षु आरक्षी एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।



### महिला सशक्तिकरण की कड़ी होगी मजबूत

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस बल के साथ अन्य क्षेत्रों में भी में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। महिलाएं अब पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं। इसे हम महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत पहल के रूप में देखते हैं और यह राज्य और देश के लिए सुखद संदेश है।

### प्रशिक्षण केंद्र में उपलब्ध होंगी सुविधाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन .जिन प्रशिक्षण केंद्रों में मुझे जाने का मौका मिला हैए वहां आधारभूत संरचना और मूलभूत सुविधाएं नहीं होने की जानकारी मिली। ऐसे में सरकार ने इसे पूरी गंभीरता के साथ संज्ञान में लिया है। अगले 2 वर्षों के अंदर सभी पुलिस प्रशिक्षण केंद्रों का व्यापक जीर्णोद्धार किया जाएगा । ताकिए बेहतर माहौल में बेहतर तरीके से प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन हो सके।

### 552 आरक्षियों को मिला बुनियादी प्रशिक्षण

झारखंड सशस्त्र पुलिस. 3 जैप प्रशिक्षण केंद्र में इंडिया रिजर्व बटालियन.9 आईआरबी गिरिडीह के 512 आरक्षियों ने 215 दिनों का बुनियादी प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त किया है । इनमें 182 महिला आरक्षी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने समारोह में श्रेष्ठ प्रशिक्षक के रूप में हवलदार प्रणेन्द्र कुमार सिंहए बेस्ट कैडेट ;महिलाद्ध प्रतिमा सिंह और बेस्ट कैडेट पुरुष रामकुमार बेदिया को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

## माइक्रो फाइनेंस कंपनी में काम करने वाले दो युवकों की दम घुटने से मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** सोमवार को कतरास थाना क्षेत्र के आमटांड बस्ती में उस वक्त अफरातफरी मच गई ,जब लोगों को पता चला कि माइक्रो फाइनेंस कंपनी में काम करने वाले दो युवकों की मौत दम घुटने कारण हो गई है। बताते चलें कि कतरास थाना क्षेत्र के आमताड बस्ती में भुनेश्वर प्रसाद बरनवाल के मकान में किराएदार के रूप में रह रहे कृष्णकांत तिवारी और पवन तिवारी जो निदान म्युचुअल बेनिफिट निधि लिमिटेड नाम से माइक्रो फाइनेंस कंपनी चलाते थे। रात में खाना खाने के बाद दोनों युवक अपने कमरे को गर्म रखने के लिए चुल्हे को कमरे के अंदर रख दरवाजा बंद कर लिया। सुबह जब काफी देर तक दोनों युवकों ने दरवाजा नहीं खोला तब मकान मालिक द्वारा दरवाजा तोड़ा गया, तो देखा गया कि दोनों युवक बेसुध पड़े हुए हैं। मकान मालिक द्वारा तुरंत कतरास थाना को सूचना दी गई ।मौके पर कतरास थाना के सब इस्पेक्टर दिलीप टुडू अपने दल बल के साथ पहुंचकर दोनों शव को कब्जे में लिया एवं मामले की जांच पड़ताल में जुट गए हैं। सब इंस्पेक्टर दिलीप टुडू ने बताया कि कमरे के अंदर चूल्हा रखा हुआ था और कमरे के अंदर एक भी वेंटीलेटर और खिड़की नहीं है। संभवत दम घुटने के कारण दोनों युवकों की मौत हुई है । दोनों युवक बिहार के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

## तोपचांची में विस्फोट: जगुआर की टीम ने मारा छापा, 264 पीस जिलेटिन बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोमो।** रविवार को तोपचांची गोमो रोड सब्जी बाजार में जो विस्फोट हुआ था उस मामले को लेकर पुलिस ने आरोपी के घर पर छापेमारी की है। जहां से भरी मात्रा में विस्फोटक मरामद की गई है। गोमो लोको बाजार स्थित शिव मंदिर गली में आरोपी पिन्टु कुमार वर्णवाल के घर से दोपहर तीन बजे रांची से झारखंड जैगवार (एसटीएफ) की टीम पहुंची। इस दौरान घर से 264 पीस पावर जिलेटिन बरामद किया गया है। यह जिलेटिन दो बोरा में रखा हुआ था ।बोरा मे एक पर गोमिया तथा दुसरे पर वर्धवान लिखा है। अभी फिलहाल आरोपी के घर को पुलिस के द्वारा सील कर दिया गया है। प्राप्त जिलेटिन को पुलिस अपने साथ लेकर चली गई है। फिलहाल मामले को लेकर पुलिस कुछ भी कहने से बचती नजर आ रही है।



### 9 सूत्री मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बेरमो/ललपनिया।** आदिवासी कुड़मि समाज केंद्रीयसमिति के निदेर्शानुसार बोकारो जिला समिति द्वारा बोकारो जिला समाहरणालय में सोमवार को माननीय प्रधानमंत्री के नाम बोकारो उपायुक्त को 9 सूत्री माँग पत्र सौंपा। सौंपे पत्र में कुड़मि जनजाति समुदायको अनुसूचित जनजाति के सूची में सूचीबद्ध करने की मांग की ग़ई है।

## सिंह मेंशन समर्थक को मारी गोली, स्थिति गंभीर

खबर मन्त्र संवाददाता



**झरिया।** तिसरा थाना मोड़ के पास रविवार रात एक बजे के लगभग अविनाश सिंह उर्फ सोनू को गोली मार दी गयी थी। जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते परिजनों द्वारा दुगार्पुर स्थित हेल्थ वर्ल्ड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों की पूरी टीम अविनाश के इलाज में जुटी हुई है। वही मामले की जानकारी मिलते है भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती रागनी सिंह दुगार्पुर स्थित हेल्थ वर्ल्ड हॉस्पिटल पोहुची और डॉक्टरों से घायल अविनाश का हाल चाल जाना। वही भाजपा नेत्री रागनी सिंह ने अविनाश के परिजनों से मिल हिम्मत व हौशला बढ़ाया साथ ही पुलिस प्रशासन पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि तिसरा थाना के मात्र 200 मीटर की दूरी पर मनबढ़ुओ द्वारा सरेआम गोलियां चलाई जाती है और प्रसासन हाथ पर हाथ धर बैठे रहता है, सता के दवाब में प्रशासन बोना बना बैठा है, भाजपा के कार्यकर्ता सोनू सिंह पर रंगदारी को लेकर गोली मारी गई लेकिन स्थानीय प्रशासन अभी तक इस मामले में जू तक नही रेंगी है, रागिनी सिंह ने कहा कि पूरे धनबाद में सत्ता पार्टी के रघुकुल घराना के दो जगह रंगदारी पहुंचाया जाय तभी लोग चैन से जी सकते है। नही तो हत्या लूट चोरी जैसी घटनाएं करने पर ये लोग उतारू है। वही गाल सोनू की मां मीना सिंह ने कहा कि हमारा बेटा सोनू कोयला काम करता था, पिछले कई दिनों से उसे लगातार जान मारने की धमकी मिल रही थी, कल शाम को ही एकलव्य सिंह अपने समर्थकों के साथ तीसरा में घूम रहे थे। ओ जानते थे आज सोनू कोयला गाड़ी निकलवाना वाला है जिसको लेकर सोनू को इस बात की भनक लगी और थाना जाने से पहले ही एकलव्य सिंह और उसके समर्थक गोलियों की बौछार कर दिये।

## झारखंड सूंड़ी समाज कल्याण समिति तोपचांची का सम्मेलन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोमो।** तोपचांची मेदैयडी ग्राम में झारखंड सूंड़ी समाज कल्याण समिति तोपचांची सह चंद्रपुरा प्रखंड का सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष श्री विजय मंडल एवं संचालन श्रीकांत मंडल ने किया। सभा के माध्यम से तोपचांची प्रखंड में 10 सूत्री कार्यक्रम को प्रत्येक गांव में प्रत्येक महीने बैठकर क्रियान्वयन करने की घोषणा किया गया। सम्मेलन में सूंड़ी जाति को झारखंड में अनुसूचित जाति की सूची में अविलम्ब शामिल करने की मांग सरकार से किया गया नहीं तो सूंड़ी जाति के लोग जोरदार आंदोलन करेंगे। विधवा विवाह दोनों पक्षों की सहमति होने पर समाज के द्वारा सम्मानित किया जाएगा एवं मृत्यु भोज को अभिलंब बंद करने का निर्णय लिया गया। श्मशान भोज को एक बढ़ता हुआ कुरिती बताते हुए जल्द रोकने पर विचार किया गया। दहेज मुक्त शादी करने वाले वर-वधू को सम्मानित किया जाएगा, सभी बेटी को उच्च शिक्षा प्रदान कराने को समाज आगे आयेगा।

## टुंडी में कांग्रेस पार्टी का चलें गांव की ओर कार्यक्रम शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**टुंडी।** सोमवार को धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में संगठनात्मक मजबूती को लेकर टुंडी प्रखंड का दो दिवसीय दौरा की शुभारंभ कर कांग्रेस चलें गांव की ओर कार्यक्रम आयोजित कर लुचिरायडीह, कमारडीह,लूकंईया, रतनपुर और टुंडी पंचायत के विभिन्न गांवो मे ग्रामीणों के साथ आमसभा की गई एवं रात्रि में विश्राम कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी संगठन सशक्तिकरण को लेकर कांग्रेस पार्टी जिला के सभी विधानसभा के पंचायत एवं गावों में ग्रामीणों के साथ संवाद व सम्पर्क स्थापित कर कांग्रेस पार्टी के द्वारा देशहित में की गई उपलब्धि के साथ-साथ पार्टी के विचारधारा से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का संकल्प लिया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष आनंद मोदक संचालन अरशद कलीम ने किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो, कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी, शंकर प्रजापति, अनिल साव, राजु दास, इरफान खान चौधरी, जहीर अंसारी, जावेद रजा मौजूद थे।

## डीजीएमएस के बयान से रेल आंदोलनकारियों में आक्रोश

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** धनबाद चन्द्रपुरा डीसी लाइन पर डीजीएमएस के महानिदेशक के ब्यान पर विरोध जताते हुए कतरास के रेल आन्दोलनकारी विजय कुमार झा ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बीसीसीएल और डीजीएमएस के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। रेल आन्दोलनकारी विजय कुमार झा ने अपने अवासीय कार्यालय मे सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा की डीजीएमएस का काम है आने वाली विपदा से आम जनजीवन को कैसे बचाया जाए न की आग के बहाने जनाता को डराने का काम करे। डिसी रेल्वे लाईन को कैसे सुरक्षित किया जाए और आगे कैसे सुचारु रुप रेल मार्ग की वजह से आम लोग कैसे लाभान्वित हो इसके लिए डीजीएमएस जैसी बड़ी संस्था की स्थापना धनबाद मे की गई है। बीसीसीएल डीजीएमएस फिर से धनबाद-चंद्रपुरा रेल लाइन पर षड्यंत्र कर रहा है। उन्होंने कहा कि रेल लाइन से लाखों लोगों को रोजी-रोजगार जुड़ा हुआ है। इसलिए इस रेल लाइन को चालु रखना ही एक मात्र विकल्प है। लगभग एक सौ 125 वर्षों से सुरक्षित एवं दूर्घटना रहित परिचालन होते आ रहा है।डीजीएमएस को यदि कहीं असुरक्षा का आशंका है तो उसे सुरक्षित रखने का काम करना चाहिए भूमिगत प्राकृतिक नहीं कृत्रिम रूप है। उन्होंने कहा कि रेल्वे ट्रैक पूरी तरह सुरक्षित है। इस लाइन को आग से नहीं बल्कि ट्रैक के नीचे सुरक्षित पडा हुआ कोयलें की लालच से खतरा है । रैक परिचालन एवं आम जनता के लिए लाइफ लाइन है।



## बैडमिंटन टूर्नामेंट के विजेता प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** छाताबाद में रविवार को फ्लोरेस क्लब के तत्वाधान में ताहिर अली मेमोरियल चार दिवसीय डबल चौंपियनशिप बैडमिंटन टूनामेंट का फाइनल मैच सिनियर टीम विशाल -आयूष बनाम राजू -छोटू के बीच खेला गया। जिसमें सिनियर ग्रुप ने21.18 से पराजित कर ट्राफी पर कब्जा जमाया.वही जूनियर ग्रुप ने 15.12 से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। मुख्य अतिथि समाजसेवी औरंगजेब खान एवं शाहिद कमर ने विजेता टीम को ट्राफी दिया.वही उप विजेता को कांग्रेसी नेता अशोक लाल एवं अधिवक्ता दीपनारायण भट्टाचार्या ने ट्रॉफी देकर पुरुस्कृत किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि वरीय चिकित्सक डॉ उमाशंकर सिंह,बार एसोसिएशन के महासचिव जितेन्द्र सिंह, मुन्ना सिद्दीकी, शौकत खान.पार्षद प्रतिनिधि मासूम खान के अलावे फ्लोरेंस क्लब के गुड्डु अंसारी, शाहनवाज अंसारी, अंसारी, अब्दुल रशीद ,छोटू ,राजू, अरमान, हाफिज इनामुल, चिंटू, शमीम, माइकल, जावेद, फिरोज, यासीन, जॉनी, नदीम, नवाब आदि की भूमिका अहम रही।



एक नजर में

## हर्ल सिंदरी में नीमकोटेड यूरिया का उत्पादन शुरू

**सिन्दरी ।** हर्ल सिन्दरी खाद कारखाने में विगत 7 नवंबर के यूरिया उत्पादन के लगभग दो महीने बीत जाने के बाद हर्ल में रविवार की देर रात दस बजे पुनः नीमकोटेड यूरिया व अमोनिया का उत्पादन शुरू हुआ। इसके पूर्व नीमकोटेड यूरिया व अमोनिया का उत्पादन के बाद 8 नवंबर को धनबाद उपायुक्त संदीप सिंह ने भी कारखाने का निरीक्षण किया था। इसके बाद कारखाना में तीन दिन लगातार उत्पादन के बाद से यूरिया का उत्पादन ठप्प पड़ा हुआ था। इसको लेकर हर्ल प्रबंधन राजनीतिक दलों द्वारा उत्पन्न किए गए धरना प्रदर्शन व चक्का जाम को उत्पादन में बाधा बता रही थी। हर्ल सिन्दरी सिनियर वाइस प्रेसिडेंट दिप्तेन राय ने बताया कि नीमकोटेड यूरिया का उत्पादन रविवार की देर रात दस बजे से पुनः शुरू हो गया है। वहीं अमोनिया का उत्पादन भी लगातार जारी रहा। समाचार लिखे जाने तक हर्ल सिन्दरी कारखाने में शुरू हुए उत्पादन में 700 मिट्रीक टन नीमकोटेड यूरिया का उत्पादन किया जा चुका था। ट्रक से सड़क मार्ग के द्वारा यूरिया डिस्पैच के बाद अब रेलवे द्वारा डिस्पैच की तैयारी पर प्रबंधन जोर लगा रही है।

## माता सावित्री बाई फुले की 192वीं जयंती मनी



**पुटकी।** लोयाबाद कोकप्लान्ट दुर्गा मंदिर प्रांगण में अनुसूचित जाति/जनजाति संगठन के अखिल भारतीय परिसंघ धनबाद जिला इकाई महिला वर्ग की ओर से माता सावित्रीबाई फुले का 192 जन्म उत्सव कार्यक्रम का आयोजन श्रीनिवास रजवार ने द्वारा किया गया ।वही महिला मोर्चा के अध्यक्ष सुनीता देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला विंग गीतांजली बरूवा एवं विशिष्ट अथिति छोटु राम ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का दौर बाबा साहेब भीम राव अम्बेदकर जी का दौर में शिक्षित बनो, संघर्ष करो,संगठित बनो ओर शिक्षा जगत को जगाने वाली माता सावित्री ने भी जन संघर्ष किया ।और अपने पीछे पीढ़ी को जगाने का काम कर गई ।जिसको आने वाले पीढ़ी भी याद करेगी। वही इस कार्यक्रम में स्थानियो के बीच उपप्रमुख मनीषा सिंह, पूर्व प्रखंड प्रमुख भानु प्रताप, स्थानीय मुखिया कुसुम देवी के द्वारा कम्बल भी बितरण किया गया ।ओर कार्यक्रम धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सचिव गुड़िया देवी ने किया ।मौके पर शिव शंकर पासवान, जयप्रकाश पासवान,उमा देवी,शंकर पासवान,सरजू रविदास,बिनोद रजवार, अजित पासवान, रंधीर कुमार, प्रकाश पासवान, भुनेश्वर रविदास, अमल दास,वंशीधर रॉय, देवेन्द्र पासवान आदि सैकड़ो गण्यमान लोग मौजूद थे।

## पेज एक का शेष

### धर्मांतरण गंभीर मुद्दा : सुप्रीम कोर्ट

शीर्ष अदालत ने हाल ही में कहा था कि जबरन धर्मांतरण राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकता है और नागरिकों की धार्मिक स्वतंत्रता को प्रभावित कर सकता है। इसने केंद्र से ₹बेहद गंभीर₹ मुद्दे से निपटने के लिए गंभीर प्रयास करने को कहा था। अदालत ने चेतावनी दी थी कि अगर धोखे, प्रलोभन और भय-धमकी के जरिए कराए जाने वाले धर्मांतरण को नहीं रोका गया तो बहुत मुश्किल स्थिति' पैदा हो जाएगी।

**धर्मांतरण रोकने के उपाय बतायें**

सोमवार को पीठ ने इस मामले में वेंकटरमणी से अदालत मित्र के रूप में सहायता करने को कहा। इसने कहा, हम आपकी सहायता भी चाहते हैं, अटॉर्नी जनरल। बल, लालच आदि द्वारा धर्मांतरण -कुछ तरीके हैं, और यदि प्रलोभन द्वारा कुछ भी ऐसा हो रहा है, तो क्या किया जाना चाहिए? सुधारात्मक उपाय क्या हैं?' शुरूआत में, तमिलनाडु की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पी विल्सन ने याचिका को राजनीतिक रूप से प्रेरित जनहित याचिका कहा। पीठ ने इस पर आपत्ति जताते हुए टिप्पणी की, आपके इस तरह उत्तेजित होने के अलग कारण हो सकते हैं। अदालती कार्यवाही को अन्य चीजों में मत बदलिए। हम पूरे राज्य के लिए चिंतित हैं। अदालत अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें छलपूर्ण धर्मांतरण को नियंत्रित करने के लिए केंद्र और राज्यों को कड़े कदम उठाने का निर्देश देने का आग्रह किया गया है।

### जोशी मठ आपदा संभावित क्षेत्र घोषित

जोशीमठ के लिए आज हर कोई मिलकर प्रार्थना कर रहा है। पूरा शहर बर्बाद हो रहा है। जमीनोजद हो रहे इस शहर को अब बचा पाना कठिन सा लग रहा है। वहीं आदि गुरु शंकराचार्य मठस्थली भी भू-धंसाव का शिकार होने लगी है। मठस्थली में मौजूद शिव मंदिर करीब छह इंच धंस गया है। और यहां रखे हुए शिवलिंग में दरारें आ गयी हैं। मंदिर के ज्योतिर्मठ का माधवाश्रम आदि शंकराचार्य ने बसाया था। यहां देशभर से विद्यार्थी वैदिक शिक्षा व ज्ञानार्जन के लिए आते हैं। वर्तमान में भी 60 विद्यार्थी यहां शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। दरअसल आदि गुरु शंकराचार्य मठस्थली के भीतर ही शिवमंदिर है। इस मंदिर में कई लोगों की मान्यता है । वर्ष 2000 में शिवलिंग जयपुर से लाकर स्थापित किया गया था।

**सीएम ने की उच्चस्त्रीय बैठक**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को हाईलेवल मीटिंग में स्थिति की समीक्षा की। मीटिंग में चमोली के जिलाधिकारी और गढ़वाल के कमिश्नर के साथ आपदा प्रबंधन विभाग के बड़े अधिकारी भी शामिल थे। इस मीटिंग में हालातों से निपटने पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी भी इसकी निगरानी कर रहे हैं और हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। चमोली जिले में समुद्र तल से 1,800 मीटर की ऊंचाई पर स्थित जोशी मठ पहाड़ी शहरी इलाका है। पिछले दिनों जमीन धंसने से इस इलाके में बड़ी संख्या में मकानों नुकसान हो रहा है।

**सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई**

उच्चतम न्यायालय मंगलवार को उत्तराखंड के जोशीमठ में जमीन धंसने से प्रभावित सैंकड़ों परिवारों को वित्तीय मदद और मुआवजा सुनिश्चित करने का निर्देश देने की मांग वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सोमवार को विशेष उल्लेख के दौरान कहा कि वह जोशीमठ से संबंधित स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती द्वारा दायर याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करेगा। पीठ ने उनकी इस गुहार को स्वीकार करते मंगलवार को के लिए मामले को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

### भूख से मरने की कगार पर पाकिस्तान

अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आइएमएफ) की तरफ से अभी तक सिर्फ आधा फंड ही पाकिस्तान को मिल सका है। जबकि यह बात दुनिया जानती है कि कितनी मुश्किल से वह आईएमएफ के साथ डील कर पाया था। आईएमएफ के प्रतिनिधिमंडल ने देश के वित्त मंत्री से मुलाकात की है। यह मुलाकात जनवरी को जेनेवा में हो रहे एक कार्यक्रम से इतर हुई है। पाकिस्तान को आईएमएफ से बेलआउट पैकेज हासिल करने में काफी संघर्षों से गुजरना पड़ रहा है। पाकिस्तान ने आईएमएफ से छह अरब डॉलर की मदद मांगी थी। अभी तक इस मदद में 1.1 अरब डॉलर की मंजूरी नहीं मिली है। यह रकम नवंबर में ही मिल जानी थी। पीएम शहबाज ने आईएमएफ की मुखिया क्रिस्टिना जियारेगाइवा से मुलाकात भी की थी। शहबाज ने इस सहायता राशि को जल्द से जल्द रिलीज करने की मांग की थी। आइएमएफ की तरफ से नौवा रिव्यू अभी बाकी है और इसके बाद ही पाकिस्तान को मदद मिल सकती है।

